नई दिल्ली, मंगलवार, 25 नवंबर 2025
मार्गशीर्ष मास शुक्ल पक्ष,
पंचमी वर्ष : 29, अंक : 222
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम
अधि. 23.0
न्यून. 11.0

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com



07 प्रांजलि का शानदार प्रदर्शन, जीता दूसरा गोल्ड मेडल, टॉप-5 में भारत




हरियाणा सरकार
Ministry of External Affairs
Government of India
सर्वधर्मान्परित्यज्य मामेकं शरणं व्रज।
अहं त्वा सर्वपापेभ्यो मोक्षयिष्यामि मा शुचः ॥
भगवद्गीता 18.66
सम्पूर्ण कर्तव्य कर्मों का आश्रय छोड़कर तू केवल मेरी शरण में आ जा।
मैं तुझे सभी पापों से मुक्त कर दूंगा, शोक मत कर।
Abandoning all duties, come to Me alone for shelter.
Be not grieved, for I shall release you from all evils.
अंतरराष्ट्रीय
गीता महोत्सव
2025
15 नवम्बर - 5 दिसम्बर
अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव
(कर्तव्यनिष्ठा, शांति, सद्भाव एवं स्वदेशी की प्रेरणा)
15 नवम्बर - 5 दिसम्बर, 2025 । कुरुक्षेत्र
इस अवसर पर
श्री नरेन्द्र मोदी
प्रधानमंत्री के द्वारा
ज्योतिसर पंचजन्य स्मारक का उद्घाटन
महाभारत पर केंद्रित ज्योतिसर अनुभव केंद्र का अवलोकन
आरती एवं पूजा-अर्चना
पुरुषोत्तमपुरा बाग, ब्रह्म सरोवर
अध्यक्षता
प्रोफेसर असीम कुमार घोष
राज्यपाल, हरियाणा
गरिमामयी उपस्थिति
श्री नायब सिंह सैनी
मुख्यमंत्री, हरियाणा
25 नवम्बर, 2025
सायं 5:30 बजे
ज्योतिसर, कुरुक्षेत्र
आप सभी सादर आमंत्रित हैं
सूचना, लोक संपर्क तथा भाषा विभाग, हरियाणा
www.prharyana.gov.in
Follow us on
@diprharyana

नई दिल्ली, मंगलवार, 25 नवंबर 2025
मार्गशीर्ष मास शुक्ल पक्ष,
पंचमी वर्ष : 29, अंक : 222
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम
अधि. 23.0
न्यून. 11.0

हरिभूमि
दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com



07 भारत को क्लीन स्वीप का खतरा, यानसन का कहर, दक्षिण अफ्रीका के पास 314 रन की लीड




# 350वां शहीदी दिवस

## श्री गुरु तेग़ बहादुर जी

भाई मती दास जी,
भाई सती दास जी,
भाई दयाला जी



### श्री आनंदपुर साहिब में होने वाले समागमों का विवरण

**25 नवंबर, 2025**

- श्री अखंड पाठ साहिब के भोग की संपूर्णता
- राज्य स्तरीय रक्तदान मुहिम
- 3.50 लाख पौधे लगाने की राज्य स्तरीय मुहिम
- गुरुवाणी कीर्तन
- सरबत दा भला एकत्रता
- ड्रोन शो

### श्री अमृतसर साहिब अंदरून सिटी, तलवंडी साबो और श्री आनंदपुर साहिब को पवित्र शहर का दर्जा दिया गया

### शहीदी दिवस को समर्पित पंजाब सरकार द्वारा आयोजित कार्यक्रम और पहलकदमियां

- पंजाब सरकार द्वारा नौवें पातशाह श्री गुरु तेग़ बहादुर जी के शहीदी दिवस को समर्पित विभिन्न राज्यों में कार्यक्रम आयोजित किए गए
- कार्यक्रमों की शुरुआत गुरुद्वारा श्री शीश गंज साहिब, नई दिल्ली से की गई
- गुरुद्वारा श्री रकाब गंज साहिब में विशाल कीर्तन दरबार का आयोजन किया गया
- श्री गुरु तेग़ बहादुर जी के चरण-स्पर्श प्राप्त 142 गाँवों और शहरों के विकास के लिए 71 करोड़ रुपये प्रदान किए गए। प्रत्येक गाँव और शहर को 50 लाख रुपये दिए गए

  1 नवंबर से पंजाब के सभी ज़िलों में लाइट एंड साउंड शो आयोजित किए गए, जो अब श्री आनंदपुर साहिब में करवाए जा रहे हैं, जिनमें श्री गुरु तेग़ बहादुर जी के महान जीवन और दर्शन को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया गया
- गुरु साहिब जी के चरण-स्पर्श प्राप्त नगरों और शहरों में कीर्तन कार्यक्रम आयोजित किए गए
- 18 नवंबर को श्रीनगर (जम्मू-कश्मीर) में कीर्तन दरबार आयोजित किया गया। 19 नवंबर को श्रीनगर से नगर कीर्तन सजाया गया। 20 नवंबर को तलवंडी साबो, फ़रीदकोट और गुरदासपुर से तीन नगर कीर्तन सजाये गये। ये चारों नगर कीर्तन 22 नवंबर की शाम और 23 नवंबर को अमृत वेले के समय श्री आनंदपुर साहिब पहुँचकर सम्पन्न हुए।
- श्री आनंदपुर साहिब में बड़ी संख्या में पहुँचने वाले श्रद्धालुओं के ठहरने के लिए टेंट सिटी बना ई गई, जिसका नाम 'चक्क नानकी' रखा गया है
  - इस पवित्र नगरी में सर्व-धर्म सम्मेलन आयोजित किया गया
  - गुरु साहिब के जीवन और दर्शन को दर्शाती प्रदर्शनी और ड्रोन शो आयोजित किए गए
  - कीर्तन दरबार, कथा, गत्तका और गाइडेड टूर का आयोजन किया गया

**आइए, श्री आनंदपुर साहिब में नतमस्तक हों**

सूचना एवं लोक संपर्क विभाग, पंजाब

## खबर संक्षेप

### दीनबंधु सर छोटूराम की जयंती पर श्रद्धांजलि

**गाजियाबाद।** दीनबंधु सर छोटूराम जी की जयंती पर भारतीय किसान यूनियन सर छोटूराम को कार्यालय



पर हवन कर पुष्पांजलि अर्पित की गई। जिसमें मुख्य रूप से राष्ट्रीय अध्यक्ष आनंद चौधरी, राष्ट्रीय महासचिव अजय प्रमुख, राष्ट्रीय सचिव धर्मेंद्र चौधरी, राष्ट्रीय सचिव सोनवीर खुटैल आदि सैकड़ों की संख्या में लोगों की उपस्थिति रही। उनके महान योगदान का अभिवादन करते करते हुए उन्हें याद किया।

### यातायात नियमों बारे किया जा रहा है जागरूक

**फरीदाबाद।** यातायात पुलिस फरीदाबाद ने लोगों को यातायात नियमों के बारे में जागरूक करने के



साथ-साथ यातायात नियमों की अवहेलना करने वालों के विरुद्ध भी कार्यवाही की जा रही है। पिछले 10 महीनों में यातायात पुलिस फरीदाबाद द्वारा कुल 6,20,406 चालान किए गए हैं, जो शहर में यातायात व्यवस्था को सुरक्षित और सुचारू बनाने के प्रति पुलिस की प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं।

### मुनाफे का प्रलोभन देकर 1.18 लाख ठगे

**गुरुग्राम।** साइबर क्राइम मानेसर एरिया में जालसाज ने ट्रेडिंग में मुनाफे का प्रलोभन देकर युवक से




1.18 लाख रुपए की ठगी कर ली। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर छानबीन शुरु कर दी।पुलिस को दी शिकायत में विजय ने बताया कि 6 नवंबर को उसके मोबाइल पर अनजान नंबर से कॉल आई थी। कॉलर ने खुद को ट्रेडिंग एक्सपर्ट प्रवीन बताया।

### फर्जी स्क्रीन शॉट भेज 41 लाख की धोखाधड़ी


**फरीदाबाद।** फरीदाबाद पुलिस की धोखाधडी करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई लगातार जारी है, इसी क्रम



में शादी के लिए होटल बुक कर भुगतान के फर्जी स्क्रीनशॉट भेज धोखाधड़ी के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पाखल ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि एक व्यक्तिनीरज ठाकुर ने 14 से 17 नवम्बर तक शादी के लिए होटल की 97,22,690 रुपए में बुकिंग की थी।

### अलग-अलग मामलों में दो वाहन चोर गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** फरीदाबाद पुलिस की विभिन्न टीमों ने दो वाहन चोरों को गिरफ्तार कर दो चोरी की बाइक



बरामद की हैं। अपराध शाखा ऊँचा गांव एनआईटी की टीम ने साहिल को सेक्टर-45 ग्राउड से गिरफ्तार किया है, जिससे एक चोरी की बाइक बरामद हुई है। अपराध शाखा एवीटीएस 2 की टीम ने ऑटो चोरी के मामले में राहुल को गिरफ्तार कर एक चोरी की बाइक बरामद किया है।

### डिलीवरी बॉय पर कुल्हाड़ी से कातिलाना हमला

**गुरुग्राम।** सेक्टर-10 थाना एरिया के शक्ति पार्क में कार में सवार होकर आए युवकों द्वारा डिलीवरी



बॉय पर कुल्हाड़ी व लाठी-डंडे से कातिलाना हमला करने का मामला सामने आया है। हमलावरों ने युवक को गंभीर रूप से घायल कर दिया और भाग गए। घायल को निजी अस्पताल में भर्ती कराया है। वहीं हमले की पूरी वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। पुलिस ने 8 पर केस दर्ज किया है।

# लिव इन में रह रहे युवक ने फंदा लगाकर की खुदकुशी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

बजघेड़ा थाना एरिया के न्यू पालम विहार में लिव इन में रह रहे एक युवक ने कमरे में फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया और घटनास्थल का एफएसएल व फिंगर प्रिंट विशेषज्ञों की टीम से निरीक्षण कराया। पुलिस ने शव का मोर्चरी में रखवा दिया था। मथुरा निवासी गौरव (29) की कई साल पहले शादी हो चुकी थी और उसके दो बच्चे भी हैं। वह करीब 10 माह पहले गुरुग्राम में आया था और कैब चलाने का काम करता था। वह अपनी कैब से क्लब डांसर पायल को क्लब में छोड़ने जाता था। दोनों ने एक-दूसरे के मोबाइल नंबर लेकर बातचीत भी शुरू कर दी थी। इसके बाद गौरव व पायल के बीच प्रेम प्रसंग होने पर वे न्यू पालम विहार में किराए के कमरे में लिव इन में रह रहे थे। गौरव के परिजनों का आरोप है कि पायल अक्सर गौरव के साथ झगड़ा व मारपीट करती थी। वह गौरव को उसके घर भी नहीं जाने देती थी।

# गाजियाबाद में खुली एंटी करप्शन यूनिट,एडीजी ने किया कार्यालय का उद्घाटन, पीड़ितों को राहत

यूनिट के शुरू होने के बाद अब जिले के लोगों को भ्रष्टाचार की शिकायत दर्ज कराने के लिए मेरठ स्थित एंटी करप्शन मुख्यालय नहीं जाना पड़ेगा। अधिकारियों का मानना है कि इससे मामलों की सुनवाई और कार्रवाई की प्रक्रिया में काफी तेजी आएगी और पीड़ितों को बड़े स्तर पर राहत मिलेगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

गाजियाबाद पुलिस ने भ्रष्टाचार पर नकेल कसने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाया है। कमिश्नरेट पुलिस ने सोमवार को पुलिस लाइन परिसर में एंटी करप्शन यूनिट का विधिवत शुभारंभ किया। एडीजी के. सत्यनारायण ने पुलिस लाइन में यूनिट का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि इस यूनिट के शुरू होने के बाद अब जिले के लोगों को भ्रष्टाचार की शिकायत दर्ज कराने के लिए मेरठ स्थित एंटी करप्शन मुख्यालय नहीं



जाना पड़ेगा। अधिकारियों का मानना है कि इससे मामलों की सुनवाई और कार्रवाई की प्रक्रिया में काफी तेजी आएगी और पीड़ितों को बड़े स्तर पर राहत मिलेगी।

### यूनिट से पुलिस तंत्र में पारदर्शिता बढ़ेगी

कार्यक्रम में एडिशनल पुलिस कमिश्नर गाजियाबाद केशव कुमार चौधरी, एडिशनल पुलिस कमिश्नर आलोक प्रियदर्शी, डीसीपी निमिष पाटिल, एसीपी लिपि नगायच सहित कई वरिष्ठ अधिकारी शामिल रहे। एडिशनल पुलिस कमिश्नर केशव चौधरी ने कहा कि इस यूनिट से पुलिस तंत्र में पारदर्शिता बढ़ेगी और भ्रष्टाचार रोकने के लिए प्रभावी रणनीति बनाने में मदद मिलेगी।

### महापौर ने नगर निगम की भूमि को लेकर प्रशासन व अधिकारियों के साथ की बैठक

# नगर निगम की 1 इंच भूमि भी नहीं कब्जा कर पाएंगे भूमाफिया

महापौर ने उपजिलाधिकारी सदर एवं नगर निगम के अधिकारियों के साथ अपने कैम्प कार्यालय पर बैठक की। जिसमे सिहानी स्थित भूमि,मरियम नगर नंदग्राम,कैला भट्टा, अर्थला, रजापुर, अकबरपुर बेहरामपुर, सदरपुर, न्यू हिण्डन विहार सुदामापुरी एवं अन्य स्थानों पर स्थित नगर निगम की भूमियों के विषय मे विस्तार से चर्चा की।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद।

महापौर सुनीता दयाल ने सोमवार को भूमि पर अवैध कब्जों को लेकर प्रशासन व नगर निगम अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में उन्होंने कहा कि एक भी इंच सरकारी भूमि माफियाओं को कब्जाने नहीं दी जाएगी।

इस प्रकार कार्यवाही को बढ़ाने के लिए महापौर ने उपजिलाधिकारी सदर एवं नगर निगम के अधिकारियों के साथ अपने कैम्प कार्यालय पर बैठक की। जिसमे सिहानी स्थित



भूमि,मरियम नगर नंदग्राम,कैला भट्टा, अर्थला,रजापुर,अकबरपुर बेहरामपुर,सदरपुर, न्यू हिण्डन विहार सुदामापुरी

एवं अन्य स्थानों पर स्थित नगर निगम की भूमियों के विषय मे विस्तार से चर्चा की। जिसमे यह तय किया गया कि नगर निगम की भूमियों के चिन्हीकरण में तहसील सहयोग करे। जिससे मुस्तैदी के साथ हम अपनी भूमि को बचा सकें।

### एडिशनल कमिश्नर ने ली बैठक

## वैध कनेक्शन की संख्या बढ़ाने और बकाया बिल रिकवरी के दिए निर्देश

**फरीदाबाद।** नगर निगम की एडिशनल कमिश्नर सलोनी शर्मा ने आज निगम मुख्यालय के कांफ्रेंस हॉल में सीवर और पानी से संबंधित कार्यों की विस्तृत समीक्षा बैठक की। बैठक में सभी जोन के क्षेत्रीय एवं कर अधिकारी, एसडीओ सहित संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

सभी अधिकारी और फील्ड कर्मचारी सक्रिय रहें

शर्मा ने बैठक में निर्देश दिए कि निगम क्षेत्र में सीवर - पानी के कनेक्शनों को वैध तरीके से सुनिश्चित करने के लिए अधिक से अधिक लोगों को जागरूक किया जाए। उन्होंने कहा कि अवैध कनेक्शनों को नियमित कर सुविधाओं को उपलब्ध कराने में सभी अधिकारी और फील्ड कर्मचारी सक्रिय भूमिका निभाएं। बैठक में क्षेत्रीय एवं कर अधिकारी सृष्टि बब्बर, दीपा पब्बी, सुमन रतरा, अशोक कुमार, दिनेश कुमार, विनोद कुमार एसडीओ नवीन सहित इंस्पेक्टर और पानी के कनेक्शन संबंधी कार्यों को देखने वाले कर्मचारी उपस्थित रहे।

**नागरिकों को समस्या का सामना न करना पड़े-** उन्होंने कहा कि फील्ड में कार्यरत टीमें सुनिश्चित करें कि नागरिकों को किसी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े ।

### आरोपी बाइक छोड़कर फरार

# झगड़े का बीच-बचाव करने गया था, चाकू घोंपकर कर दी हत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद




बीती रात झगड़े में बीच-बचाव करने पहुंचे युवक की चाकू घोंपकर हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान पलवल के लालवा गांव निवासी रविंद्र के रूप में हुई है, जो ग्रेटर फरीदाबाद के सेक्टर-85 में किसी की कार चलाने का काम करता था। रविंद्र झगड़ने वाले पक्षों को जानता भी नहीं था।

घटना सेक्टर-17-18 की डिवाइडिंग रोड पर हुई। प्रत्यक्षदर्शी नवीन कुमार के अनुसार वह बाइक से गुजर रहा था, तभी उसने देखा कि एक बाइक पर तीन युवक तेज रफ्तार से जा रहे थे। नवीन ने उन्हें चलती बाइक से ही सावधानी बरतने की सलाह दी। इस बात पर तीनों युवक उसे रोककर झगड़ा करने लगे।

### बाइक वहीं छोड़कर भागे आरोपी

इसी दौरान वहां से कार से गुजर रहे रविंद्र ने यह देखकर तीनों युवकों को झगड़ा न करने की नसीहत दी। इसी बात से बौखला, आरोपियों ने नवीन को छोड़कर रविंद्र पर चाकू से तीन-चार वार कर दिए। गंभीर रूप से घायल रविंद्र मौके पर ही लहूलुहान होकर गिर पड़ा। वारदात के बाद आरोपी अपनी बाइक वहीं छोड़कर फरार हो गए।

### शव परिजनों को सौंपा

सूचना मिलते ही सेक्टर-17 थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को बादशाह खान नागरिक अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया। मृतक के परिजनों को सूचना दे दी गई है। शव का पोस्टमॉर्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ हत्या सहित अन्य धाराओं के तहत केस दर्ज कर लिया है और उनकी तलाश शुरू कर दी है।

# पुलिस की पाठशाला, डोर टू डोर सर्वे के माध्यम से नशे के खिलाफ किया जागरूक



हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

फरीदाबाद पुलिस द्वारा कार्यक्रमों के माध्यम से आमजन को लगातार जागरूक किया जा रहा है। जिसके निरंतर में 24 नवंबर को सामुदायिक पुलिसिंग टीम फरीदाबाद ने नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत अनखीर क्षेत्र में व्यापक जागरूकता अभियान चलाया। इस अभियान के तहत टीम ने डोर टू डोर सर्वे कर आमजन को नशे के दुष्परिणामों और उससे बचाव के बारे में जागरूक किया।

इसके अलावा सामुदायिक पुलिसिंग टीम ने शहर के विभिन्न स्थानों पर पुलिस की पाठशाला का आयोजन किया, जिसमें आमजन को नशे के खतरों, नशा मुक्ति के उपायों, मानस एप, हेल्पलाइन 1933 और डायल 112 के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।

**200 घरों का सर्वेक्षण किया**

अभियान के दौरान, अनखीर क्षेत्र में डोर टू डोर सर्वे के माध्यम से लगभग 200 घरों का सर्वेक्षण किया और लोगों को नशे के प्रति जागरूक किया। वहीं पुलिस की पाठशाला के माध्यम से बोध विहार पार्क, दशहरा ग्राउंड एनआईटी और हार्डवेयर चौक पर कुल 400 से अधिक व्यक्तियों को जागरूक किया गया।

### 20 दिनों में 17 देसी कट्टा, 38 कारतूस बरामद

# देसी कट्टे के साथ आरोपी गिरफ्तार अब तक 95 अपराधी पकड़े गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

फरीदाबाद पुलिस द्वारा ऑपरेशन ट्रैकडाउन के अंतर्गत अपराधियों के विरुद्ध बड़े पैमाने पर कार्रवाई की जा रही है। 23 नवंबर को अपराध शाखा एवीटीएस सिकरोना की टीम ने एक आरोपी को देसी कट्टा सहित गिरफ्तार किया है।



पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि फरीदाबाद पुलिस की अपराध शाखा एवीटीएस सिकरोना की टीम ने ऑपरेशन ट्रैकडाउन के अंतर्गत कार्रवाही करते हुए मोहम्मद दानिश निवासी शास्त्री पार्क दिल्ली को सेक्टर 58 क्षेत्र से एक अवैध देसी कट्टे के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी ने पूछताछ में बताया कि उसने 2 महीने पहले भी फरीदाबाद के रहने वाले एक व्यक्ति को एक देसी पिस्टल बेची थी। आरोपी को माननीय न्यायालय में पेश कर जेल भेजा गया है। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि पिछले 20 दिनों में ऑपरेशन ट्रैकडाउन के अंतर्गत फरीदाबाद पुलिस ने 17 देसी कट्टा, 38 कारतूस व 3 देसी पिस्टल बरामद कर अवैध हथियारों से संबंधित 28 अपराधी गिरफ्तार किये हैं। इस अभियान के दौरान अभी तक 95 अपराधियों को फरीदाबाद पुलिस ने जेल भेजा है। उन्होंने आगे बताया कि ऑपरेशन ट्रैकडाउन के अंतर्गत की जा रही कार्रवाई से अपराधियों के अंदर पुलिस का भय, इतना व्यापक हो चुका है कि वे अपने आप को पुलिस की कार्रवाई से बचाने की कोशिश में लगे हुये हैं। ऐसा ही एक मामला थाना तिगांव के अंतर्गत आया है जिसमें मझांवली रोड पर एक पॉलिथीन में 22 जिंदा कारतूस लावारिस अवस्था में सड़क के किनारे पड़े हुये पाये गये। जिनको पुलिस ने कब्जा में लेकर, अज्ञात के विरुद्ध थाना तिगांव में मामला दर्ज कर कार्रवाई आरंभ कर दी है।

# करोड़ों की जीएसटी चोरी करने पर एक गिरफ्तार, न्यायिक हिरासत में जेल भेजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

करोड़ों की जीएसटी चोरी करने पर केंद्रीय माल और सेवा कर (सीजीएसटी) गुरुग्राम ने एक समन्वित कार्रवाई में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। आरोपी को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। सीजीएसटी ने बहुत ही कम समय में 436 करोड़ रुपए के फर्जी बिल बनाने के मामले की जांच की। जिसके परिणामस्वरूप क्रमशः 13.04 करोड़ रुपए और 66.72 करोड़ रुपए का आईटीसी (इनपुट टैक्स क्रेडिट) लिया गया और उसे वितरित किया गया।

जांच में गाजियाबाद स्थित एक व्यक्ति की भूमिका सामने आई, जो जीएसटी गुरुग्राम के अंतर्गत पंजीकृत एक संदिग्ध फर्म चला रहा था। जो मोबाइल नंबर, आधार नंबर और संपत्ति विवरण जैसे फर्जी रेडेंशियल्स कपर खोली गई थी। पंजीकरण और उसके बाद दर्ज किए गए



संशोधनों के लिए इस्तेमाल किए गए आईपी के डेटा एनालिटिक्स और आईपीडीआर विश्लेषण से प्राप्त विश्वसनीय जानकारी के आधार पर, उक्त फर्म से जुड़े गाजियाबाद और फरीदाबाद में दो परिसरों की पहचान की गई।

### आरोपी कई अन्य फर्मों की खरीद-फरोख्त में शामिल रहा

टैक्स अंवेशन ब्रांच, सीजीएसटी गुरुग्राम ने तुरंत कार्रवाई करते हुए गाजियाबाद और फरीदाबाद में एक साथ तलाशी की कार्यवाही शुरू कर दी। तलाशी के दौरान, चार व्यक्तियों से पूछताछ की गई, जिसमें गाजियाबाद के एक संदिग्ध व्यक्ति की भूमिका मिली। आरोपी कई अन्य फर्मों की खरीद-फरोख्त में शामिल था, जिनमें करोड़ों रुपए की आईटीसी धोखाधड़ी शामिल होने का अंदेशा मिला।


**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 84 BNSS/82 CrPC देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **राजू उर्फ मुकेश पुत्र लक्ष्मण निवासी मकान नंबर B-1284, शास्त्री नगर, दिल्ली और C-61, वाणी विहार, उत्तम नगर, दिल्ली** ने **FIR No. 533/2014 U/S 392/34 IPC, अन्तर्गत सराय रोहिल्ला, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **राजू उर्फ मुकेश** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **राजू उर्फ मुकेश** फरार हो गया है (या उक्त वारंट के तामील से बचने के लिये अपने आपको छिपा रहा है)।

अतः इसके द्वारा उदघोषणा की जाती है कि **FIR No. 533/2014 U/S 392/34 IPC, अन्तर्गत थाना सराय रोहिल्ला, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **राजू उर्फ मुकेश** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **17.01.2026** को इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार,
**श्री मनुज कौशल**
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–04(केंद्रीय)
कक्ष संख्या–37
तीस हजारी न्यायालय, दिल्ली
DP/15437/N/2025(Court Matter)

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 82 सीआरपीसी देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **बिलाल, पुत्रः जियाउद्दीन पताः मकान नं. 2142, गली अहाता, मीर बुखारी, तुर्कमान गेट, दिल्ली** ने **FIR No. 282/2020 U/S 27 NDPS Act., थानाः चाँदनी महल, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया है कि उक्त अभियुक्त **बिलाल** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **बिलाल** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है ।)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 282/2020 U/S 27 NDPS Act., थानाः चाँदनी महल, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **बिलाल** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **दिनांक 29.01.2026** को या उससे पूर्व हाज़िर हो।

आदेशानुसार
**सुश्री सायशा चड्ढा**
न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी–08
रूम नं. 272
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली
DP/15657/CD/2025 (Court Matter)


### निगम आयुक्त ने पार्षद के साथ किया वार्ड 37 का दौरा, सुनी समस्याएं

# ग्रीन बेल्ट पर कब्जा करने वाले पर लगाया जाएगा एनजीटी एक्ट के तहत निर्धारित जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

नगर निगम आयुक्त धीरेंद्र खड़गटा ने आज वार्ड-37 और वार्ड 39 का दौरा किया। इस दौरान आयुक्त ने ग्रीन बेल्ट पर किए गए अवैध कब्जों का निरीक्षण किया और संबंधित अधिकारियों को तुरंत प्रभाव से कार्रवाई के निर्देश दिए। निगम आयुक्त ने स्पष्ट किया कि ग्रीन बेल्ट पर कब्जा करने वालों के खिलाफ एनजीटी एक्ट के तहत चालान कराए जाएंगे।

दौरे के दौरान स्थानीय पार्षद मुकेश अग्रवाल और पार्षद नीलम बरेजा के प्रतिनिधि गोल्डी बरेजा ने भी अपने वार्ड की समस्याएं रखी। निगम आयुक्त ने सेक्टर निवासियों से उनके वार्ड की समस्याओं को विस्तार से जाना और समाधान का भरोसा दिलाया। मौके पर जॉइंट कमिश्नर राजेश कुमार सहित अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे।

### आयुक्त ने समस्याओं को जाना और समाधान का भरोसा दिलाया



निगम आयुक्त धीरेंद्र खड़गटा ने पार्षद मुकेश अग्रवाल, रणबीर चौधरी और सतवीर शर्मा, अजीत नंबरदार के साथ सेक्टर-9 के सांझ पार्क, सद्भावना पार्क तथा इंडियन ऑयल रोड का निरीक्षण किया।

इसके अलावा सेक्टर 9 के वाटर डिस्पोजल पॉइंट का भी निरीक्षण किया गया। जलभराव की समस्या को गंभीरता से लेते हुए आयुक्त ने पार्षदों के साथ समाधान पर चर्चा की और ऐसी योजना बनाने के निर्देश दिए जिससे भविष्य में जलभराव की स्थिति न बने।

वार्ड-37 के सभी पार्कों के रखरखाव तथा वार्ड 37 की मार्केट में शौचालय निर्माण संबंधी समस्याओं को पार्षद मुकेश अग्रवाल द्वारा रखा गया।

इस पर आयुक्त ने मौके पर ही अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई करने और समस्याओं का समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने जानकारी दी कि सेक्टर 11 में शौचालय बनाया जा चुका है और पार्षदों द्वारा दी गई अन्य मांगों पर भी जल्द विचार कर शहर की सुंदरता और आम लोगों को मूलभूत सुविधाएं पूरी करने की दिशा में कार्य लगातार जारी रहेंगे। नगर निगम फरीदाबाद शहर में स्वच्छता, जल निकासी एवं ग्रीन बेल्ट की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ कार्य कर रहा है।

नई दिल्ली
मंगलवार, 25 नवंबर 2025
मार्गशीर्ष मास शुक्ल पक्ष, पंचमी वर्ष : 29, अंक : 222
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम
अधि. 23
न्यून. 11

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com




07 इटली ने लगातार तीसरी बार जीता डेविस कप






191 फीट ऊंचे शिखर पर ध्वज फहराने के साथ मंदिर निर्माण के पूरा होने की घोषणा

# अयोध्या राम मंदिर पर प्रधानमंत्री मोदी आज फहराएंगे धर्म ध्वजा

**कार्यक्रम में संघ प्रमुख मोहन भागवत के अलावा यूपी की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी उपस्थित रहेंगे**



फाइल फोटो

- कार्यक्रम में राम मंदिर निर्माण के लिए 2 करोड़ रुपये से अधिक का योगदान करने वाले 100 दानदाताओं को निमंत्रित किया गया
- इस भव्य कार्यक्रम के लिए पूरी अयोध्या को 1000 क्विंटल फूलों से सजाया गया

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज मंगलवार को अयोध्या में राम मंदिर पर 190 फीट ऊंची धर्म ध्वजा फहराएंगे। कार्यक्रम में संघ प्रमुख मोहन भागवत के अलावा यूपी की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी उपस्थित रहेंगे। पीएम मोदी का अयोध्या में रोडशो होगा, जहां 5000 महिलाएं थाली-आरती से उनका स्वागत करेंगी। इस कार्यक्रम में राम मंदिर निर्माण के लिए 2 करोड़ रुपये से अधिक का योगदान करने वाले 100 दानदाताओं को निमंत्रित किया गया है। अयोध्या में मंगलवार को होने वाले राम मंदिर के ध्वजारोहण के लिए तैयारियां पूरी की जा चुकी हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नवनिर्मित राम मंदिर पर धर्म ध्वजा फहराएंगे। इस भव्य कार्यक्रम के लिए पूरी अयोध्या को 1000 क्विंटल फूलों से सजाया गया है। मंगलवार को राम मंदिर के 191 फीट ऊंचे शिखर पर ध्वज फहराने के साथ मंदिर निर्माण के पूरा होने की घोषणा हो जाएगी।

▸▸ शेष पेज 5 पर

### मुहूर्त 11:58 बजे से अपराह्न 12:30 बजे तक

अयोध्या में ध्वजारोहण का मुहूर्त 11:58 बजे से अपराह्न 12:30 बजे तक है। ध्वजारोहण समारोह के मुख्य अतिथि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 25 नवंबर को भगवान श्री राम की विवाह पंचमी के मौके पर उपवास रखेंगे। प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव के दौरान भी प्रधानमंत्री मोदी ने उपवास रखा था। ध्वजारोहण कार्यक्रम से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का रोड शो होगा। अयोध्या के साकेत महाविद्यालय हेलीपैड से राम मंदिर तक करीब एक किलोमीटर लंबे रामपथ पर उनका रोड शो निकलेगा। पीएम मोदी के रोड शो में विभिन्न स्वयं-सहायता समूहों की करीब 5 हजार महिलाएं पारंपरिक थाली-आरती लेकर प्रधानमंत्री की अगवानी करेंगी।



# 'धरम-युग' का अंत...

**65 साल रहे सिल्वर स्क्रीन पर**

**मौत की खबरों को बार-बार मात दी**

**आखिर, पर्दा गिर गया.. पर 'नायक' कभी नहीं मरा करते**

| | |
|---|---|
| जन्म | 8 दिसंबर 1935 |
| मृत्यु | 24 नवंबर 2025 |

# पल-पल 'दिल के पास' रहेंगे अभिनेता धरम जी

एजेंसी ▸▸ मुंबई

लंबी बीमारी से संघर्ष करते-करते 89 साल के हिंदी सिनेमा के प्रख्यात और धाकड़ अभिनेता धर्मेंद्र सोमवार दोपहर अनंत यात्रा पर निकल गए। उन्होंने मुंबई के अपने बंगले पर आखिरी सांस ली। मृत्यु से ठीक पहले उनका भरा-पूरा परिवार उनके सामने था। दोनों पत्नियां, बेटे बेटियां और नाती-पोते। धर्मेंद्र एक जीवंत अभिनेता ही नहीं, जीवंत मनुष्य भी थे। वे सरलता व सादगी से रहते थे। स्टारडम को लेकर उनको कोई घमंड नहीं था। उनको उनके दर्शक समाज ने विभिन्न भूमिकाओं में गढ़ा था। वे अपने से

▸▸ शेष पेज 5 पर

### उनकी 'ही-मैन' की छवि यूं बनी

फिल्मी दुनिया में जब सिक्स पैक एब्स का चलन नहीं था, तब धर्मेंद्र सबसे हैंडसम हीरो थे। उनसे पूछा गया था कि ये डोले-शोले कैसे बने? उन्होंने कहा था कि वे एक सामान्य पृष्ठभूमि से थे। युवावस्था में परिवहन के साधन न होने पर एक ही दिन में

▸▸ शेष पेज 5 पर

## श्रद्धासुमन

### उन्होंने अनगिनत लोगों के दिलों को छुआ



धर्मेंद्र जी के जाने से इंडियन सिनेमा में एक युग का अंत हो गया है। वह एक आइकॉनिक फिल्म पर्सनैलिटी थे, एक जबरदस्त एक्टर थे जो अपने हर रोल में चार्म और गहराई लाते थे। जिस तरह से उन्होंने अलग-अलग रोल किए, उसने अनगिनत लोगों के दिलों को छुआ है। धर्मेंद्र जी अपनी सादगी, विनम्रता और प्यार के लिए भी उतने ही जाने जाते थे। इस दुख की घड़ी में, मेरी दुआएं उनके परिवार, दोस्तों और अनगिनत फैंस के साथ हैं। **नरेंद्र मोदी**, प्रधानमंत्री

### शानदार करियर में कई यादगार प्रस्तुतियां दी



वरिष्ठ अभिनेता और पूर्व सांसद धर्मेंद्र जी का निधन भारतीय सिनेमा के लिए एक अपूरणीय क्षति है। वे सबसे लोकप्रिय अभिनेताओं में से एक थे, उन्होंने अपने दशकों लंबे शानदार करियर में कई यादगार प्रस्तुतियां दीं। **श्रीमती द्रौपदी मुर्मू**, राष्ट्रपति

### जब भी मेरे कदम डगमगाए...

वे कहते थे- 65 साल हो गए इंडस्ट्री में आए हुए, मेरे अंदर से साहनेवाल का धर्मेंद्र नहीं जाता। वो मुझे बहुत संभालता है। शोहरत की इस चौंधिया देने वाली रौशनी में, जब भी मेरे कदम डगमगाए, मेरी आत्मा में रची मेरे गांव के कच्चे रास्तों की धूल की खुशबू ने मुझे भटकने से बचा

▸▸ शेष पेज 5 पर

भारत-चीन संबंधों में सुधार के बीच ये क्या हुआ...

# चीन ने अरुणाचल प्रदेश को अपना बताकर किया भारतीय महिला थोंगडोक को प्रताड़ित

**शंघाई हवाईअड्डे पर पासपोर्ट जब्त कर 18 घंटे तक हिरासत में रखा**



हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

पिछले साल अक्टूबर महीने में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर 2020 के मध्य से जारी सैन्य विवाद के पूरी तरह से खत्म होने के बाद भारत और चीन के बीच द्विपक्षीय संबंधों को तेजी से सामान्य बनाने की कवायद जारी है।

हालिया समय में इसे लेकर कई अहम निर्णय लिए जा चुके हैं। जिसमें पर्यटक वीजा, कैलाश मानसरोवर यात्री की पुनः बहाली का मुद्दा भी शामिल है। लेकिन इन सबके बावजूद बीते सप्ताह शुक्रवार (21 नवंबर) को अरुणाचल-प्रदेश में जन्मी लंदन से जापान जा रही एक भारतीय महिला प्रेमा वांगजॉम थोंगडोक को शंघाई हवाईअड्डे पर लगभग तीन घंटे के ट्रांजिट स्टॉप-ओवर के दौरान चीन के इमीग्रेशन अधिकारियों ने सिर्फ इसलिए आगे नहीं जाने दिया। क्योंकि उनके पास भारत का पासपोर्ट था। जिसे वो अवैध बताते हुए कह रहे थे कि अरुणाचल-प्रदेश भारत का नहीं बल्कि चीन का हिस्सा है।

▸▸ शेष पेज 5 पर

नागरिकता कानून में कनाडा ने किया बड़ा बदलाव, भारतीयों को होगा फायदा

# आखिरकार पिघल गई भारत-कनाडा के संबंधों में जमी बर्फ...

***व्यापक आर्थिक भागीदारी समझौते पर फिर से शुरू होगी बातचीत, 2030 तक 50 बिलियन डॉलर का होगा व्यापार***



फाइल फोटो

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

पूर्व प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो के कार्यकाल में वर्ष 2023 में हुई खालिस्तानी आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के बाद से भारत और कनाडा के संबंधों में जमी हुई बर्फ आखिरकार पिघल गई है। जिसके पीछे की सबसे बड़ी वजह बीते रविवार को जोहान्सबर्ग में जी-20 शिखर सम्मेलन से इतर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनके कनाडा के समकक्ष प्रधानमंत्री मार्क कार्नी के बीच हुई द्विपक्षीय बैठक है। क्योंकि इससे ठीक पहले और बाद में दो महत्वपूर्ण घटनाक्रम सामने आए। एक में कनाडा ने बिल सी-3 के जरिए अपने पुराने वंशानुगत नागरिकता कानून (बॉय डीसेंट) में बड़ा बदलाव किया है, जिससे भारतीय मूल के लोगों को फायदा मिलेगा। तो दूसरी में दोनों देशों के शीर्ष नेताओं ने पिछले करीब तीन साल से व्यापक आर्थिक भागीदारी समझौते (सीईपीए) पर ठप पड़ी हुई बातचीत

▸▸ शेष पेज 5 पर

मुंबई के नौसेन्य डॉकयार्ड में आयोजित किया गया भव्य समारोह, सेनाप्रमुख जनरल द्विवेदी ने की अध्यक्षता

# नौसेना में शामिल हुआ पहला पनडुब्बी रोधी युद्धपोत 'माहे'



हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

ऑपरेशन सिंदूर के बाद से भारत और पाकिस्तान के बीच पश्चिमी-सीमाओं पर जारी तनाव के बीच नौसेना अपने जंगी बेड़े को लगातार मजबूत बनाने में लगी हुई है। बीते वक्त में कई प्रकार की युद्धक सामग्री बल का हिस्सा बनी है।

इसी क्रम में सोमवार को मुंबई के नौसैन्य डॉकयार्ड में आयोजित किए गए एक समारोह में पहला स्वदेशी पनडुब्बी रोधी और उथले जल क्षेत्रों में कार्यवाही करने में सक्षम (एएसडब्ल्यू-एसडब्ल्यूसी) युद्धपोत 'आईएनएस माहे' नौसेना में आधिकारिक रूप से शामिल किया गया है। जिसकी अध्यक्षता सेनाप्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने की। नौसेना ने एक बयान जारी कर यह जानकारी दी है। गौरतलब है कि पहले इस पोत को 17 नवंबर को नौसेना में शामिल किया जाना था। उस वक्त नौसेनाप्रमुख एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी अमेरिका की यात्रा पर

▸▸ शेष पेज 5 पर

### सेनाप्रमुख पहले भी कर चुके अध्यक्षता

नौसेना में यह पहली बार नहीं है कि जब उसके किसी कार्यक्रम की अध्यक्षता किसी अन्य सशस्त्र सेना के प्रमुख (सेनाप्रमुख) ने की है। ऐसा पहले भी हो चुका है। वर्ष 2020 में तत्कालीन सेनाप्रमुख जनरल मनोज मुकुंद नरवणे ने भी नौसेना के एक पोत 'आईएनएस कवराती' को नौसेना के जंगी बेड़े में कमीशन करने के लिए आयोजित किए गए एक समारोह की अध्यक्षता की थी। सैन्यबलों के प्रमुखों की इस तरह की भागीदारी एक प्रकार से तीनों सेनाओं के बीच बढ़ते एकीकरण और सामंजस्य को प्रदर्शित करती है। जो भविष्य में गठित की जाने वाली थियेटर कमांड से जुड़े महत्वपूर्ण मामले में भी मददगार साबित होगा। वहीं, इस साल के समापन

▸▸ शेष पेज 5 पर

### सीएसएल ने स्वदेश में किया निर्माण

नौसेना के मुताबिक, आईएनएस माहे कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड (सीएसएल) द्वारा देश के अंदर डिजाइन के साथ बनाया गया पोत है। जिसकी लंबाई 78 मीटर है। समुद्र में इसका संचालन डीजल इंजन और वाटर जेट संयोजन की मदद से किया जाएगा। ये युद्धपोत देश की रक्षा क्षेत्र में बढ़ती आत्मनिर्भरता की दिशा में एक मील का पत्थर साबित होगा। इसमें कुल 80 फीसदी से ज्यादा स्वदेशी सामग्री लगाई गई है। जहाज के शिखर पर कलारीपयट्टू की लचीली तलवार-उरुमी नीले रंग की समुद्री लहरों से उठती हुई दिखाई देती है। जो चपलता, सटीकता और घातक गरिमा का प्रतीक है। इसका शुभंकर चीता, गति और एकाग्रता का प्रतीक

▸▸ शेष पेज 5 पर




### पांच लोगों को किया गिरफ्तार

# 32 लाख की प्रतिबंधित दवा जब्त कर अंतर्राष्ट्रीय गिरोह का भंडाफोड़

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



दिल्ली पुलिस ने 32 लाख रुपये से अधिक मूल्य की 54 हजार 'ट्रामाडोल' गोलियां जब्त की हैं और इसके साथ ही प्रतिबंधित दवाओं की तस्करी में शामिल एक अंतरराज्यीय गिरोह का भंडाफोड़ किया है। यहां एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि इस गिरोह में कथित रूप से शामिल पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया जबकि गिरोह का संबंध अंतरराष्ट्रीय स्तर पर होने का भी संदेह है। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि विशेष खूफिया सूचना के आधार पर पुलिस ने दक्षिण-पूर्वी दिल्ली के मदनपुर खादर एक्सटेंशन-1 में सात अक्टूबर को एक व्यक्ति को एक बड़ा बैग ले जाते हुए पकड़ा। अधिकारी ने बताया कि मदनपुर खादर निवासी मोहम्मद आबिद (50) के कब्जे से 'ट्रेकेन-100' की 54 हजार गोलियां बरामद की गई। 'ट्रामाडोल' से संबंधित 'ट्रेकेन-100' दवाई स्वापक औषधि एवं मनः प्रभावी पदार्थ (एनडीपीएस) अधिनियम के तहत प्रतिबंधित हैं। यह एक नियंत्रित ओपिओइड (दर्द निवारक) दवा है जिसे 2018 में अधिनियम के तहत एक मादक पदार्थ के रूप में अधिसूचित किया गया है। उन्होंने बताया कि एनडीपीएस अधिनियम के प्रावधानों के तहत प्राथमिकी दर्ज कर आबिद को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस के अनुसार, पूछताछ के दौरान आबिद ने खुलासा किया कि वह जामिया नगर इलाके के जौहरी फार्म निवासी अपने सहयोगी जावेद खान (45) के साथ कथित तौर पर मिलकर काम कर रहा था। बाद में खान को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने बताया कि जांच के बाद कापसहेड़ा सीमा के समीप स्थित समालका में एक गोदाम चलाने वाले सुनील कुमार (40), द्वारका का निर्यातक विष्णु दत्त शर्मा (62) और रंगपुरी स्थित एक कूरियर व्यवसाय से जुड़े विकास सिंह उर्फ ईश्वर यादव (38) को भी गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने कहा कि सभी पांच लोग दिल्ली और अन्य राज्यों में प्रतिबंधित 'ट्रामाडोल' गोलियों की खरीद, भंडारण और वितरण में शामिल एक संगठित नेटवर्क का हिस्सा थे।

## छात्र आत्महत्या मामलाः मृतक बच्चे की स्मृति से पूरी दिल्ली के सिस्टम में आवश्यक सुधार होना चाहिए : सूद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली के सेंट कोलंबस स्कूल के दसवीं के छात्र द्वारा आत्महत्या करने के मामले में सोमवार को दिल्ली के शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने स्कूल के प्रधानाचार्य ब्रदर रॉबर्ट फर्नांडीस को कड़े शब्दों में पत्र लिखा है। शिक्षा मंत्री सूद ने कहा कि वह सिर्फ एक मंत्री के तौर पर नहीं, बल्कि एक अभिभावक के तौर पर पत्र लिख रहे हैं, वह इस घटना पर दुख जताते हुए और इंस्टीट्यूशन, टीचर और पूरे समाज की जिम्मेदारी पर जोर देते हुए पत्र लिख रहे हैं। सूद ने अपने पत्र में अब्राहम लिंकन के अपने बेटे के टीचर को लिखे मशहूर लेटर का जिक्र करते हुए स्कूलों को याद दिलाया कि बच्चों को सख्ती और नरमी दोनों के साथ पढ़ाया जाना चाहिए। लिंकन के अनुसार 'उसे सबकी बात सुनना सिखाओ, लेकिन जो कुछ भी वह सुने उसे सच के पर्दे पर छान लो,' को मॉडर्न एजुकेशन के लिए एक गाइडिंग फिलॉसफी के तौर पर बताया। अपने पत्र में सूद ने इस बात पर जोर दिया कि स्कूलों को प्रोसीजरल कम्प्लायंस से आगे बढ़कर भावनात्मक सुरक्षा, एंपैथेटिक और रिस्पॉन्सिव इकोसिस्टम बनाने की जरूरत है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि आज के स्टूडेंट्स पर बहुत ज्यादा प्रेशर होता है और उन्हें ऐसे सपोर्ट सिस्टम की जरूरत होती है जो रिएक्टिव होने के बजाय प्रोएक्टिव हों। सूद ने भरोसा दिलाया कि दिल्ली सरकार मेंटल-हेल्थ फ्रेमवर्क, काउंसलिंग इंफ्रास्ट्रक्चर और टीचर-ट्रेनिंग इनिशिएटिव को मजबूत करने के लिए पब्लिक और प्राइवेट दोनों स्कूलों के साथ मिलकर काम करेगी।

### शिक्षा मंत्री ने स्कूल से मांगी आंतरिक जांच पर परिप

शिक्षा मंत्री सूद ने सेंट कोलंबस स्कूल से उसकी आंतरिक जांच पर प्रतिक्रिया मांगी और यह भी पूछा है कि उसे सरकार से किस प्रकार के सहयोग की आवश्यकता हो सकती है। इस घटना को दिल दहला देने वाली चेतावनी बताते हुए सूद ने कहा कि इस बच्चे की स्मृति से दिल्ली में पूरी दिल्ली के सिस्टम में आवश्यक सुधार होना चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि हमारे स्कूलों में किसी भी बच्चे को कभी भी ऐसा महसूस नहीं होना चाहिए कि उसे सुना नहीं जा रहा है या अनदेखा किया जा रहा है। हम उन्हें ऐसा माहौल देने के लिए उत्तरदायी हैं जो न सिर्फ़ उनकी समझ, बल्कि उनकी भावनात्मक कल्याण को भी बढ़ावा दे।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr.P.C. & 84 BNSS देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **आरोपी पंकज पुत्र ओम प्रकाश, पताः** ए–2/122 नंद नगरी, **दिल्ली FIR No. 363/2022 U/S: 33 Delhi Ex. Act, पुलिस थानाः नन्द नगरी, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **पंकज** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **पंकज** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि उक्त अभियुक्त **पंकज FIR No. 363/2022 U/S: 33 Delhi Ex. Act, पुलिस थानाः नन्द नगरी, दिल्ली** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **22.01.2026** को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
दीपाक्षी राणा
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–03
कमरा नंबर 19, प्रथम तल शाहदरा जिला,
कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली

DP/15491/NE/2025
(Court Matter)

## 'ऑपरेशन साइहॉक': संगठित साइबर अपराध में शामिल होने के आरोप में 95 लोगों पर मामला दर्ज

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



दिल्ली पुलिस ने 'ऑपरेशन साइहॉक' के तहत मध्य दिल्ली जिले में 381 लोगों को हिरासत में लिया गया, संगठित साइबर धोखाधड़ी के मामलों में 95 संदिग्ध लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया और 24 प्राथमिकी दर्ज की हैं। यहां एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। 'ऑपरेशन साइहॉक' साइबर अपराध को लेकर पुलिस की सबसे बड़ी कार्रवाई में से एक है।

अधिकारी ने बताया कि 48 घंटे का यह अभियान 21 नवंबर की सुबह नौ बजे समाप्त हुआ और इसके तहत पुलिस ने 1,843 मोबाइल फोन, तीन लैपटॉप, 84 एटीएम कार्ड, फर्जी बीमा दस्तावेज और कंपनी की जाली मुहर जब्त की गई जबकि 10.28 लाख रुपये नकदी भी बरामद की गई। अभियान के अंतर्गत सबसे बड़ी कार्रवाई के तहत पुलिस ने साइबर धोखाधड़ी गतिविधियों के लिए इस्तेमाल की जाने वाली एक ऐसी इकाई का भंडाफोड़ किया जहां अवैध मोबाइल निर्माण और आईएमईआई (अंतरराष्ट्रीय मोबाइल उपकरण पहचान)-परिवर्तन किया जाता था । पुलिस के अनुसार, पांच लोगों - अशोक कुमार (45), रामनारायण (36), धर्मेंद्र कुमार (35), दीपांशु (25) और दीपक (19) को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने 1,826 मोबाइल फोन, आईएमईआई-मॉर्फिंग सॉफ्टवेयर वाला एक लैपटॉप, आईएमईआई स्कैनिंग डिवाइस समेत अन्य सामान बरामद किया। पश्चिम पटेल नगर क्षेत्र में वाहन बीमा पॉलिसी नवीनीकरण के बहाने लोगों को कथित तौर पर ठगने वाले एक गैर-लाइसेंस प्राप्त 'कॉल सेंटर' का भी भंडाफोड़ किया गया। पुलिस ने बताया कि एक आरोपी खेमचंद (33) को गिरफ्तार कर लिया गया और उसके पास से लैपटॉप, 11 मोबाइल फोन, फर्जी पॉलिसी पत्र, बीमा कंपनियों के रबर मुहर और 10 लाख रुपये नकद जब्त किए गए हैं। पुलिस ने बताया कि इसके अलावा, अंतरराज्यीय एटीएम धोखाधड़ी गिरोह से कथित तौर पर जुड़े तीन लोगों - आरिफ उर्फ शरीक (27), शहजाद (35) और मोहम्मद जैम (29) को करोल बाग से गिरफ्तार किया गया। उनके पास से कुल 81 एटीएम कार्ड, एक मोटरसाइकिल और एक स्कूटर बरामद किया गया। पुलिस के अनुसार, तीन अन्य आरोपियों - सुमित कुमार (30), हेमराज (37) और तनिष्क भारती (20) को एक पीड़ित के एटीएम कार्ड को स्कैन करके लगभग 1.9 लाख रुपये की खरीदारी और निकासी करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। यहां एक अन्य संगठित धोखाधड़ी मामले में चार लोगों - राजकुमार (42), रवीद्र सिंह (40), एम. अरमान अली (34) और धीरेंद्र कुमार (37) को गिरफ्तार किया गया।

## शेयर बाजार में निवेश के नाम पर ठगी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़, तीन गिरफ्तार



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली पुलिस ने शेयर बाजार में निवेश के नाम पर लोगों से करोड़ों रुपये की ठगी करने वाले एक गिरोह का भंडाफोड़ किया है। एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। उनके मुताबिक, वे फर्जी कंपनियों और जाली ट्रेंडिग मंचों के माध्यम से कथित तौर पर लोगों को अपना शिकार बनाते थे। उन्होंने बताया कि फर्जी कंपनी के निदेशक और आगरा के फतेहाबाद निवासी सुनील कुमार तथा महाराष्ट्र के ठाणे निवासी विशाल चौरे और उसकी पत्नी को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बताया कि ये गिरफ्तारियां बल्लभगढ़ (हरियाणा) और ठाणे (महाराष्ट्र) में समन्वित छापेमारी के दौरान की गईं, जिससे जीटीआर इलेक्ट्रॉनिक्स प्राइवेट लिमिटेड और उद्यम वुमन सशक्तीकरण फाउंडेशन की आड़ में संचालित एक बहुस्तरीय गिरोह का पर्दाफाश हुआ। गिरोह पर आरोप है कि वह ऑनलाइन वित्तीय जाल बिछाकर, फर्जी प्री-आईपीओ योजनाएं और धोखाधड़ी वाले 'फॉरेक्स ट्रेडिंग' मंच चलाकर कई राज्यों में लोगों को ठग रहा था। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि जांच एक व्यक्ति की शिकायत से शुरू हुई, जिसने सोशल मीडिया के माध्यम से संपर्क में आई एक महिला के बहकावे में आकर 1.6 करोड़ रुपये गंवा दिए। महिला ने उसे ब्रिटेन स्थित 'स्प्रेडेक्स ग्लोबल लिमिटेड' नामक फर्जी मंच में निवेश करने के लिए राजी किया था। पुलिस ने बताया कि विस्तृत वित्तीय जानकारी की जांच के आधार पर जांचकर्ता दो फर्जी कंपनियों तक पहुंचे। अधिकारी ने बताया कि राष्ट्रीय साइबर रिपोर्टिंग मंच (एनसीआरपी) पर जीटीआर इलेक्ट्रॉनिक्स प्राइवेट लिमिटेड से जुड़ी 88.40 लाख रुपये की कम से कम 13 शिकायतों का पता चला, जबकि उद्यम महिला सशक्तीकरण फाउंडेशन से जुड़ी 22 लाख रुपये की 45 शिकायतें जांच के दौरान सामने आईं। अधिकारियों ने बताया कि ठाणे निवासी विशाल चौरे और उसकी पत्नी फर्जी फाउंडेशन के ज़रिए साइबर धोखाधड़ी की रकम का प्रबंधन करते थे। जांच के दौरान पता चला कि जीटीआर इलेक्ट्रॉनिक्स के निदेशक सुनील कुमार ने पूर्वी दिल्ली के शकरपुर में एक फर्जी कार्यालय बनाया था और जाली दस्तावेजों का इस्तेमाल कर उसे एक वैध इलेक्ट्रॉनिक्स कंपनी के रूप में पेश किया था। पुलिस ने कहा कि गिरोह के अन्य सदस्यों की पहचान करने, अतिरिक्त वित्तीय लेन-देन का पता लगाने और धोखाधड़ी से प्राप्त धन की वसूली के लिए आगे की जांच जारी है।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्तगण **1. बिमला, पत्नीः याद राम, पताः मकान संख्या 93, प्रयोग विहार, हरि नगर, दिल्ली, 2. शकील खान उर्फ कल्लू, पुत्रः कुन्ने खान, पताः 74, प्रयोग विहार, हरि नगर, दिल्ली** ने **FIR No. 91/2013, U/s: 147/149/186/353/332/427/34 IPC, पुलिस थाना हरि नगर, दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किये है (या संदेह है कि उन्होने किया है) और उन पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **1. बिमला, 2. शकील खान उर्फ कल्लू** मिल नही रहे है। और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **1. बिमला, 2. शकील खान उर्फ कल्लू** फरार हो गये है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहे है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **पुलिस थाना हरि नगर, दिल्ली** के अभियुक्तगण **1. बिमला, 2. शकील खान उर्फ कल्लू** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **07.02.2026** या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार,
सुश्री भारती गर्ग
जेएमएफसी–11, पश्चिम, कमरा संख्या 31
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/15732/WD/2025

## डॉ अंबेडकर ने दी थी अंग्रेजों के सिस्टम को चुनौती : अर्जुन राम मेघवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

पूरे संसार के लोग बाबा साहब डॉ बीआर अंबेडकर को विख्यात अर्थशास्त्री मानते हैं। ब्रिटिश शासन काल में अंग्रेजों के सिस्टम को चुनौती देना कोई आसान बात नहीं थी, लेकिन डॉ अंबेडकर ने यह किया। संविधान दिवस के अवसर पर दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) में आयोजित एक कार्यक्रम के बतौर मुख्यातिथि कानून और न्याय राज्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने अपने संबोधन में यह बात कही। मेघवाल ने डॉ अंबेडकर की पुस्तक "द इवोल्यूशन ऑफ प्रोविंशियल फाइनेंस इन ब्रिटिश इंडियाः ए स्टडी इन द प्रोविंशियल डिसेंट्रलाइजेशन ऑफ इंपीरियल फाइनेंस" को लेकर कहा कि आज से 100 वर्ष पहले यह पुस्तक लिखी गई थी। मेघवाल ने कहा कि कुछ लोग तो बाबा साहब के बारे में चर्चा करते हुए उन्हें संविधान निर्माता, दलितों के मसीहा और आरक्षण समर्थक तक ही सीमित कर देते हैं, आगे बढ़ते ही नहीं। लेकिन वह पत्रकार भी थे, आर्थिक मामलों के जानकार भी थे, वो मनोवैज्ञानिक भी थे और एंथ्रोपोलोजिस्ट भी थे।

## दो विधानसभाओं की सीमा के फेर में फंसी मंडावली की मेन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

लक्ष्मीनगर विधानसभा के मंडावली इलाके की मुख्य सड़क दो सीमाओं के फेर में फंसी पड़ी है। हालत यह है कि सालों से पड़ी ये जर्जर सड़क को बनवाने वाला कोई नजर नहीं आ रहा है। सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं और सीवर लाइन ठप होने से हमेशा पानी रहता है। यह हालात एक या दो दिन से नहीं है। सालों से हैं। मगर इस सड़क की तरफ कोई भी देखने वाला नहीं है।

गौरतलब है कि इस सड़क का कुछ हिस्सा लक्ष्मीनगर विधानसभा में आता है। यहां से विधायक अभय वर्मा है। जबकि कुछ हिस्सा इस सड़क का पटपड़गंज विधानसभा में आता है। पटपड़गंज की ओर से सड़क का कुछ भाग ठीक भी कराया गया है लेकिन वहां अभी सीवर की लाइन ठीक नहीं हो पाई और पानी की निकासी ठीक नहीं हुई है। दूसरी ओर लक्ष्मीनगर विधानसभा के क्षेत्र में आने वाली सड़क के हिस्से की बात करें तो इस क्षेत्र की पूरी सड़क जर्जर हो चुकी है। सड़क पर बड़े बड़े गड्ढे हो चुके हैं। सीवर लाइन पूरी तरह से ठप हो चुकी है और सड़क पर हमेशा पानी भरा रहता है। मंडावली में वस्त्र विक्रेता सुपर कलेक्शन दुकान के सामने तो सड़क की हालत इतनी खराब है कि लोगों के निकलना मुश्किल हो गया है। स्थानीय लोग कई बार शिकायत कर चुके हैं।

**THE SONIPAT COOP. SUGAR MILLS LTD., SONIPAT**

**"E-TENDER NOTICE"**

Original Manufacture/Authorized dealer/Reputed & experienced suppliers are requested to submit their rates through e-tendering for the following items. The detailed tender form can be downloaded from e-tendering Portal as mentioned below of related items.

| Sr. No. | Description of Items | e-Tender ID No. |
|---|---|---|
| 1. | Labour contract for loading of sugarcane into trucks at out cane purchasing centre. | 2025_HBC_485133_1 |
| 2. | To Engage service provider under supply of manpower. | 2025_HBC_485145_1 |
| 3. | Contract of Sugar Bag Handling | 2025_HBC_485152_1 |
| 4. | Civil work for Resitement of retail outlet of IOCL petrol Pump at The Sonipat Sugar Mill. (as per IOCL-specification, drawing & design of boundary wall, filling, drainage works). Total area of construction (35mX35m. | 2025_HBC_485155_1 |
| 5. | Purchase of Fire side Chemical (Abhitech Make) | 2025_HBC_485160_1 |

All the terrders will be available on e-tendering Portal https://etenders.hry.nic.in. The bid should be submitted separately in two parts technical as well as commercial. The technical tender will be opened on 28.11.2025 at 10.00 A.M. and the time for opening the financial bid has been fixed on 28.11.2025 at 11:00 A.M. and the negotiation will be held on 28.11.2025 at 11:30 AM onwards, if needed. All the concerned parties must be registered on e-tendering portal. The Mill Management reserves the right to accept/reject any/all tenders/ items without assigning any reason thereof.

**Sd/- Managing Director,**
**The Sonipat Coop. Sugar Mills Ltd., Sonipat**

### मज़दूर यूनियनों ने जंतर-मंतर पर किया विरोध प्रदर्शन

**नई दिल्ली।** भारत की क्रान्तिकारी मजदूर पार्टी ने दिल्ली-एनसीआर की विभिन्न क्रान्तिकारी मजदूर यूनियनों जैसे बिगुल मजदूर दस्ता, ऑटोमोबाइल इण्डस्ट्री कॉण्ट्रैक्ट वर्कर्स यूनियन, बवाना इण्डस्ट्रियल एरिया वर्कर्स यूनियन, करावलनगर मज़दूर यूनियन, दिल्ली इस्पात उद्योग मज़दूर यूनियन, दिल्ली घरेलू कामगार यूनियन और दिल्ली स्टेट आँगनवाड़ी वर्कर्स एण्ड हेल्पर्स यूनियन के साथ मिलकर मोदी सरकार द्वारा हाल ही में लागू की गई चार लेबर कोड के खिलाफ शान्तिपूर्ण विरोध प्रदर्शन का आयोजन किया। प्रदर्शन में शामिल मज़दूरों, छात्रों और आम नागरिकों को सम्बोधित करते हुए विभिन्न संगठनों के सदस्यों ने कहा कि पूँजीपति वर्ग के अधिकतम मुनाफ़े को सुनिश्चित करने के लिए इन चार लेबर कोड को लागू किया गया है। ये लेबर कोड मज़दूरों के शोषण को और बढ़ायेंगी।

- **लेबर कोड मज़दूरों के शोषण को और बढ़ायेंगी**

**उत्तर रेलवे**

**टेंडर नोटिस सं. 64/2025-2026 दिनांकः 24.11.2025**

**इलेक्ट्रोनिक निविदा ई प्रणाली के अन्तर्गत मदों की आपूर्ति हेतू निविदा आमंत्रण**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबन्धक, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली–110001 द्वारा इच्छुक फर्मों से निम्नलिखित मदों के लिए ई–निविदा आमंत्रित की जाती है:–

| क्र. सं. | निविदा सं. | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 09253066 | बफर प्लंजर असेंबली | 3945 नग | 15.12.25 |
| 02 | 04250077A | इंजन क्रैंक केस आयल | 69300 लीटर | 22.12.25 |
| 03 | 07251454 | स्क्रू कपलिंग असेंबली | 872 नग | 05.01.26 |
| 04 | 07253447 | लेटरल बी यू ऍम पी स्टॉप फॉर फिएट बोगी | 5587 नग | 05.01.26 |
| 05 | 07251334A | फोल्डेबल बोतल होल्डर | 119409 नग | 12.01.26 |

**निविदा शर्तेंः-** 1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानी www.ireps.gov.in पर देखी जा सक्ती हैं। 2. मैनुअल निविदा स्वीकृत नहीं की जायेगी।

3645/2025

**ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ**

**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 CrPC देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **अशोक पुत्र राधे श्याम निवासी डी–73, वेस्ट विनोद नगर, दिल्ली–92** ने **FIR No. 361/2013 U/S 341/323/506/34 IPC, अन्तर्गत थाना मधु विहार, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **अशोक** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **अशोक** फरार हो गया है (या उक्त वारंट के तामील से बचने के लिये अपने आपको छिपा रहा है)।

अतः इसके द्वारा उदघोषणा की जाती है कि **FIR No. 361/2013 U/S 341/323/506/34 IPC, अन्तर्गत थाना मधु विहार, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **अशोक** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **26.12.2025** को इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार,
श्री उदभव कुमार जैन
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–04
कमरा संख्या 13, द्वितीय तल, शाहदरा जिला
कड़कड़डूमा न्यायालय, दिल्ली

DP/15664/ED/2025(Court Matter)

**हरियाणा सरकार** | **निविदा सूचना**

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प पलवल | पलवल जिले में आरडी 0.34 से 1.36 कि.मी. तक पलवल अलावलपुर मोहना रोड (आईडी 3570 और 3602) पर एलसी-566 पर दो लेन आरओबी की विशेष मरम्मत (जीएसटी के बिना) + 1 कार्य। | बंद होने की तिथि 29.11.2025 | 187.36 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9466219169 pwd-eepd-palwal@hry.nic.in |
| 2 | लोनिवि भ व प फतेहाबाद | फतेहाबाद जिले में टोहाना में मौजूदा ज्यूडीशियल कोर्ट कॉम्पलैक्स में नर्सिंग मदर्स हेतु ट्रांसजेंडर टॉयलेट्स, चाइल्ड सेफ वॉशरूम और रेस्टिंग रूम का निर्माण। | 20.11.2025 28.11.2025 | 8.59 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01667-220120 pwd-eepd-fatehabad@hry.nic.in |
| 3 | पंचायती राज करनाल | गांव अमृतपुर कलां में सैनी चौपाल सहित दुदा धारी मंदिर तक फिरनी का निर्माण + 1 कार्य। | 22.11.2025 13.12.2025 | 26.65 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9896634422 prexeeng.krl@hry.nic.in |
| 4 | पंचायती राज नारनौल | बोचारिया ब्लॉक अटेली नांगल – उप स्वास्थ्य केन्द्र का निर्माण + 6 कार्य। | 21.11.2025 28.11.2025 | 322.81 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9017179090 prexeeng.nrl@gmail.com |
| 5 | पंचायती राज भिवानी | गांव अलखपुरा तोशाम में अमित एडवो. से पंचायत भूमि तक नाला का निर्माण, स्कीम डीएमएफ + 30 कार्य। | 20.11.2025 26.11.2025 | 539.95 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8222023668 prexeeng.bhw@hry.nic.in |
| 6 | पंचायती राज करनाल | गांव मंगलोरा ब्लॉक करनाल में पूर्व-सरपंच सतबीर के मकान से सेवा पंडित के मकान तक आईएलपीबी फिरनी का निर्माण + 1 कार्य। | 21.11.2025 02.12.2025 | 55.97 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9896634422 prexeeng.krl@hry.nic.in |
| 7 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा, रोहतक | आरडी 30000–106650 से जसराना माइनर की आंतरिक सफाई + 9 कार्य। | बंद होने की तिथि 27.11.2025 | 16.29 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9812111077 xenwsdnrtk@gmail.com |
| 8 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा, फतेहाबाद | पुरानी चुल्ली माइनर की सफाई + 8 कार्य। | बंद होने की तिथि 27.11.2025 | 9.47 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1667220105 xenwsdivisionfbd@yahoo.com |
| 9 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा, रोहतक | आरडी 83000 से 124000 तक भालोट सब ब्रांच की रिमॉडलिंग / क्षमता बढ़ाना। | बंद होने की तिथि 15.12.2025 | 2877.81 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9812111077 xenwsdnrtk@gmail.com |
| 10 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा, सोनीपत | रबी सीजन से पूर्व आरडी 0 से 31626 तक सिसाना माइनर की आंतरिक सफाई हेतु आकलन + 2 कार्य। | बंद होने की तिथि 27.11.2025 | 10.67 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9813232636 xenwsdivnspt@rediffmail.com |
| 11 | कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग हरियाणा, पंचकूला | इन्द्रधनुष ऑडिटोरियम सेक्टर-5, पंचकूला, हरियाणा में राज्य युवा महोत्सव 2025 के लिए विभिन्न व्यवस्था सेवाएं अर्थात फ्लैक्स होर्डिंग्स डेकोरेशंस साउंड सिस्टम और प्रदर्शनी स्टॉल इत्यादि का प्रावधान करने हेतु आरएफपी + 1 अन्य कार्य। | 21.11.2025 27.11.2025 | 55 लाख | https://etenders.hry.nic.in /nicgep/app | 8968068091 sdit.jda@gmail.com |

**अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in**

पीआरडीएच-11/2026/220/40583/I/88/7 दि. 24.11.25

### मुख्यमंत्री ने गुरु तेग बहादुर साहिब के 350वें शहीदी दिवस पर लाल किला प्रांगण में दी लंगर सेवा

# लाल किला में गुरु तेग बहादुर साहिब समागम में दिखा अटूट श्रद्धा का संगम

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली के ऐतिहासिक लाल किला प्रांगण में सोमवार को गुरु तेग बहादुर साहिब के 350वें शहीदी दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित तीन-दिवसीय भव्य समागम का दूसरा दिन श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक उत्साह के चरम पर दिखाई दिया। सुबह से ही प्रांगण भक्तों की भीगी पलकें, हाथ जोड़े श्रद्धालु और गुरु साहिब के प्रति अटूट श्रद्धा से भरा दिखा। यहां आयोजित समागम में भाग लेने के लिए देश विदेश से भारी संख्या में श्रद्धालु एकत्रित हुए।



सोमवार सुबह उपराष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन के साथ मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने गुरुद्वारा रकाबगंज साहिब में मत्था टेका। फिर यहां चल रहे लंगर में मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने अपनी सेवा दी। उन्होंने अपने हाथों से लंगर में रोटियां बनाई और लंगर का प्रसाद श्रद्धालुओं को भेंट किया। इस स्थल पर श्रद्धा व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि गुरु तेग बहादुर साहिब का सत्य और मानवता के लिए अद्वितीय बलिदान हर नागरिक को साहस और करुणा के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है।

दिन का आरंभ उस परंपरा के साथ हुआ जो समागम की आत्मा बन चुकी है। वह है ऐतिहासिक गुरुद्वारा श्री शीशगंज साहिब से गुरु साहिब का पावन स्वरूप पालकी में रखकर लाल किला पंडाल तक लाने की परिक्रमा। अरदास और शब्द-सुमिरन के वातावरण में हजारों श्रद्धालु इस परिक्रमा में सम्मिलित हुए। यही पावन स्वरूप रात को पुनः गुरुद्वारे में स्थापित कर दिया जाएगा। वहीं लाल किला प्रांगण में स्थापित विशेष म्यूजियम भी श्रद्धालुओं के लिए प्रमुख आकर्षण बना हुआ है। यहां गुरु साहिब के जन्म, तपस्या, उनकी यात्राओं और शहादत तक की पूरी इतिहास-गाथा को चित्रों, दस्तावेजों और दुर्लभ संस्मरणों के माध्यम से दर्शाया गया है। लोग सुबह से ही कतारों में खड़े होकर इस प्रेरक इतिहास-यात्रा का दर्शन कर रहे हैं। इसके अतिरिक्त ऑडियो-वीडियो म्यूजियम में शहादत की गाथा को विशेष दृश्य-श्रव्य तकनीक से प्रस्तुत किया गया है, जो आने वालों को गहरे भाव में डूबो देता है। संगत के लिए चौबीसों घंटे चल रहा विशाल लंगर आज भी उसी उत्साह, सेवा-भाव और प्रेम से संचालित होता रहा। पूरी व्यवस्था में सेवा स्वयंसेवकों की लगन और समर्पण विशेष रूप से दिखाई दे रहा है।

### उपराष्ट्रपति व सीएम पहुंचे गुरुद्वारा रकाबगंज साहिब



**नई दिल्ली।** सिखों के नौवें गुरु, गुरु तेग बहादुर साहब के 350वें शहीदी दिवस संबंधित तीन दिवसीय कार्यक्रमों के तहत सोमवार को देश के उपराष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन, मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और कैबिनेट मंत्री सरदार मनजिंदर सिंह सिरसा ने गुरुद्वारा रकाबगंज साहिब पहुंचकर माथा टेका। इस अवसर पर मीडिया से बातचीत करते हुए उपराष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन ने कहा कि गुरु तेग बहादुर साहिब की कुर्बानी से जुड़े जो ऐतिहासिक तथ्य बताए गए हैं, उनसे मैं प्रभावित हुआ। उन्होंने कहा कि जितना भी नमन किया जाए, इस अमर बलिदान के सामने कम है। वहीं मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि वह स्वयं को सौभाग्यशाली मानती हैं कि गुरु तेग बहादुर साहिब का 350वां शहीदी दिवस उनकी अगुवाई में सरकार को मनाने का अवसर प्राप्त हुआ है। उन्होंने कहा कि यह एक ऐतिहासिक दिवस है और इसे भव्य रूप से मनाने हेतु सरकार ने अपनी और से हर संभव प्रयास किया है। मंत्री सरदार मनजिंदर सिंह सिरसा ने कहा कि हम सौभाग्यशाली हैं कि अपने जीवनकाल में इस दिवस को मनाने का अवसर मिला है। उन्होंने कहा कि गुरु साहिब की छत्रछाया में रहकर हम देश और दुनिया की सेवा कर सकते हैं।

### बख्तावरपुर वार्ड का किया निरीक्षण

## प्रदूषण नियंत्रण के लिए तुरंत अनधिकृत फैक्ट्रियों को सील किया जाए : इंद्राज



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

प्रदूषण नियंत्रण के लिए आवश्यक है कि क्षेत्र में चल रही अनधिकृत फैक्ट्रियों/औद्योगिक इकाइयों को तुरंत सील किया जाए। यह निर्देश दिल्ली के समाज कल्याण विभाग मंत्री और उत्तर-पश्चिमी दिल्ली के प्रभारी मंत्री रविंद्र इंद्राज सिंह ने सोमवार को बख्तावरपुर वार्ड में निरीक्षण करने के दौरान अधिकारियों को दिए।

वहीं उन्होंने अधिकारियों से पर्यावरण के तय मानकों का उल्लंघन करने वाली इकाइयों के खिलाफ भी सख्त कार्रवाई करने को कहा। उन्होंने क्षेत्र में एमसीडी, डीडीए, दिल्ली जल बोर्ड, पीडब्ल्यूडी और अन्य संबंधित विभाग के अधिकारियों के साथ वार्ड 5 बख्तावरपुर में स्वच्छता और सैनिटेशन व्यवस्था का निरीक्षण किया और स्वच्छता, सड़क-मरम्मत, सीवरेज, जल-निकासी एवं अवैध औद्योगिक गतिविधियों की शिकायतों पर संबंधित विभागों को तत्काल कार्यवाही के निर्देश दिए। इस दौरान स्थानीय विधायक राज करण खत्री तथा क्षेत्रीय निगम पार्षद जनता देवी भी मौजूद रहीं। निरीक्षण के दौरान कैबिनेट मंत्री ने क्षेत्र में स्वच्छता से जुड़ी शिकायतों पर एमसीडी प्रशासन को सभी समस्याओं के शीघ्र समाधान के निर्देश दिए।

मंत्री ने कहा कि दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में दिल्ली सरकार जनता की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए प्रतिबद्ध है। सरकार के सभी मंत्री और विधायक लगातार मैदान में उतरकर लोगों से संवाद कर रहे हैं और उनकी समस्याओं का निवारण सुनिश्चित कर रहे हैं। इसी क्रम में सोमवार को बख्तावरपुर वार्ड में निरीक्षण कर स्थानीय समस्याओं का आकलन किया गया, ताकि जल्द से जल्द उन्हें दूर किया जा सके।

रविंद्र इंद्राज ने एमसीडी के अधिकारियों को निर्देश दिया कि अनधिकृत कॉलोनियों में भी स्वच्छता कार्य नियमित हों। अनधिकृत कॉलोनियों में भी कूड़ा उठाने, सफाई और डोर-टू-डोर कलेक्शन नियमित किया जाए।

### सिलेंडर की निकाली शव यात्रा

## कांग्रेस का जंतर-मंतर पर भाजपा के खिलाफ प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष देवेन्द्र यादव के नेतृत्व में सोमवार को कांग्रेस ने भाजपा की रेखा गुप्ता सरकार को जगाने के लिए जंतर मंतर पर विरोध प्रदर्शन किया और सिलेंडर की शव यात्रा निकाली। कांग्रेस ने दिल्ली पुलिस पर आरोप लगाए कि सुरक्षा कारणों का हवाला देकर हमारे सिलेंडर शव यात्रा कार्यक्रम को जंतर मंतर पर होने नहीं दिया। जबकि पूर्व में पुलिस से इसकी इजाजत ली गई थी।

मौके पर पहुंचे प्रदर्शनकारियों ने हाथों में दिल्ली पोस्टर बैनर पकड़े हुए थे जिन पर महिलाओं को होली और दिवाली पर मुफ्त सिलेंडर को लेकर सवाल उठाए गए। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने कअपने संबोधन में कहा कि भाजपा द्वारा चुनावी वादे के रूप में महिलाओं को होली और दिवाली पर मुफ्त सिलेंडर का वादा किया लेकिन आज तक अधूरा है, क्यों। कांग्रेस कार्यकर्ताओं को शव यात्रा निकालने की जरुरत इसलिए पड़ी है, क्योंकि भाजपा ने चुनाव के समय किए गए किसी भी वादे को अभी तक पूरा नही किया है। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर भाजपा सरकार नही जागी तो हम दिल्ली सरकार की शव यात्रा भी निकालेंगे।

बढ़ती महंगाई के कारण दिल्ली की महिलाएं परेशान है और सिलेंडर के दाम 1000 के पास पहुंच गए है। होली और दिवाली निकलने के बाद भी फ्री सिलेंडर देने का भाजपा का वादा पूरी तरह जुमला साबित हो चुका है। यादव ने कहा कि दिल्ली की जनता ने आम आदमी पार्टी का शासन भी देखा और अब पिछले 9 महीनों से भाजपा के झूठे वादों की सरकार को देख रहे है। दिल्ली नगर निगम उपचुनाव में 12 वार्डों की जीत और हार से न कोई सरकार बनेगी और न ही किसी की सरकार गिरेगी।

## 'निगम स्कूलों के बच्चों को परोसा गया 'एक्सपायर्ड सूजी' का भोजन'

### 21 नवंबर 2025 को किए गए निरीक्षण में मामला आया सामने, शिक्षा समिति के उपाध्यक्ष के निर्देश पर कारण बताओ नोटिस हुआ जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के शिक्षा विभाग के अंतर्गत आने वाले दो जोनों में निगम स्कूलों के बच्चों को 'एक्सपायर्ड सूजी' के भोजन को परोसने का मामला सामना आया है। यह मामला तब सामने आया जब शिक्षा समिति के उपाध्यक्ष अमित खरखड़ी ने औचक निरीक्षण किया। उपाध्यक्ष अमित खरखड़ी ने बताया कि शिक्षा विभाग ने मिड-डे मिल संचालित करने वाली संस्था 'राव रघुबीर संस्थान' के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए सेंट्रल और साउथ ज़ोन के किचनों को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। यह कार्रवाई 21 नवंबर 2025 को निगम में शिक्षा समिति के उपाध्यक्ष अमित खरखड़ी द्वारा किए गए औचक निरीक्षण के बाद की गई, जिसमें कई गंभीर कमियाँ और नियमों का खुला उल्लंघन सामने आया। वहीं, शिक्षा समिति अध्यक्ष योगेश वर्मा ने भी साफ कहा कि मिड-डे मील एक संवेदनशील विषय है और किसी भी स्तर पर कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। गौरतलब है कि सेंट्रल ज़ोन की किचन का इसी माह 1 नवंबर 2025 को निगम के अतिरिक्त आयुक्त द्वारा निरीक्षण किया गया था, लेकिन मात्र तीन सप्ताह बाद ही शिक्षा समिति उपाध्यक्ष के निरीक्षण में भारी अनियमितताएँ उजागर हुईं। इसके बाद अमित खरखड़ी ने इस मामले में कड़ी कार्रवाई की मांग करते हुए शिक्षा समिति अध्यक्ष योगेश वर्मा को पत्र लिखा है।



### 'भोजन गुणवत्ता से समझौता स्वीकार्य नहीं'

उपाध्यक्ष अमित खरखड़ी ने कहा कि बच्चों के भोजन की गुणवत्ता से कोई समझौता स्वीकार्य नहीं है। उन्होंने बताया कि मिड-डे मिल प्रणाली में पारदर्शिता और सुधार के लिए नियमित निरीक्षण किए जा रहे हैं। साथ ही बताया गया कि निरीक्षण में पाया गया कि सेंट्रल ज़ोन के किचन में एफसीआई गोदाम 1 किलोमीटर के दायरे में होना चाहिए था, लेकिन नियमों के विपरीत लगभग 8 किलोमीटर दूर संचालित किया जा रहा था। स्वच्छता की स्थिति भी चिंताजनक पाई गई। दोनों किचनों में फ्लाई कैचर काम नहीं कर रहे थे और तेल अवशेष नियंत्रित करने के लिए ऑयल कैचर/ऑयल ट्रैप की भी कोई व्यवस्था नहीं मिली।

## जहरीली हवा से दिल्लीवालों का घुट रहा दम, सरकार करे उपाय : आप

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

■ दिल्ली के ज्यादातर इलाकों में एक्यूआई रहा 450 पार

दिल्ली के प्रदूषण को लेकर आम आदमी पार्टी (आप) ने सोमवार को फिर भाजपा सरकार पर निशाना साधा है। आप ने कहा कि जहरीली होती जा रही हवा से दिल्लीवालों का दम घुट रहा है लेकिन भाजपा सरकार कोई एक्शन नहीं ले रही है, जिससे प्रदूषण कुछ कम हो और लोग दमघोटू हवा से राहत पा सकें।

सोमवार को तो दिल्ली के कई इलाकों में एक्यूआई 450 के पार रहा और स्मॉग इतना था कि इंडिया गेट और कर्तव्य पथ उसमें खो गए। आप ने सरकार से अपील की है कि दिल्लीवालों की सांसों पर मंडरा रहे प्रदूषण के संकट को कम करने के लिए ठोस उपाय करें, सिर्फ दूसरों के काम का क्रेडिट लेने से काम नहीं चलेगा।

सोमवार को आप के दिल्ली प्रदेश संयोजक सौरभ भारद्वाज ने रविवार को दिल्ली की जनता द्वारा प्रदूषण को लेकर भाजपा सरकार के खिलाफ किए गए प्रदर्शन की एक तस्वीर एक्स पर साझा की। जिसमें एक पुलिसकर्मी प्रदर्शन कर रहे युवक के ऊपर बैठा हुआ है और उसका एक हाथ युवक के चेहरे के ऊपर है।

उन्होंने तस्वीर को दिखाते हुए कहा कि ये दिल्ली की जनता है। प्रदूषण के खिलाफ आवाज उठा रही है और सरकार उसके ऊपर चढ़कर दम घोंट रही है। उन्होंने कहा कि सोमवार को दिल्ली की हवा गंभीर कैटेगरी में रही।

## एमसीडी ने ग्रेटर कैलाश और पंजाबी बाग शवदाह गृह पार्किंग को किया शुरू

**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) ने ग्रेटर कैलाश और पंजाबी बाग शवदाह गृह (शमशान घाट) में तैयार की गई नई पार्किंग सुविधाओं को जनता के लिए खोल दिया है। दिल्ली नगर निगम प्रशासन ने सोमवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि इन पार्किंग स्थलों के चालू होने से क्षेत्र में लंबे समय से बनी पार्किंग अव्यवस्था और जाम की समस्या में कमी आने की उम्मीद है। पार्किंग प्रोजेक्ट्स के शुरू होने में कुछ अनिवार्य अनुपालन प्रक्रियाओं के कारण देरी हो रही थी। एमसीडी के अनुसार अब सभी आवश्यक अनुमोदन पूरे कर लिए गए हैं और दोनों पार्किंग स्थल पूरी तरह संचालन के लिए तैयार हैं। एमसीडी प्रशासन ने बताया कि ने इस परियोजना में हुई देरी की जिम्मेदारी भी तय की है। लापरवाही के लिए जिम्मेदार पाए गए अधिकारी की सेवा समाप्त कर दी गई है। निगम प्रशासन ने कहा कि यह कार्रवाई उसकी पारदर्शिता, समयबद्ध कार्यान्वयन और बेहतर नागरिक सेवाओं के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाती है। स्थानीय निवासियों और आने-जाने वाले लोगों को नई पार्किंग सुविधाओं से बड़ा लाभ मिलने की उम्मीद है।

## 'बसों में आग लगने की घटनाएं रोकने के लिए सभी सुरक्षा प्रोटोकॉल किए जाएं पूरे'

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली परिवहन निगम की बसों में आग लगने की घटनाएं रोकने के लिए सभी आवश्यक सुरक्षा प्रोटोकॉल तत्काल प्रभाव से लागू किए जाएं। यह निर्देश दिल्ली के परिवहन मंत्री डॉक्टर पंकज कुमार सिंह सोमवार को एक बैठक में अधिकारियों को दिए। गौरतलब है कि दिल्ली के परिवहन मंत्री डॉक्टर पंकज कुमार सिंह ने दिल्ली परिवहन निगम (डीटीसी) की एक सीएनजी और दो इलेक्ट्रिक बसों बसों में हाल में हुई आग लगने की घटनाओं को लेकर सचिवालय में वरिष्ठ अधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक की।

इस अहम बैठक में परिवहन विभाग, डीटीसी के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बस निर्माताओं के प्रतिनिधि भी मौजूद रहे। मंत्री डॉक्टर पंकज ने प्रारंभिक रिपोर्टों की महत्वपूर्ण समीक्षा के बाद साफ किया कि बस यात्रियों, बस ड्राइवर और स्टाफ की जान-माल की सुरक्षा करना हमारी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। मंत्री डॉ. पंकज ने कहा कि सभी बसों के लिए कड़े प्रिवेंटिव मेंटेनेंस प्रोटोकॉल, सीएनजी और इलेक्ट्रिक बसों की गहनता से तकनीकी जांच, लो-वोल्टेज वायरिंग सिस्टम की मजबूती की जांच, इलेक्ट्रिक बसों की ओवर चार्जिंग, ओवर हीटिंग, बैटरी की जांच, इन्वर्टर का तापमान की सख्ती से जांच की जाए। साथ ही रिपल करंट की रियल-टाइम मॉनिटरिंग, इंजन और बैटरी सेक्शन में फायर-सप्रेशन सिस्टम को बेहतर बनाने पर जोर देने के साथ सभी बस डिपो में इमरजेंसी-रिस्पांस सिस्टम की तैयारियों को मजबूती पर विशेष ध्यान दें।



■ दिल्ली के परिवहन मंत्री ने दिल्ली सचिवालय में की बैठक

### प्रेम नगर में सीसीटीवी में कैद दर्दनाक घटना

# पिटबुल ने छह वर्षीय बच्चे पर किया हमला, काटा कान

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली के प्रेम नगर थाने इलाके में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जिसमें एक 'पिटबुल जैसी नस्ल के कुत्ते' ने छह वर्षीय मासूम बच्चे पर अचानक हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। घटना पास ही लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई, जिसकी वीडियो हर किसी को झकझोर कर रख देने वाली हैं।



यह घटना दिल्ली सरकार और दिल्ली नगर निगम के उन दावों की भी पोल खोलती है, जिनमें कहा जाता है कि खतरनाक नस्लों पर सख्त नियंत्रण, पेट लाइसेंसिंग की अनिवार्यता और नियमित मॉनिटरिंग की व्यवस्था मौजूद है। लेकिन असलियत यह है कि राजधानी में पालतू पिटबुल और अन्य खतरनाक नस्लों का खुलेआम पालन जारी है और प्रशासन केवल कागज़ों पर ही सक्रिय दिखता है। यह घटना दिल्ली सरकार, दिल्ली नगर निगम प्रशासन के खोखले दावों पर एक बड़ा सवालिया निशान लगाती है। राजधानी में लोगों का कहना है कि बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अब कड़ी कार्रवाई, जवाबदेही और तत्काल सुधार की जरूरत है।

### 'घटना कैसे हुई, सीसीटीवी फुटेज बताता है पूरा सच'

जानकारी के अनुसार, रविवार शाम करीब करीब तीन बजे एक महिला अपने घर से पिटबुल कुत्ते को लेकर बाहर निकलती है। कुछ ही सेकंड में कुत्ता उसके नियंत्रण से छूटकर सड़क के दूसरी ओर खड़े छह साल के बच्चे पर टूट पड़ता है। डर के मारे बच्चा भागने लगता है, मगर यह कुत्ता बच्चे का पीछा करते हुए उसे पकड़ लेता है और हमला शुरू कर देता है। महिला कुत्ते को बच्चे से छुड़ाने की कोशिश करती है, लेकिन नाकाम रहती है। फिर एक युवक बच्चे की टांग पकड़ कर उसे खींचकर मुश्किल से कुत्ते से अलग करता है। बताया गया है कि हमले के दौरान पिटबुल ने बच्चे के 'कान को जबड़े में दबा लिया था', और छुड़ाने की कोशिश में 'कान टूटकर सड़क पर गिर गया'। सीसीटीवी फुटेज में यह भी दिखाई देता है कि कुछ सेकंड बाद कोई व्यक्ति हमले की जगह से कुछ उठा कर ले जाता है : संभावना है कि वह बच्चे का कान रहा होगा।

### कुत्ता काटने पर राज्य सरकार दे पीड़ित को मुआवजा

नई दिल्ली। प्रेम नगर में कुत्ते द्वारा बच्चे के काटने के मामले में पूर्व केंद्रीय मंत्री विजय गोयल ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट और केंद्र सरकार को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि राज्य सरकारों के माध्यम से जिस किसी को भी कुत्ता काटे, उसे उचित मुआवजा मिले। उन्होंने चिंता जताई कि सुप्रीम कोर्ट के आदेशों के बावजूद लोग सड़कों पर आवारा कुत्तों के समर्थन में प्रदर्शन कर रहे हैं और उनके खिलाफ आवश्यक कार्रवाई नहीं हो रही। गोयल ने कहा कि आज मानव जीवन इतना असुरक्षित होता जा रहा है कि लोग घरों में कैद हो रहे हैं, जबकि कुत्ते सड़कों पर खुलेआम घूम रहे हैं। यह स्थिति बेहद गंभीर है और यह स्पष्ट होना चाहिए कि आवारा कुत्तों की जिम्मेदारी आखिरकार किसकी है, सरकार को इसका स्पष्ट जवाब देना चाहिए।

### पीड़ित पिता की शिकायत पर किया मामला दर्ज

बता दें कि यह घटना रविवार शाम की है। इस घटनाक्रम का एक वीडियो सोशल मीडिया पर प्रसारित (वायरल) हो रहा है, जिसमें बच्चा कुत्ता से जूझता हुए दिखाई दे रहा है और लोग मदद करते नजर आ रहे हैं।

पुलिस ने बताया कि पीड़ति पिता की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है और कुत्ता पालने वाले राजेश पाल के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है और आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

### डॉग शेल्टर समिति की निगम मुख्यालय में आयोजित हुई बैठक


**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम की स्थायी समिति द्वारा गठित डॉग शेल्टर कमेटी के अध्यक्ष सुंदर सिंह तंवर की अध्यक्षता में सोमवार को बैठक हुई। बैठक में समिति सदस्य एवं निगम पार्षद योगेश कुमार वर्मा ने स्ट्रे डॉग प्रबंधन को प्रभावी बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण और व्यवहारिक सुझाव रखे। पार्षद वर्मा ने अधिकारियों को सुझाव दिए कि कार्य में देरी ना की जाए और तेजी और पारदर्शिता के साथ सभी कदम लागू किए जाएं। पार्षद योगेश कुमार वर्मा ने कहा कि इन कदमों के लागू होने से न केवल नागरिक सुरक्षा बढ़ेगी, बल्कि स्ट्रे डॉग प्रबंधन वैज्ञानिक और संवेदनशील तरीके से किया जा सकेगा। बैठक में पार्षद योगेश वर्मा ने कहा कि फीडिंग नियमों के उल्लंघन पर त्वरित चालान का प्रस्ताव, वार्ड-वार नसबंदी और टीकाकरण अभियान का लक्ष्य, वैज्ञानिक आधार पर फीडिंग पॉइंट्स का निर्धारण, आक्रामक व रेबीज़-संदिग्ध कुत्तों के लिए विशेष व्यवस्था, निगम डॉग शेल्टर की क्षमता बढ़ाने की मांग, एक हेल्पलाइन शुरू करने का सुझाव, नागरिक सुरक्षा व जनजागरूकता कार्यक्रम और वार्ड-स्तरीय निगरानी समिति का गठन की मांग की गई।

### इंडिया गेट पर नारे लगाने वालों पर कार्रवाई करे प्रशासन : एबीवीपी

नई दिल्ली। एबीवीपी दिल्ली के प्रदेश मंत्री सार्थक शर्मा ने कहा कि दिल्ली के इंडिया गेट पर प्रदूषण के नाम पर देश विरोधी नारे लगाना, देश विरोधी मानसिकता का परिचायक है। ऐसे में इस देश को नक्सलियों के साथ साथ ऐसे नारे लगाने वाले बुद्धिजीवियों से भी खतरा हो जाता है। हम प्रशासन से मांग करते हैं कि वे भारत की संप्रभुता और राष्ट्रीय गौरव को कमज़ोर करने वाले ऐसे तत्वों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करे ताकि फिर से कोई ऐसा कृत्य ना करें। एबीवीपी देश के सभी नागरिकों से अपील करती है कि राष्ट्र की सुरक्षा और शहीदों के सम्मान की रक्षा हेतु एकजुट रहें और ऐसे खतरनाक तत्वों के खिलाफ खड़े हों।



# 'रील' से 'रियल' तक 'ही-मैन' ही रहे धर्मेंद्र



'रील से रियल' तक 'ही-मैन' रहे धर्म पाजी यानी अभिनेता धर्मेंद्र अब हमारे बीच नहीं रहे। 8 दिसंबर 1935 को पंजाब के नसराली गांव में जन्में धर्मेंद्र ने जब दिलीप कुमार की फिल्म शहीद देखी तो बेचैन हो उठे। उन्होंने सिनेमा हॉल से बाहर निकलते ही मन ही मन ठान लिया कि अब उन्हें दिलीप कुमार जैसा ही बनना है। इसी संकल्प के साथ धर्मेंद्र ने अपना कॅरियर शुरु किया फिर पीछे मुड़कर नहीं देखा। कामायाबी ऐसी मिली की कोई उन्हें, ही-मैन कहने लगा तो कोई धर्म पाजी। जैसे-जैसे फिल्में हिट होती गईं वैसे-वैसे धर्मेंद्र के उप नाम भी बढ़ते गए। कुल मिलाकर 6 दशक में 300 फिल्में और करीब दो दर्जन बड़े अवार्ड उनके खाते में आ गए। इस बीच उन्होंने पूरे देश को हंसाया, गुदगुदाया और एक बेहतरीन कलाकार को गढ़कर सबके चहते बन गए। ये सफर कब पूरा हो गया किसी को पता ही नहीं चला। अब सिर्फ उनकी यादें हैं और आंखों में आंसू के सिवाए कुछ नहीं है। धर्मेंद्र से जुड़ीं कुछ यादें 'हरिभूमि'अपने पाठकों तक पहुंचाने का प्रयास कर रहा है।

## 1 200 रुपए के लिए गैराज में करते थे काम



जब धर्मेंद्र फिल्मों में काम करने की चाह लिए मुंबई पहुंचे तो उस वक्त गुजारा करने के लिए न उनकी जेब में पैसे थे और उनके पास रहने के लिए कोई ठिया था। अपना गुजारा करने के लिए वो एक गैराज में काम करते थे। वहां काम करने के लिए उन्हें 200 रुपए मिलते थे। इतने पैसों में उनका गुजारा नहीं हो पाता था, इसलिए वो ओवरटाइम भी करते थे और फिर रात में गैराज में ही सो जाते थे। जब दिल भी तेरा हम भी तेरे फिल्म के जरिए उन्हें बॉलीवुड में पहला ब्रेक मिला तो उन्हें ऐसी उम्मीद थी कि उन्हें इस पिक्चर के लिए कम से कम 5 हजार रुपए मिलेंगे। हालांकि, उन्हें सिर्फ 51 रुपए मिले थे, वो भी तीन लोगों ने मिलकर 17-17 करके उन्हें 51 रुपए दिए थे। ये फीस भले ही कम थी, लेकिन धर्मेंद्र उस 51 रुपए को काफी लकी मानते थे। कुछ साल पहले धर्मेंद्र एक सिंगिंग रियलिटी शो पर पहुंचे थे, उस वक्त एक्टर ने स्ट्रगल को लेकर बात की थी।


## 2 जब मां ने ये कहा रोज पीया करो बेटा

धर्मेंद्र सोने से पहले हमेशा अपनी मां सतवंत कौर के पैर दबाया करते थे। धर्मेंद्र तब तक पैर दबाते थे, जब तक मां उन्हें सोने को नहीं कहतीं। एक दिन धर्मेंद्र शराब पीकर आए और अपनी मां के पैर दबाने लगे। मां की नींद लग गई और उन्होंने धर्मेंद्र से रुकने को ही नहीं कहा। वो रात भर मां के पैर दबाते ही रहे। जब मां की नींद खुली तो



उन्होंने कहा, बेटा, शराब पीकर इतने अच्छे पैर दबाते हो, रोज पीया करो। ये किस्सा खुद धर्मेंद्र ने सारेगामापा शो में सुनाया था। इसी तरह एक किस्सा और है जब 1971 में ऋषिकेश मुखर्जी फिल्म 'आनंद' प्लान कर रहे थे तो सबसे पहले उन्होंने इसकी कहानी बेंगलुरु से मुंबई फ्लाइट के दौरान धर्मेंद्र को सुनाई थी। धर्मेंद्र बड़े खुश हुए। उन्हें गलतफहमी हुई कि ऋषिकेश दा शायद उन्हें ही फिल्म में लेंगे। कुछ दिनों बाद अखबार में खबर छपी कि फिल्म के हीरो राजेश खन्ना होंगे। धर्मेंद्र ने जमकर शराब पी और फिर देर रात ऋषिकेश दा को कॉल किया और कहा कि आप मेरे साथ ऐसा कैसे कर सकते हैं, ऋषि दा... ऋषिकेश उन्हें शांति से समझाते रहे और कहते रहे कि धरम हम सुबह बात करेंगे, लेकिन धर्मेंद्र थे कि लगातार अपनी बात दोहराए जा रहे थे। ऐसा करते-करते उन्होंने रातभर ऋषिकेश दा को परेशान किया। इसके बावजूद ऋषिकेश मुखर्जी और धर्मेंद्र की दोस्ती बरकरार रही।

## 3 हेमा के साथ सीन के लिए दिए थे 2 हजार



रमेश सिप्पी शोले फिल्म के दूसरे हीरो के लिए एक ऐसे एक्टर की तलाश में थे, जो ज्यादा पॉपुलर न हो। ऐसे में धर्मेंद्र ने ही अमिताभ के नाम का सुझाव दिया। धर्मेंद्र इस फिल्म में वीरू की जगह ठाकुर का रोल निभाने में अड़े हुए थे, लेकिन संजीव कुमार को पहले ही कास्ट कर चुके रमेश सिप्पी उन्हे बदलने के पक्ष में नहीं थे। जब धर्मेंद्र ने जिद नहीं छोड़ी तो रमेश ने उन्हें समझाया कि अगर वो ठाकुर बने तो उन्हें हेमा के साथ कम सीन मिलेंगे, लेकिन अगर वीरू बने तो उन्हें बसंती बनीं हेमा के साथ रोमांस करने का मौका मिलेगा। इस बात को सुनकर धर्मेंद्र मान गए। धर्मेंद्र हेमा को इस कदर पसंद करते थे कि जब बसंती को गन चलाना सिखाने वाला सीन शूट हो रहा था। धर्मेंद्र ने स्पॉटबॉय को 2000 रुपए दिए, जिससे बार-बार सीन खराब हो और रीटेक करना पड़े। स्पॉटबॉय ने रिश्वत लेकर बार-बार सीन दोहराने में धर्मेंद्र की मदद की और धर्मेंद्र बार-बार हेमा के नजदीक जाते रहे। बाद में 1980 में हेमा मालिनी से शादी की।

## 4 शशि कपूर अपने घर लेकर गए थे और भरपेट खाना खिलाया



वैसे तो अभिनेता धर्मेंद्र को लेकर कई किस्से है लेकिन जो सर्वाधिक चर्चा में रहे है उनमें एक किस्सा धर्मेंद्र का शुरुआती एक्टिंग करियर संघर्ष से भरा था। उन्होंने कई रातें चने खाकर रेलवे स्टेशन पर गुजारी थीं। वह रोल पाने के लिए प्रोड्यूसर्स के यहां मीलों पैदल चलकर जाते थे, जिससे कुछ पैसे बचा सकें और वह खाना खा सकें। एक बार शशि कपूर उन्हें अपने घर लेकर गए थे और भरपेट खाना खिलाया था। इसके अलावा धर्मेंद्र और दिलीप कुमार का रिश्ता भी बड़ा खास था। धर्मेंद्र दिलीप साहब को अपना बड़ा भाई मानते थे। वह जब भी दिलीप कुमार से मिलते तो उनके पैरों के पास बैठते थे। वक्त-वक्त पर वह दिलीप कुमार से मिलने उनके घर जाया करते थे। धर्मेंद्र का नाम एक वक्त में मीना कुमारी के साथ भी जोड़ा गया। मीना कुमारी को शायरी का शौक था। कहा जाता है कि मीना कुमारी की संगत में रहकर ही धर्मेंद्र को भी शायरी का शौक हुआ। इसी तरह गोविंदा जब फिल्मों में हिट हुए थे तो कुछ गुंडे लोगों ने उन्हें परेशान करना शुरू कर दिया। ऐसे में गोविंदा ने धर्मेंद्र से मदद मांगी थी। तब धर्मेंद्र ने ऐलान किया था कि वह गोविंदा की मदद करेंगे। इसके बाद गोविंदा को किसी ने परेशान नहीं किया। धर्मेंद्र अपनी एक्शन फिल्मों के लिए दर्शकों के बीच मशहूर थे। वह फिल्मों में अपने एक्शन सीन्स खुद किया करते थे। कभी भी धर्मेंद ने बॉडी डबल की मदद एक्शन सीन्स के लिए नहीं ली। एक फिल्म में धर्मेंद्र ने असल में चीते से लड़ाई लड़ी थी।

## 5 मुझे लगता सनी मेरे पास बैठे, पर मैं भी अपने पापा के पास नहीं बैठता था

बॉलीवुड अभिनेता धर्मेंद्र ने एक पुराने इंटरव्यू में कहा था कि उनके मां-बाप उनके वक्त के लिए तरसते रहे, और आज वही कमी उन्हें खुद भी महसूस होती है। अभिनेता ने कहा था कि पेरेंटस और बच्चों के बीच दोस्ती का रिश्ता होना चाहिए। बॉलीवुड-बॉलीवुड को दिए एक पुराने इंटरव्यू में अभिनेता धर्मेंद्र से पूछा गया था कि क्या उन्हें लगता है कि उनके ऊपर उनके पिता की छाप है, क्योंकि वे खुद भी एक सख्त पिता माने जाते हैं। इस सवाल पर धर्मेंद्र मुस्कराते हुए कहते हैं, 'हां, यह बात सही है। सनी बाबू भी मुझसे डरता है। मुझे हमेशा लगता है कि वो मेरे पास बैठे, मुझसे बातें करे, आज सोचता हूं कि काश मेरे बाबूजी मेरे दोस्त होते, दोस्ती होना बहुत जरूरी है। मैं बहुत मिस करता हूं और वे लोग कभी मेरे साथ बैठते नहीं है। वो इंटरव्यू में आगे बताते हैं, सनी आता है और बस इतना कहता है-



पापा, मैं शूटिंग पर जा रहा हूं। ऐसे ही मैं करता था। मुझे अपने पिताजी याद आते हैं। वो उस वक्त अपनी छड़ी लेकर बैठे रहते थे और कुछ सोचते रहते थे। जब मैं पूछता था, क्या सोच रहे हैं बाबूजी?' तो वो कहते थे, जल्दी आ जाया करो शूटिंग से। मैं उन्हें गले लगाकर निकल जाता था। शाम को जब लौटता था तो मां ठुड्डी पर हाथ रखे बैठी रहती थीं, जब उनसे पूछो कि क्या हुआ, तो भी वही जवाब देती थी। आज महसूस होता है कि हमारे मां-बाप भी हमारा साथ चाहते थे। वो चाहते थे कि हम उन्हें वही प्यार, वही लाड़-दुलार दें, जो उन्होंने हमें बचपन में दिया था। आज वो बात समझ आती है। आज, वही कमी सबसे ज्यादा महसूस होती है।

### कुछ इस तरह का सफर रहा धर्मेंद्र का

**जन्म:** 8 दिसंबर 1935

**मृत्यु:** 24 नवंबर 2025

**परिवार:** पूरा नाम धरम सिंह देओल है। उनके पिता केवल किशन सिंह देओल एक स्कूल शिक्षक थे।

**शिक्षा:** स्कूली शिक्षा फगवाड़ा के लालटन कलां से पूरी की और पंजाब यूनिवर्सिटी से उच्च शिक्षा प्राप्त की।

**फिल्मों में आने का कारण:** फिल्मफेयर मैगजीन के एक टैलेंट हंट प्रतियोगिता के विजेता बनने के बाद, उन्होंने अभिनय की चाहत में मुंबई का रुख किया।

**करियर :** धर्मेंद्र ने 1960 में 'दिल भी तेरा हम भी तेरे' से अपने अभिनय करियर की शुरुआत की।

**सफलता:** 1966 की फिल्म 'फूल और पत्थर' ने उन्हें एक एक्शन हीरो के रूप में स्थापित किया।

**अभिनय:** फिल्मों में एक्शन और रोमानी दोनों तरह के किरदार निभाए हैं, लेकिन उनकी 'सत्यकाम' और 'शोले' जैसी फिल्मों में उनके काम को काफी सराहा गया है।

**ही-मैन:** बॉलीवुड के ही-मैन के रूप में जाना जाता है और उन्होंने अपने पांच दशक से अधिक लंबे करियर में 300 से अधिक फिल्मों में काम किया है।

**कुल फिल्में** 300

**हिट फिल्में** 74

**ब्लॉकबस्टर** 07

**सुपरहिट** 13

### ही मैन का निजी जीवन



**पहली शादी:** धर्मेंद्र की पहली शादी प्रकाश कौर से हुई थी, जिनसे उनके चार बच्चे हैं: सनी देओल, बॉबी देओल, विजेता और अजिता।

**दूसरी शादी:** अभिनेत्री हेमा मालिनी से शादी की, जिनसे उनकी दो बेटियां हैं: ईशा देओल और अहाना देओल।

**राजनीति:** धर्मेंद्र ने राजनीति में भी कदम रखा और भाजपा के सदस्य के रूप में 2004 में राजस्थान के बीकानेर निर्वाचन क्षेत्र से लोकसभा सांसद चुने गए।

## ढेरों पुरस्कार और पद्म भूषण से भी सम्मानित

- धर्मेंद्र ने फिल्मों में सिर्फ एक्टिंग की नहीं की, बल्कि वह प्रोड्यूसर भी रहे हैं। भारतीय सिनेमा में उनके योगदान के लिए उन्हें 2012 में पद्म भूषण से सम्मानित किया गया था। इसके अलावा उन्होंने नेशनल अवॉर्ड जीता और फिल्मफेयर के लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड के अलावा करीब दो दर्जन सम्मान उन्हे मिले हैं। जिसमें ये प्रमुख हैं।
- साल 2012 में उन्हें भारत सरकार ने पद्म भूषण से सम्मानित किया था।



- धर्मेंद्र की प्रोड्यूस फिल्म 'घायल' को साल 1990 में बेस्ट पॉपुलर फिल्म का नेशनल अवॉर्ड मिला था। इस फिल्म में उनके बेटे सनी देओल ने लीड रोल किया था।
- धर्मेंद्र को साल 1997 में फिल्मफेयर लाइफटाइम अचीवमेंट्स अवॉर्ड मिला था। वहीं 1991 में उनकी प्रोड्यूस फिल्म घायल को बेस्ट फिल्म का फिल्मफेयर अवॉर्ड मिला था।

## मेहनत से कमाई... करीब 5.35 अरब की संपत्ति

धर्मेंद्र की संपत्ति और नेट वर्थ की बात करें, तो रिपोर्ट्स के मुताबिक, यह 500 से 535 करोड़ रुपए (5.35 अरब) के आसपास बताई जाती है। यह अथाह संपत्ति उन्होंने फिल्मों में एक्टिंग के अलावा प्रोडक्शन, ब्रांड एंडोर्समेंट्स और इनवेस्टमेंट से जुटाई। धर्मेंद्र खास पढ़े-लिखे नहीं हैं, पर इसने कभी भी उनकी सफलता की राह में रोड़े नहीं अटकाए। धर्मेंद्र ने अपनी कड़ी मेहनत से हर मुश्किल को आसान बना लिया। धर्मेंद्र अब काफी समय से महाराष्ट्र के लोनावला स्थित अपने फार्महाउस पर रह रहे हैं। इसमें स्वीमिंग पूल समेत सारी लग्जरी सुविधाएं हैं। यहां धर्मेंद्र खेती भी करते हैं और काफी स्टाफ भी



रखा हुआ है। धर्मेंद्र वीडियोज इंस्टाग्राम पर शेयर करते रहते थे। उनके इस फार्महाउस की कीमत 120 करोड़ रुपए बताई जाती है। धर्मेंद्र के पास दो घर भी हैं, जिनमें से एक 20 करोड़ तो दूसरा 48 करोड़ रुपए के आसपास है। रिपोर्ट के मुताबिक, धर्मेंद्र के पास 17 करोड़ रुपए की और भी संपत्ति है, जो महाराष्ट्र में ही है। 1 करोड़ 55 लाख रुपए की खेती की जमीन है, जिस पर धर्मेंद्र का रिजॉर्ट बनाने का प्लान था। धर्मेंद्र के पास कई लग्जरी गाड़ियां भी हैं, जिनमें 1960 में खरीदी उनकी फिएट से लेकर विंटेज फिएट और मर्सिडीज बेंज तक, शामिल हैं।

## धरम पाजी की वो फिल्में... जिनके किरदारों ने उन्हे बुलंदियों तक पहुंचाया




**सत्यकाम** :1969, गंभीर मुद्रा में भी माहिर



**फूल और पत्थर** : 1966, इसी फिल्म से बने थे ही-मैन



**सीता और गीता** : 1972, जैसी भूमिका वैसे एक्प्रेशन



**मेरा गांव मेरा देश** :1971, सुपर हिट, धर्मेंद्र को सराहा गया



**शोले** : 1975, बसंती इन कुत्तों के सामने मत नाचना : हिट डायलॉग

## सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया दिल्ली आंचलिक कार्यालय में बैठक आयोजित



**नई दिल्ली।** सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया, आंचलिक कार्यालय दिल्ली द्वारा दिनांक 21.11.2025 को एक भव्य टाउन हॉल बैठक का सफल आयोजन किया गया, जिसमें दिल्ली अंचल के विभिन्न क्षेत्रों और शाखाओं से आए अधिकारियों तथा कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। बैठक की अध्यक्षता प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री कल्याण कुमार ने की।अपने प्रेरक संबोधन में श्री कल्याण कुमार ने बैंक के इतिहास, भविष्य की दृष्टि, चल रहे परिवर्तनकारी पहलुओं,व्यवसाय वृद्धि, ग्राहक-केन्द्रित उत्कृष्टता और खुदरा, कृषि और एमएसएमई ऋण के लक्ष्यों के रोडमैप पर विस्तृत रूप से चर्चा की। उन्होंने डिजिटल अपनाने, परिचालन दक्षता और सक्रिय ग्राहक सेवा को बैंक की रणनीतिक सफलता के महत्वपूर्ण स्तंभ बताया। साथ ही, दिल्ली अंचल के प्रयासों की सराहना करते हुए उच्च प्रदर्शन, नैतिक बैंकिंग और नवाचार की दिशा में लगातार प्रयास करने का आह्वान किया। साथ ही आपने से अपील की कि सभी अपने अपने सेल्फ डेवलपमेंट पर काम कर अपनी शाखा कार्यालय को एक हैप्पी प्लेस में बदलने का प्रयास करें, बैठक को दिल्ली अंचल प्रमुख श्री शीशराम टुंडवाल ने भी संबोधित किया और अंचल की उपलब्धियों, प्रमुख क्षेत्रों में व्यवसाय वृद्धि को और मजबूत करने के लिए आवश्यक सामूहिक प्रयासों पर जोर दिया। दिल्ली अंचल के 600 से अधिक कर्मचारियों ने इस टाउन हॉल बैठक में सहभागिता की। इंटरैक्टिव सत्र के दौरान कर्मचारियों को सुझाव रखने, मार्गदर्शन प्राप्त करने और उत्कृष्ट सेवा प्रदान करने के अपने संकल्प को पुनः व्यक्त करने का अवसर मिला। कार्यक्रम का समापन उप महाप्रबंधक श्री पी. सी. खुराना द्वारा दिए गए औपचारिक धन्यवाद प्रस्ताव के साथ हुआ।

## पश्चिमी उत्तर प्रदेश को तोहफा: अश्विनी वैष्णव ने बड़ौत से दो मेमू ट्रेनों को हरी झंडी दिखाई



**नई दिल्ली।** केंद्रीय रेल, सूचना एवं प्रसारण तथा इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव तथा केंद्रीय कौशल विकास एवं उद्यमिता राज्य मंत्री जयंत चौधरी ने दिनांक 24 नवम्बर, 2025 को बड़ौत स्टेशन पर दिल्ली और शामली के बीच दो नई मेमू ट्रेन सेवाओं का हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया। इस अवसर पर बागपत के सांसद राजकुमार सांगवान, पूर्व सांसद डॉक्टर सत्यपाल सिंह, विधान परिषद के सदस्य मोहित बेनीवाल, विधानसभा के सदस्य कृष्ण पाल मलिक तथा बड़ौत नगर पालिका की चेयरपर्सन बबीता तोमर की उपस्थिति रही।विशाल जनसमूह को संबोधित करते हुए, श्री अश्विनी वैष्णव ने कहा, ? प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के कुशल मार्गदर्शन में भारतीय रेल यात्रियों की बेहतर सेवा के लिए लगातार प्रयास कर रही है। दिल्ली और शामली के बीच दो नई मेमू सेवाओं के प्रारंभ होने से इस क्षेत्र के डेली पैसेंजर्स, छात्र, किसान और प्रोफेशनल्स को बेहतर मोबिलिटी का लाभ मिलेगा। उन्होंने बताया कि शामली स्टेशन को 'अमृत भारत स्टेशन योजना' के तहत 25 करोड़ रुपये की लागत से आधुनिक और विश्वस्तरीय बनाया जा रहा है शामली-बागपत क्षेत्र की एक लंबे समय से लंबित मांग आज दो नई मेमू ट्रेनों के उद्घाटन के साथ पूरी हो रही है। ये ट्रेनें इस क्षेत्र के लोगों के लिए यात्रा को आसान बना देंगी।?श्री वैष्णव द्वारा दिल्ली-शामली खंड के दोहरीकरण की घोषणा के समय, बड़ौत स्टेशन पर उपस्थित विशाल जनसमूह ने तालियाँ बजाकर इसका स्वागत किया। मंच पर उपस्थित नेताओं ने क्षेत्र की लंबे समय से लंबित मांग को पूरा करने के लिए श्री अश्विनी वैष्णव का आभार भी व्यक्त किया।श्री वैष्णव ने कहा कि उत्तर प्रदेश में वर्ष 2014 के बाद 5272 किलोमीटर नए ट्रैक बनाए गए हैं जो स्विट्जरलैंड के कुल रेल नेटवर्क के बराबर है। उत्तर प्रदेश में रेलवे लाइनों का शत-प्रतिशत

## पेज एक का शेष

### अयोध्या राम मंदिर...

कार्यक्रम में बडी तादाद में संत महात्मा शामिल होंगे। हालांकि इस कार्यक्रम में शंकराचार्यों को नहीं बुलाया गया है। इसके अलावा अयोध्या के ज्यादा से ज्यादा संत महात्मा यहां पर मौजूद रहेंगे। उत्तर प्रदेश के सभी समाजों को भी बुलाया गया है। जानकारी के अनुसार इस ध्वजारोहण कार्यक्रम में सामाजिक समरसता को दर्शाने के उद्देश्य से समाज के विभिन्न वर्गों से साधु-सन्यासियों को भी ध्वजारोहण समारोह में शामिल कराने की तैयारी है। कार्यक्रम की संवेदनशीलता को देखते हुए रविवार की रात से ही अयोध्या की ओर भारी वाहनों का आवागमन रोक दिया गया है। राम मंदिर के निर्माण व प्रबंधन को देखने वाले श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने अपील की है कि मंगलवार को आम श्रद्धालु रामलला के दर्शन के लिए न आएं बल्कि टीवी पर ही कार्यक्रम देखें। ध्वजारोहण कार्यक्रम के चलते 24 की रात से आम श्रद्धालुओं के दर्शन पर रोक 26 नवंबर तक जारी रहेगी। इस दौरान कार्क्रम में शामिल श्रद्धालुओं के लिए 26 व 27 नवम्बर को विशेष तौर पर दर्शन का कार्यक्रम बनाया गया है। रविवार को ही एटीएस व एनएसजी के कमांडों ने मंदिर परिसर की सुरक्षा संभाल ली है। इसके पहले रविवार को राम मंदिर में ध्वजारोहण को लेकर यज्ञशाला में विविध अनुष्ठान किये गए और ध्वजों के आरोहण से पहले पूजन किया गया। मंदिर ट्रस्ट के अनुसार 42 फुट लम्बे और 501 किग्रा वजन वाले धर्म ध्वज स्तम्भ को मशीन के माध्यम से 191 फीट की ऊंचाई पर लगाया जाएगा।

### पल-पल 'दिल ...

लगते थे। देओल परिवार भले ही उनकी बीमारी व निधन को व्यक्तिगत क्षति मानता हो पर उनके दर्शक समाज के लिए यह सार्वजनिक क्षति है। उनको याद करके एक आम दर्शक की आंखों में आंसू हैं। जिनके साथ उन्होंने काम किया है, वे भी भावुक हैं। पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि धरम जी के युग का अंत हो गया। उनकी सादगी व विनम्रता हमेशा याद रखी जाएगी। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, अमिताभ बच्चन समेत हर फील्ड के दिग्गजों ने उनको श्रद्धासुमन अर्पित किए हैं।

**'मरजाणे' तुझे तो किसी अमीर के घर पैदा होना चाहिए था:** बकौल धर्मेंद्र-एक्टर के लिए शरारती, विटी, इमोशनल, मासूम और जज्बाती होना जरूरी है। उन्होंने चौथी क्लास में अपने ननिहाल का किस्सा साझा करते हुए बताया था कि गांव में उनके परिवार की बड़ी इज्जत थी। मां को लोग बड़ी बीबी कहा करते थे। अंगुली पकड़कर चलते समय से गोद में चढ़ने की जिद करने पर मां ने कहा, मरजाणे तुझे तो किसी अमीर के घर पैदा होना चाहिए था। इस पर मैंने कहा- दे दो किसी को।

**उनको दिलीप कुमार की 'शहीद' से मिली प्रेरणा:** अभिनेता बनने के पीछे की प्रेरणा का जिक्र करते हुए उन्होंने एक बार कहा था, दिलीप कुमार अभिनीत शहीद फिल्म देखने के बाद उन्हें एक्टिंग की प्रेरणा मिली। देश के बंटवारे के कुछ ही समय बाद उन्होंने नौवीं कक्षा में पढ़ाई करने के दौरान फिल्म देखी थी। उनसे मिली प्रेरणा के बाद धर्मेंद्र ने अपनी लेखनी से कुछ पंक्तियां भी लिखीं।- इतना प्यारा इंसान यार, मुझे भी उनपर इतना प्यार आ रहा था, मुझे लगा उन्हें भी वैसा ही प्यार मिलना चाहिए, मुझे भी लोग प्यार करें, नौकरी करता, साइकल पर आता जाता, फिल्मी पोस्टर्स में अपनी झलक देखता, रातों को जागता, अनहोने ख्वाब देखता, सुबह उठकर आइने से पूछता, मैं दिलीप कुमार बन सकता हूं क्या?

### उनकी 'ही-मैन' ...

करीब 50 मील की साइक्लिंग करते थे। इसके अलावा घर में हैंडपंप न होने के कारण पानी कुए से भरा जाता था, वे कई घंटे तक बिना थके पानी भरा करते थे। मवेशियों के लिए हरा चारा काटने के लिए वे हाथों से चलने वाली मशीन भी चलाया करते थे। उसी वक्त वे बाहुबली हो गए थे। ही-मैन की छवि उनकी एक फिल्म से बनी, जब वे अपनी शर्ट एक महिला भिखारी को उतारकर पहना देते हैं।

### जब भी मेरे ....

लिया.. वही हूं मैं, वैसा ही रहूंगा, इसलिए लोग मुझे प्यार करते हैं।

### चीन ने अरुणाचल...

प्रेमा को प्रताड़ित करते हुए करीब 18 घंटे तक चीनी अधिकारियों ने हिरासत में भी रखा और उनका पासपोर्ट भी जब्त कर लिया। मामले से परेशान महिला ने भारत सरकार से मदद की गुहार लगाई है।

**अगली फ्लाइट पर नहीं चढ़ने दिया:** प्रेमा ने कहा कि वैध वीजा न होने को लेकर शुरू हुआ ये लंबा संघर्ष काफी परेशान करने वाला था। जिसमें उन्हें चीन के इमीग्रेशन अधिकारियों ने कोई सहयोग या सुविधा प्रदान नहीं की। उनका पासपोर्ट जब्त कर लिया गया और उन्हें जापान जाने वाली अगली फ्लाइट में भी चढ़ने नहीं दिया गया। जबकि उनके पास इसके लिए वैध वीजा मौजूद था। उन्होंने चीन की ईस्टर्न एयरलाइंस के कर्मचारियों के व्यवहार पर भी गहरी नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि वो हवाईअड्डे पर उनका मजाक उड़ा रहे थे और ये कह रहे थे कि वो चीन का पासपोर्ट क्यों नहीं ले लेती हैं? प्रेमा के मुताबिक, ट्रांजिट क्षेत्र में होने की वजह से वह न तो नया टिकट खरीद सकीं, न खाने का सामान और न ही किसी दूसरे काउंटर पर जा सकीं। चीनी अधिकारियों ने उन पर ईस्टर्न चाइना एयरलाइंस से ही टिकट खरीदने का दबाव भी बनाया।

**तय नहीं हैं अंतरराष्ट्रीय सीमाएं:** वहीं, जानकारों का कहना है कि भारत और चीन के बीच हालांकि आपसी संबंध धीरे-धीरे सामान्य हो रहे हैं। लेकिन अभी तक जम्मू-कश्मीर (लद्दाख शामिल) से लेकर अरुणाचल-प्रदेश तक दोनों देशों के बीच कुल करीब तीन हजार किलोमीटर से अधिक लंबी वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) ही मौजूद है। स्थायी अंतरराष्ट्रीय सीमाओं का निर्धारण नहीं गया है। चीन सालों से अरुणाचल-प्रदेश को दक्षिण-तिब्बत का हिस्सा बताता आया है। जबकि भारत उसके इस दावे को सिरे से खारिज करते हुए कई बार ये साफ कर चुका है कि अरुणाचल-प्रदेश का पूरा इलाका उसके क्षेत्राधिकार में आता है। यानी पूर्वी भारत में स्थित यह राज्य उसका अभिन्न अंग है। शंघाई हवाईअड्डे पर चीनी अधिकारियों का उक्त दावा भी ड्रैगन की इसी पुरानी सोच को ही प्रदर्शित करता है। फिलहाल दोनों देशों के बीच अंतरराष्ट्रीय सीमाओं का जमीनी स्तर पर स्पष्ट रूप से निर्धारण करने के लिए विशेष प्रतिनिधि स्तर (एसआर) की उच्च-स्तरीय वार्ता जारी है। जिसका नेतृत्व भारत और चीन के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार कर रहे हैं। एक बार सीमाएं तय हो जाने के बाद संभव है कि ऐसे विवाद भविष्य में सामने नहीं आएंगे।

### आखिरकार पिघल गई....

को उच्च-आकांक्षाओं के साथ एक बार फिर से शुरू करने की घोषणा की है। जिससे 2030 तक दोनों देशों के बीच व्यापार दोगुना होकर 50 बिलियन डॉलर तक पहुंच जाएगा। ज्ञात हो कि दोनों देशों के प्रधानमंत्रियों के बीच इस साल हुई ये दूसरी द्विपक्षीय बैठक थी। इससे पहले जून-2025 में कनाडा में हुए जी-7 शिखर सम्मेलन के दौरान भी दोनों के बीच एक बैठक हुई थी।

**नागरिकता कानून से भारतीयों को होगा ये लाभ:** कनाडा ने बिल को 'सी-3 नागरिकता कानून 2025' का नाम दिया है। जिसकी मदद से बड़ी तादाद में कनाडा में रह रहे भारतीय मूल के उन परिवारों को काफी राहत मिलेगी। जिनके बच्चे विदेशों में पैदा हुए या विदेशों में ही गोद लिए गए हैं। पुराने कानून में 2009 से चली आ रही पहली पीढ़ी की सीमा की वजह से विदेशों में पैदा हुए इन परिवारों के बच्चों को कनाडा की नागरिकता नहीं मिलती थी। कनाडा की सरकार ने इस संबंध में हाल के समय में सी-3 बिल को संसद में पेश किया था। जिसे पहले सीनेट ने पास किया और उसके बाद अब इसे शाही मंजूरी (रॉयल असेंट) मिल गई है यानी एक प्रकार से कनाडाई सरकार नए कानून को लागू करने के लिए पूरी तरह से तैयार है। सिर्फ उसे इस संबंध में तारीख का ऐलान करना है। जिसके साथ ही ये कानून कनाडा में लागू हुआ माना जाएगा।

**लॉस्ट कनेडियन्स की बल्ले-बल्ले:** कनाडा के सार्वजनिक प्रसारक सीबीसी ने कनाडा की इमिग्रेशन मंत्री लीना डियाब के हवाले से बताया कि यह नया सी-3 कानून पुराने नियमों की वजह से कनाडा की नागरिकता पाने से चूक गए लोगों के साथ खासतौर पर न्याय करेगा। कानून की मदद से उन परिवारों को बड़ी राहत मिलेगी। जिनके बच्चों को या कुछ मामलों में जिन्हें खुद भी विदेश में जन्म लेने की वजह से नागरिकता नहीं मिली थी। जबकि वो इसके हकदार थे। पहली पीढ़ी की सीमा के तहत कनाडा की नागरिकता ले चुके माता-पिता के विदेशों में जन्मे या गोद लिए हुए बच्चे को देश की नागरिकता नहीं दी जाती थी। जिसके चलते कनाडा में कई ऐसे लोग बन गए थे। जिन्हें 'लॉस्ट कनेडियन्स' कहा जाने लगा। यह ऐसे लोग थे जो खुद को कनाडाई नागरिक मानते थे। लेकिन कानून उन्हें इसकी इजाजत नहीं देता था।

**कोर्ट ने भी बताया असंवैधानिक:** ये मामला पिछले काफी लंबे वक्त से कनाडा में लंबित पड़ा हुआ था। जिसे लेकर 19 दिसंबर 2023 को ओंटारियो के सुपीरियर कोर्ट ऑफ जस्टिस ने पुराने नागरिकता कानून के कुछ अंशों को असंवैधानिक करार दिया था। जिनका संबंध नागरिकता की पहली पीढ़ी की सीमा से था। ध्यान देने वाली एक बात ये भी है कि कोर्ट के इस फैसले के खिलाफ कनाडा की सरकार ने भी कोई अपील नहीं की और ये माना की उक्त कानून कनाडा के बाहर पैदा हुए बच्चों के साथ पूरी तरह से न्याय नहीं करता है। लॉस्ट कनेडियन्स के संस्थापक डॉन चैपमैन ने कहा, कानून में संशोधन करना फेडरल सरकार की तरफ से आधुनिक कनाडाई परिवारों के लिए वैश्विक गतिशीलता को प्रदर्शित करता है। फिलहाल संशोधित कानून को लागू करने की सरकारी तारीख की घोषणा तक प्रभावितों के लिए अंतरिम व्यवस्था लागू रहेगी।

**50 बिलियन डॉलर का होगा व्यापार:** उधर, पीएम मोदी और उनके समकक्ष पीएम कार्नी के बीच हुई बैठक में ये तय किया गया कि व्यापक आर्थिक भागीदारी समझौते (सीईपीए) पर ठप पड़ी हुई बातचीत को पुनः उच्च-आकांक्षाओं के साथ फिर से शुरू किया जाएगा। जिसके तहत दोनों देश अगले पांच वर्षों में यानी 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार को दोगुना कर 50 बिलियन डॉलर तक पहुंचाने के लक्ष्य को प्राप्त करेंगे। दोनों पक्षों ने सिविल न्यूक्लियर सहयोग को लेकर अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। साथ ही दीर्घावधि यूरेनियम सप्लाई समझौतों के तहत जारी मौजूदा चर्चाओं को आगे बढ़ाते हुए सहयोग को मजबूत बनाने पर सहमति जताई। व्यापार, निवेश, रक्षा, शिक्षा, स्पेस, कृषि, गतिशीलता, सतत विकास, विज्ञान-प्रौद्योगिकी और ऊर्जा जैसे क्षेत्र भी दोनों नेताओं की बातचीत में शामिल किए गए। प्रधानमंत्री कार्नी ने 2026 में भारत की मेजबानी में होने वाले एआई इंपैक्ट समिट को लेकर सहयोग प्रदान करने की पुष्टि की है।

**भारत आएंगे कार्नी, स्वीकार किया निमंत्रण:** कनाडा के प्रधानमंत्री ने बैठक में पीएम मोदी द्वारा दिया गया भारत यात्रा का निमंत्रण स्वीकार कर लिया है। कनाडा के प्रधानमंत्री कार्यालय ने इसकी पुष्टि भी कर दी है। बैठक में दोनों नेताओं ने नियमित रूप से आयोजित किए जाने वाली उच्च-स्तरीय दौरों (मंत्री स्तरीय, व्यापारिक समुदाय शामिल) को उनके महत्व के साथ स्वीकार किया है।

### नौसेना में शामिल ...

गए हुए थे। लेकिन बाद में तारीखों में बदलाव सामने आया और अब माहे को समुद्री बल में शामिल कर लिया गया है।

**सीएसएल ने अक्टूबर-25 में की डिलीवरी:** सीएसएल ने पिछले अक्टूबर महीने में नौसेना को माहे युद्धपोत की डिलीवरी कर दी थी। जिसके बाद अब इसे बल की मुंबई स्थित पश्चिमी कमांड में शामिल कर लिया गया है। समारोह में नौसेना की पश्चिमी कमांड के प्रमुख वाइस एडमिरल कृष्णा स्वामीनाथन भी मौजूद थे। पोत का निर्माण नौसेना ने समुद्र में पानी के अंदर निगरानी, खोज और बचाव कार्यों के लिए किया है। साथ ही ये कम तीव्रता वाले समुद्री अभियानों, एएसडब्ल्यू रॉकेट, समुद्री बारूदी सुरंग बिछाने की क्षमता सहित नौसेना की तटीय पनडुब्बी रोधी ताकत को भी मजबूती प्रदान करेगा। माहे हल्के टॉरपीडो, पनडुब्बी रोधी रॉकेट और उन्नत सोनार और रडार से भी लैस है। **यूं दिया गया माहे नाम:** पोत का नामकरण ऐतिहासिक केंद्रशासित प्रदेश पुडुचेरी (मालाबार तट के पास स्थित) के एक नगर माहे के नाम पर रखा गया है। सीएसएल में इस श्रेणी के बाकी सात युद्धपोत का निर्माण कार्य अलग-अलग स्तर पर जारी है।

**समुद्री क्षेत्रों में बढ़ेगी निगरानी:** जनरल द्विवेदी, सेनाप्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने कहा, यह पोत न केवल एक शक्ति समुद्री प्लेटफार्म के नौसेना में शामिल होने का प्रतीक मात्र है। बल्कि यह भारत की स्वदेशी तकनीक के साथ जटिल लड़ाकू जहाजों को डिजाइन सहित निर्मित करने की बढ़ती क्षमता को भी दर्शाता है। सशस्त्र बलों की ताकत जमीन, समुद्र और हवा में तालमेल में निहित है। भविष्य के संघर्ष बहुक्षेत्रीय होंगे और उनसे मुकाबला करने के लिए एकजुट राष्ट्रीय प्रयास की आवश्यकता होगी। जनरल द्विवेदी ने ऑपरेशन सिंदूर का उल्लेख करते हुए कहा कि दुनिया में एचएडीआर, जलथल अभियानों में सेना, नौसेना की दीर्घकालिक साझेदारी है।

### सेनाप्रमुख पहले ....

तक नौसेना में कुछ और युद्धपोत शामिल होने की संभावना है। जिनमें अगले दिसंबर महीने में एक एएसडब्ल्यू शैलो वाटर क्राफ्ट भी शामिल है।

### सीएसएल ने स्वदेश...

है। जबकि आदर्श वाक्य साइलेंट हंटर्स है। जो कि पोत की गुप्तता, सतर्कता और अदम्य तत्परता का प्रतीक है।


## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 CrPC देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **जितेन्द्र तिवारी पुत्र** अवधेश तिवारी, **निवासी** मकान नं0 106, बड़ा चौक मंडावली, फाजिलपुर, दिल्ली, ने **FIR No. 789/14, U/S 279/338 IPC, पुलिस स्टेशन फर्श बाज़ार, शाहदरा जिला, दिल्ली**, के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किया गया गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **जितेन्द्र तिवारी** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **जितेन्द्र तिवारी** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 789/14, U/S 279/338 IPC, पुलिस स्टेशन फर्श बाज़ार, शाहदरा जिला, दिल्ली**, के उक्त अभियुक्त **जितेन्द्र तिवारी** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **19.01.2026** को या इससे पहले हाज़िर हो।

**आदेशानुसार**
**श्री अखिल मलिक**
**न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–02,**
**कमरा नं0–38, शाहदरा जिला,**
**कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली**

**DP/15756/SHD/2025**
**(Court Matter)**

## ☞ यात्रीगण कृपया ध्यान दें ☜

## दिल्ली जं. एवं शामली तथा दिल्ली शाहदरा एवं शामली रेलवे स्टेशनों के बीच नई एमईएमयू ट्रेन सेवाओं का शुभारम्भ

समस्त रेलयात्रियों को सूचित किया जाता है कि उत्तर रेलवे द्वारा दो नई **एमईएमयू** ट्रेन सेवाएं शुरू करने का निर्णय लिया गया है। ये रेल सेवाएँ निम्नलिखित विवरण के अनुसार सेवाएं आरंभ करेंगी:–

**64033/64034 दिल्ली जं. – शामली – दिल्ली जं. एमईएमयू रेलगाड़ी (प्रतिदिन)**

| गाड़ी सं. 64033 | | स्टेशन | गाड़ी सं. 64034 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 16:25 | दिल्ली जं. | 10:00 | --- |
| 16:39 | 16:40 | दिल्ली शाहदरा | 09:13 | 09:14 |
| 16:45 | 16:46 | गोकुलपुर सबोली हाल्ट | 08:50 | 08:51 |
| 16:52 | 16:53 | नोली | 08:45 | 08:46 |
| 17:12 | 17:13 | खेकड़ा | 08:25 | 08:26 |
| 17:29 | 17:30 | बागपत रोड | 08:01 | 08:02 |
| 17:47 | 17:48 | बड़ौत | 07:42 | 07:43 |
| 17:57 | 17:58 | कासिमपुर खेड़ी | 07:31 | 07:32 |
| 18:13 | 18:14 | कांधला | 07:11 | 07:12 |
| 19:00 | --- | शामली | --- | 07:00 |

चलने के दिन : 64033 दिल्ली जं से तथा 64034 शामली से दिनांक 25.11.2025 से (प्रतिदिन)।
स्थान : सामान्य।

**64035/64036 दिल्ली शाहदरा – शामली – दिल्ली शाहदरा एमईएमयू रेलगाड़ी (प्रतिदिन)**

| गाड़ी सं. 64035 | | स्टेशन | गाड़ी सं. 64036 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 10:00 | दिल्ली शाहदरा | 15:30 | --- |
| 10:06 | 10:07 | गोकुलपुर सबोली हाल्ट | 14:36 | 14:37 |
| 10:11 | 10:12 | नोली | 14:30 | 14:31 |
| 10:26 | 10:27 | खेकड़ा | 14:11 | 14:12 |
| 10:37 | 10:38 | बागपत रोड | 13:59 | 14:00 |
| 10:52 | 10:53 | बड़ौत | 13:45 | 13:46 |
| 11:04 | 11:05 | कासिमपुर खेड़ी | 13:36 | 13:37 |
| 11:24 | 11:25 | कांधला | 13:21 | 13:22 |
| 12:00 | --- | शामली | --- | 13:10 |

चलने के दिन : 64035 दिल्ली शाहदरा से तथा 64036 शामली से दिनांक 25.11.2025 से (प्रतिदिन)।
स्थान : सामान्य।

**नोटः** उपरोक्त नई रेल सेवाओं के शुभारंभ के फलस्वरूप, रेलगाड़ी सं. 64091 दिल्ली–शामली एमईएमयू, 14546 सहारनपुर–दिल्ली एक्सप्रेस, 74021 दिल्ली– सहारनपुर डीएमयू, 14306 हरिद्वार–दिल्ली एक्सप्रेस, 64026 सहारनपुर–दिल्ली एमईएमयू और 64023 दिल्ली–सहारनपुर एमईएमयू रेलगाड़ियों की संशोधित समय–सारणी दिनांक 25.11.2025 से प्रभावी होगी। यात्रा करने के इच्छुक रेल यात्रियों को सुझाव दिया जाता है कि वे अपनी यात्रा आरंभ करने से पहले कृपया रेल मदद हेल्पलाइन नं. 139, एनटीईएस ऐप अथवा भारतीय रेल की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in के माध्यम से इनकी अद्यतन समय–सारणी अवश्य देखें।

पर हमें फॉलो करें
उत्तर रेलवे
आपकी सुविधा - हमारा ध्येय
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें
3649/2025
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


## राशिफल

**मेष** – कार्यक्षेत्र में परिश्रम की अधिकता रहेगी। आय में व्यवधान आ सकते हैं, खर्चों में वृद्धि होगी। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जा सकते हैं।

**वृष** – कार्यों के प्रति उत्साह रहेगा, परंतु बातचीत में संतुलित रहें। मन अशांत रहेगा, धर्म–कर्म के प्रति रूझान बढ़ेगा। खर्चों में वृद्धि होगी,स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

**मिथुन** – अपनी भावनाओं को वश में रखें, आत्मविश्वास में कमी आएगी। क्रोध के अतिरेक से बचें, पारिवारिक जिम्मेदारी बढ़ सकती है।

**कर्क** – आत्मविश्वास में कमी आएगी, शांत रहें। सुस्वाद खान–पान में रुचि बढ़ेगी,संचित धन में कमी आएगी, लेखनादि, बौद्धिक कार्यों से धर्नाजन हो सकता है।

**सिंह** – पठन–पाठन में रुचि रहेगी, पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। नौकरी में तरक्की के अवसर मिलेंगे, संपत्ति का विस्तार हो सकता है।

**कन्या** – नौकरी में परिवर्तन के साथ दूसरे स्थान पर भी जाना पड़ सकता है। आयात–निर्यात कारोबार में लाभ के अवसर प्राप्त होंगे।

**तुला** – आलस्य की अधिकता रहेगी, घर–परिवार की सुख सुविधाओं का विस्तार होगा। जीवन साथी से मनमुटाव हो सकता है। परिश्रम की अधिकता रहेगी।

**वृश्चिक** – वाणी में कठोरता के भाव रहेंगे,वस्त्रों आदि के प्रति रूझान बढ़ेगा। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। संचित धन में वृद्धि होने के योग बन रहे हैं।

**धनु** – रहन–सहन में असहज रहेंगे, मीठे खान–पान की ओर रूझान बढ़ेगा। संपत्ति से आय में बढ़ोत्तरी हो सकती है, नौकरी में स्थान परिवर्तन संभव है।

**मकर** – आत्मविश्वास से परिपूर्ण रहेंगे, अध्ययन में रूचि रहेगी। संपत्ति के रखरखाव पर खचें बढ़ सकते हैं। चिकित्सा कार्यों में खर्च बढ़ सकते हैं।

**कुंभ** – परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जाना हो सकता है। खान–पान के प्रति सचेत रहें, स्वास्थ्य में गड़बड़ी हो सकती है।

**मीन** – रहन–सहन कष्टकारी हो सकता है, अफसरों का सहयोग मिलेगा। परिवार का भी सहयोग मिलेगा, वस्त्रों आदि पर खर्चों में वृद्धि हो सकती है।

## सोनालीका ट्रैक्टर ने शुरू की खेती में नए युग की शुरुआत



**नई दिल्ली।** भारत से ट्रैक्टर एक्सपोर्ट में नंबर 1 ब्रांड, सोनालीका ट्रैक्टर्स ने महाराष्ट्र के नागपुर में आयोजित भारत के प्रीमियर एग्री समिट 16वें एग्रोविजन 2025 में देश की हरित और लाभदायक कृषि हेतु एक बड़ी पहल की है। केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री श्री नितिन गडकरी और केंद्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्री, भारत सरकार श्री शिवराज सिंह चौहान की गरिमामयी उपस्थिति में, सोनालीका ने अपना नया सीएनजी/सीबीजी ईंधन द्वारा संचालित ट्रैक्टर पेश किया है। यह ऐतिहासिक पेशकश भारत सरकार के सतत और गोबरधन कार्यक्रमों के साथ निकटता से जुड़ी हुई है, जिनका उद्देश्य देश के स्वच्छ ऊर्जा पारिस्थिति को मज़बूत करना है। इस नए अनावरण के साथ, सोनालीका ने भविष्य के लिए तैयार ट्रैक्टर बनाने की अपनी प्रतिबद्धता को और मज़बूत किया है। सोनालीका का बिल्कुल नया सीएनजी /सीबीजी ट्रैक्टर विशेष रूप से हैवी-ड्यूटी ढुलाई के लिए डिज़ाइन किया गया है, जहाँ टॉर्क, विश्वसनीयता और ईंधन दक्षता महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इसमें 2000 रेटेड RPM वाला एक ताक़तवर एवं ईंधन कुशल इंजन, साइड शिफ्ट गियर सिस्टम के साथ 12+3 कॉन्स्टेंट मेश ट्रांसमिशन और 14.9x28


## सूचना

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।



## PUBLIC NOTICE


This is to inform public in general that Kotak Mahindra bank Ltd has organized an auction in below mention respect of Vehicles.

**VEHICLES FOR SALE**

1) ASHOK_LEY AL_1214
REG. NO. UP15ET2732- YOM- 2019
MINIMUM RESERVE PRICE 538094.2

UNDER HYPOTHECATION WITH M/S KOTAK MAHINDRA BANK IS UNDER SALE IN ITS "AS IS WHERE IS CONDITION"INTERESTED PARTIES CAN GIVE THEIR QUOTATIONS (ONLINE/OFFLINE) WITHIN 7 DAYS FROM THIS PAPER PUBLICATION I.E. ON OR BEFORE 01-12-2025 (PLEASE NOTE THAT CLOSING AUCTION DATE WOULD NOT BE A WEEKLY OFF / HOLIDAY).
BRANCH ADDRESS:
KOTAK MAHINDRA BANK
3RD FLOOR, PLOT NO 7, SECTOR 125,
NOIDA-201313 OR
CONTACT : PUNIT PARASHAR
KOTAK MAHINDRA BANK LTD.
CONTACT NO. 8377905498
EMAIL-punit.parshar@kotak.com


## शब्द पहेली - 6058




**बाएँ से दाएँ**
1.महर्षि वेदव्यास द्वारा रचित महाकाव्य–5
4.आज्ञापत्र, पतंगा–4
7.शरीर, बदन–2
8.होशियार, हुनरमंद–3
9.नस, नाड़ी–2
10.तीर रखने का पात्र–4
11.गधा, गर्दभ–2
13.जो बंदी हो–3
14.पत्नी, भार्या–2
15.दृष्टि, निगाह–3
17.खैरात, दक्षिणा–2
19.अपने ही घर में कैद होना–5
22.भाग्यवाला–5
25.जी, इच्छा–2
26.तन, काया–3
28.दुनिया, संसार–2
29.वेतन–3
30.भीगा हुआ–2
32.सागौन, एक प्रकार की मूल्यवान लकड़ी–4
34.परिणाम,हल,फ्रूट–2
36.सचेग–3
37.राजकपूर,नरगिस की फिल्म–2
38.चाणक्य के समय मगध की राजधानी–4
39.निरस्त करना–2,3

**ऊपर से नीचे**
1.आमिर,मनीषा कोइराला की फिल्म–2
2.रवि, सूर्य–3
3.तमाशा देखनेवाले–5
4.परीक्षण,जांच–3
5.सप्ताह का दिन–2
6.जो नापसंद हो (उर्दू–4)
7.गोविंदा व खुशबू की फिल्म–2,3
10.भाग्य,किस्मत–4
12.क्रिकेट में बनते हैं–2
16.नसीरुद्दीन शाह की एक फिल्म –3
17.खुजली–2
18.रस्सी पर अपराधी को लटकाना–2
20.आवश्यक–3
21.कैदी, बंधक–2
22.इसाई साध्वी–2
23.बालकपन–4
24.असावधान–5
25.महासमुद्र–5
26.सज्जनता, भद्रता–4
27.अभिषेक की फिल्म–2
31.मुद्दा (उर्दू–3)
33.वाचन करनेवाला–3
35.उद्देश्य–2
37.आगमन,आने का भाव–2

**शब्द पहेली- 6057 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| उ | थ | ल | पु | थ | ल | ■ | मा | न | व | ता |
| त | न | ■ | ल | ■ | ल | ब्बा | ई | ■ | श | र |
| रा | ■ | आ | क | र्ष | क | ■ | न | स | ■ | को |
| धि | क्का | र | ना | ■ | ■ | अ | ■ | च | प | ल |
| का | ■ | क्ष | ■ | भा | गी | दा | र | ■ | र | ■ |
| र | म | ण | यो | ग्य | ■ | व | ज | न | दा | र |
| ■ | ह | ■ | ग | फ | ल | त | ■ | म | ■ | ह |
| द | ल | ना | ■ | ल | ■ | ■ | य | की | न | न |
| श | ■ | का | व्य | ■ | त | न | म | न | ■ | स |
| ह | य | ■ | स | ला | मी | ■ | रा | ■ | रा | ह |
| रा | ह | ज | न | ■ | ज | हा | ज | चा | ल | न |



## चिंतन

# महिलाओं ने तीन विश्व कप जीतकर लिखा नया अध्याय

आज हम 21वीं सदी में है। कभी वो समय था, जब महिलाओं को केवल घर की चारदीवारी तक ही सिमित रखा जाता था। यहां तक की अनेक देशों में तो उन्हें वोट देने तक का अधिकार नहीं था, लेकिन आधुनिक युग में महिलाएं कहीं भी पुरुषों से पीछे नहीं हैं। वे जितने अच्छे से घर, परिवार और माता -पिता को संभालती हैं, उतने ही अच्छे से हवाई जहाज भी उड़ा रही हैं। बड़ी कंपनी में भी दायित्व निभा रही हैं। यहां तक कि देश की रक्षा में भी उनका अहम योगदान है। उन्होंने अपनी योग्यता का चौतरफा लोहा मनवा लिया है। चांद पर जाने वाली भी महिला है और घर संभालने वाली भी। इसी कड़ी में क्रिकेट विश्व कप जीतने के बाद देश को महिलाओं ने एक बार फिर गर्व का मौका दिया है। अब उन्होंने कबड्डी में दुनियाभर में धाक जमाते हुए वर्ल्ड कप जीत लिया है। बांग्लादेश के ढाका में 2025 का फाइनल भारत और चीनी ताइपे के बीच खेला गया। खिताबी मुकाबले में भारत ने चीनी ताइपे को 35-28 के स्कोर से हरा दिया। भारतीय महिला टीम ने लगातार दूसरी बार महिला वर्ल्ड कप का खिताब जीता है। भारत ने ग्रुप चरण के सभी चार मैचों में जीत हासिल कर और सेमीफाइनल में ईरान को 33-21 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया था। उनके प्रतिद्वंद्वी चीनी ताइपे भी खिताबी मुकाबले में अपराजित थे और उन्होंने मेजबान बांग्लादेश को 25-18 से हराकर फाइनल में जगह बनाई थी। फाइनल मुकाबला काफी जोरदार रहा, जिसमें चीनी ताइपे ने शुरुआती दौर में भारत के डिफेंस को चुनौती दी। हालांकि, भारतीय खिलाड़ियों ने अनुशासित टैकल और सही समय पर किए गए हमलों के जरिए धीरे-धीरे नियंत्रण हासिल किया और मैच के निर्णायक क्षणों में संयम बनाए रखा और कप अपने नाम कर लिया। भारत की बेटियां अपने दम पर दुनिया में देश का नाम रोशन कर रही हैं। पिछले 30 दिन के भीतर इन बेटियों ने 3 वर्ल्ड कप जीत लिए हैं। सबसे पहले भारत की महिला क्रिकेट टीम ने साउथ अफ्रीका को हराकर महिला क्रिकेट वर्ल्ड कप का खिताब जीता। इसके बाद ब्लाइंड महिला टी20 वर्ल्ड कप में भारत की ब्लाइंड महिला क्रिकेट टीम ने कमाल कर दिया। उन्होंने फाइनल में नेपाल को 7 विकेट से हराया और ब्लाइंड महिला टी20 वर्ल्ड कप का खिताब कोलंबो में जीता। पहली बार ब्लाइंड महिला टी20 वर्ल्ड कप का आयोजन हुआ था। इसके बाद अब भारत की महिला कबड्डी टीम ने भी वर्ल्ड कप जीत लिया है। हमारी सोच चाहे कैसी भी रही हो, सच तो यही है कि आज की महिलाएं हर क्षेत्र में पुरुषों के बराबर या उनसे आगे हैं, भले ही उन्हें विपरीत परिस्थितियों और सामाजिक बाधाओं का सामना करना पड़े। महिलाएं हर क्षेत्र में अपनी मेहनत, लगन और बुद्धिमत्ता से पुरुषों को मात दे रही हैं। इतना सब होने के बावजूद आज भी हमारे समाज में दहेज के लिए हत्या, यौन शोषण, कन्या भ्रूण हत्या व महिलाओं के खिलाफ अपराध जैसी कुरीतियां भी हैं। जिन पर पार पाना अभी शेष है। ऐसे लोग भी हैं जो इतना सब होने के बाद भी महिलाओं को दोयम दर्जे का समझते हैं और उन्हें किसी तरह के अधिकार देने को तैयार नहीं। अगर हम ऐसी मानसिकता से निपटने में कामयाब रहे तो तय है कि ये आधी आबादी न केवल देश को ज्यादा गौरवान्वित करेगी बल्कि विकास की रफ्तार भी तेज होगी।

# धार्मिक स्वतंत्रता के संरक्षक गुरु तेग बहादुर



प्रेरणा
नायब सिंह सैनी

**हिंदुस्तान गुरुओं, संतों, महापुरुषों, फकीरों का देश है। प्रदेश में कुरुक्षेत्र की धरती पर अधर्म के विरुद्ध धर्म की रक्षा के लिए महाभारत का युद्ध हुआ। महाराज कुरु ने स्वर्ण मंडित हल चलाया एवं भगवान श्री कृष्ण जी ने अर्जुन को गीता का उपदेश दिया। इसीलिए हरियाणा सरकार ने श्री गुरु तेग बहादुर जी का 350वीं शहादत समागम ज्योतिसर में मनाने का फैसला लिया। सरकार ने संत-महापुरुष सम्मान एवं विचार प्रसार योजना शुरू की, जिसके अंतर्गत श्री गुरु नानक देव जी, श्री गुरु तेग बहादुर जी, श्री गुरु गोबिन्द सिंह जी, बाबा बंदासिंह बहादुर जी, धन्ना भगत जी, संत कबीर जी, संत नामदेव जी और संत रविदास जी सहित अन्य महान संतों के विचारों के प्रचार-प्रसार के लिए कार्यक्रम किए जाते हैं।**

भारत की आध्यात्मिक और सांस्कृतिक धरोहर में यदि किसी एक व्यक्तित्व की उपस्थिति सदियों से अडिग, उज्ज्वल और अमर रही है, तो वे हैं श्री गुरु तेग बहादुर जी, जो पीढ़ी दर पीढ़ी मानवता के सच्चे रक्षक, अत्याचार के विरुद्ध अदम्य साहस के प्रतीक और धार्मिक स्वतंत्रता के महान संरक्षक के रूप में जाने जाते हैं। उनका बलिदान केवल एक समुदाय या क्षेत्र के लिए नहीं था, बल्कि संपूर्ण मानवता के लिए था। एक ऐसा बलिदान, जिसने भारत की आध्यात्मिक आत्मा को सुरक्षित रखा और "वसुधैव कुटुम्बकम" के सिद्धांत को जीवंत किया।

श्री गुरु तेग बहादुर जी के बचपन का नाम त्याग मल था। वे छठे पातशाह श्री गुरु हरगोबिंद साहिब जी व माता नानकी जी की संतान थे। उनका जन्म 1 अप्रैल 1621 ई. को अमृतसर में हुआ। वहां आज गुरुद्वारा 'गुरु के महल' के नाम से सुशोभित है।

गुरु जी के जन्म के समय, हिन्दुस्तान पर मुगल बादशाह औरंगजेब का शासन था। वह पूरे भारतवर्ष का इस्लामीकरण करना चाहता था। भारत में उस समय बहुतायत, सनातन को मानने वालों की थी। औरंगजेब के धर्म परिवर्तन के लिए किए जा रहे अत्याचार से सताए हुए तत्कालीन हिंदू नेता पंडित कृपा राम जी ने कश्मीर से अपने साथियों के साथ श्री आनंदपुर साहिब (पंजाब) में गुरु तेग बहादुर जी के पास पहुंच कर किए जा रहे जुल्म को रोकने तथा धर्म की रक्षा करने की विनती की।

गुरु जी ने उनकी फरियाद सुनकर कहा कि ऐसे अत्याचारों को रोकने के लिए किसी महापुरुष को बलिदान देना होगा। उस समय बालक गोबिंद राय ने पूरी वार्ता सुनकर, अपने पिता गुरु तेग बहादुर जी से कहा कि, आप जी से बड़ा कोई महापुरुष नहीं हैं। इसलिए बलिदान आपको ही देना चाहिए। यह सुनकर, गुरु जी ने अन्तर्मुग्ध होते हुए, आए फरियादियों से कहा कि जाओ, औरंगजेब को कह दो, कि यदि गुरु तेग बहादुर जी धर्म परिवर्तन कर लेंगे तो पूरा भारतवर्ष ही, इस्लाम कबूल कर लेगा। यह संदेश जब औरंगजेब को मिला तब उसने गुरु जी को दिल्ली दरबार में उपस्थित होकर इस्लाम कबूल करने को कहा। तब उन्होंने दृढ़तापूर्वक, फ़तवा स्वीकार करने से इनकार कर दिया। बादशाह ने अवज्ञा का परिणाम, मृत्यु के रूप में कबूलने के लिए कहा। सजा की तारीख 11 नवंबर, 1675 तय करके चांदनी चौक, दिल्ली में गुरु जी के साथ गए तीन श्रद्धालुओं - भाई दयाला जी, भाई सती दास जी और भाई मती दास जी को देग में उबाल, रूई में लपेट जलाकर और आरे से चीरकर शहीद करने के बाद भी जब गुरु तेग बहादुर जी घबराए नहीं, बल्कि दृढ़ रहे, तब गुरु जी का शीश भी धड़ से अलग कर दिया।

इतना ही नहीं, भाई जैता जी को दिल्ली से आते हुए, गांव गढ़ी कुशाला (बढ खालसा) सोनीपत में, शीश सहित मुगल फौज ने घेर लिया। इस गांव के गुरु घर के अनन्य सेवक, भाई कुशाल सिंह दहिया ने, अपने शीश को पुत्र द्वारा फौज के हवाले करवा दिया और फिर भाई जैता जी फौज को चकमा देकर गुरु जी के शीश सहित तरावड़ी, अम्बाला से होते हुए श्री आनंदपुर साहिब पहुंचे। उनके शीश को आनंदपुर साहिब पहुंचाने के लिए भाई जैता जी ने सेवा निभाई। पवित्र शरीर का संस्कार उस समय के विश्व के सबसे अमीर लोगों में शामिल लक्खी शाह वंजारा ने अपने गांव रायसिना (दिल्ली) में



अपने घर में रख आग लगाकर किया था। इस हृदय-विदारक घटना के उपरांत ही, मुगलिया सल्तनत का पतन होना तय हो गया।

यह हमारा गौरव है कि हमारा हिंदुस्तान गुरुओं, संतों, महापुरुषों, फकीरों का देश है। यहीं हरियाणा प्रदेश में कुरुक्षेत्र की धरती पर अधर्म के विरुद्ध धर्म की रक्षा के लिए महाभारत का युद्ध हुआ। यहां महाराज कुरु ने स्वर्ण मंडित हल चलाया एवं भगवान श्री कृष्ण जी ने अर्जुन को गीता का उपदेश दिया। इसीलिए हरियाणा सरकार ने श्री गुरु तेग बहादुर जी का 350वां शहादत समागम ज्योतिसर में मनाने का फैसला लिया।

हरियाणा में ही, सिख समुदाय के पहले बादशाह बाबा बंदा सिंह बहादुर की राजधानी लोहगढ़ (यमुनानगर) में मार्शल आर्ट इंस्टीट्यूट व श्री गुरु तेग बहादुर मेडिकल कॉलेज, यमुनानगर बनाया जा रहा है। श्री गुरु नानक देव जी के गुरुद्वारा चिल्ला साहिब (सिरसा) की 72 कनाल भूमि बिना कोई कीमत लिए कमेटी को निशुल्क दी गई। सारे प्रदेश में, अन्य स्थानों पर भी स्मारक द्वार, कॉलेज एवं संस्थानों का नामकरण गुरु साहिबानों के नाम पर किया गया है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी की अगुवाई में सारे विश्व में, लगभग 142 विदेशी दूतावास हैं, वहां के स्थानीय लोगों के सहयोग से, गुरु जी की शहादत को नमन किया जा रहा है। कुरुक्षेत्र की पवित्र धरती पर आठ गुरु साहिबान, श्री गुरु नानक देव जी, श्री गुरु अमरदास जी, श्री गुरु अर्जुन देव जी, श्री गुरु हरगोबिंद साहिब जी, श्री गुरु हरिराय जी, श्री गुरु हरिकृष्ण जी, श्री गुरु तेग बहादुर जी तथा श्री गुरु गोबिंद सिंह जी ने समय-समय पर इस धरती पर अपने चरण डालकर पवित्र किया।

हरियाणा सरकार द्वारा पहली नवम्बर से 25 नवम्बर, 2025 तक हरियाणा में गुरु साहिब जी की स्मृति में अनेक आयोजन किए हैं जोकि जन-सहभागिता और आध्यात्मिक एकता की अनोखी मिसाल बने हैं। राज्यभर में चारों दिशाओं से निकली श्रद्धा यात्राएं एक अनोखा आध्यात्मिक और सांस्कृतिक उत्सव बन गई हैं। राज्य में 8 नवंबर को रोड़ी (सिरसा), 11 नवंबर को पिंजौर (पंचकूला), 14 नवंबर को फरीदाबाद तथा 18 नवंबर को कपाल मोचन (यमुनानगर) में आयोजित यात्राओं ने हरियाणा को सचमुच एक आध्यात्मिक और भाईचारे की एकजुटता के धागे में पिरो दिया है। प्रदेश के गांव-गांव में कीर्तन, भजन, सत्संग और गुरु साहिब जी की वाणी का पाठ किया गया।

गुरु तेग बहादुर जी की स्मृति में प्रदेश सरकार द्वारा कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं। सिरसा स्थित चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय में 'गुरु तेग बहादुर चेयर' की स्थापना की। अंबाला के पॉलिटेक्निक कॉलेज का नाम बदलकर गुरु तेग बहादुर जी के नाम पर रखने का प्रस्ताव स्वीकृत किया गया है। करनाल में एक भव्य मैराथन तथा टोहाना-जींद-नरवाना मार्ग को "गुरु तेग बहादुर मार्ग" नाम देने की प्रक्रिया प्रारम्भ हो चुकी है। कलेसर क्षेत्र में "गुरु तेग बहादुर वन" विकसित किया जा रहा है। यमुनानगर के किशनपुर में "जी.टी.बी. कृषि महाविद्यालय" की स्थापना भी प्रस्तावित है। इन सभी पहलों का उद्देश्य गुरु तेग बहादुर जी के त्याग, बलिदान और मानवता के अद्वितीय संदेश को भावी पीढ़ियों तक पहुंचाना है।

गुरु साहिब जी के संदेश आज भी हमारे दिलों में उतने ही जीवन्त और प्रभावशाली हैं, जितने 350 वर्ष पहले थे। उनकी अमर वाणी और उनका अद्वितीय बलिदान हमें तथा आने वाली पीढ़ियों को सदा प्रेरित करता रहेगा। गुरु जी की शहादत संबंधी, गुरु परंपरा के समकालीन कवि "सेनापति" ने उपयुक्त और अति सुंदर कहा है-

'प्रगट भयो गुरु तेग बहादर, सकल सृष्ट पै ढापी चादर'

(लेखक हरियाणा के मुख्यमंत्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## पद ग्रहण

डॉ. चन्द्र त्रिखा



# जस्टिस सूर्यकांत : गांव से मुख्य न्यायाधीश तक

राष्ट्रपति भवन का ऐतिहासिक प्रांगण एक बार पुनः भारतीय लोकतंत्र की गौरवशाली परंपरा का साक्षी बना, जब जस्टिस सूर्यकांत ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के समक्ष पूर्ण निष्ठा, निष्पक्षता और संवैधानिक मूल्यों के प्रति समर्पण की शपथ लेते हुए भारत के 53वें मुख्य न्यायाधीश का पद ग्रहण किया। यह क्षण केवल एक संवैधानिक औपचारिकता भर नहीं था, बल्कि भारतीय न्यायपालिका के इतिहास में एक ऐसे अध्याय का उद्घाटन था जिसमें अनुभव, संवेदनशीलता और नैतिक दृढ़ता तीनों एक साथ दिखाई देती हैं।

जस्टिस सूर्यकांत का जन्म 10 फरवरी 1962 को हरियाणा के हिसार जिले के पेटवाड़ गांव में हुआ। ग्रामीण परिवेश, सादगी, मेहनत और संस्कारों से भरे वातावरण ने उनके व्यक्तित्व का वह आधार गढ़ा, जिस पर आगे चलकर भारतीय न्यायपालिका की ऊँचाइयों तक पहुंचने का महल खड़ा हुआ। उन्होंने महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय, रोहतक से कानून की शिक्षा प्राप्त की और शुरुआत में पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय में वकालत की। उनके कामकाज, स्पष्टवादिता और न्याय के प्रति संवेदनशील दृष्टि ने उन्हें शीघ्र ही एक प्रतिष्ठित वकील और बाद में एक विश्वसनीय न्यायाधीश के रूप में स्थापित कर दिया। राष्ट्रपति द्वारा आज उन्हें मुख्य न्यायाधीश के रूप में नियुक्त किया गया और इसके साथ ही उन्होंने लगभग पंद्रह महीने के अपने कार्यकाल की शुरुआत की, जो 9 फरवरी 2027 को पूरा होगा। यह अवधि भले ही अपेक्षाकृत छोटी है, परन्तु भारत की न्यायपालिका में इस दौरान अनेक महत्वपूर्ण संवैधानिक, सामाजिक और प्रशासनिक मामलों पर निर्णय लिये जाने की संभावना है। जस्टिस सूर्यकांत पहले भी कई महत्वपूर्ण फैसलों का हिस्सा रहे हैं, चाहे वह अनुच्छेद 370 से संबंधित मुद्दे हों, गोपनीयता और निगरानी (पेगासस) जैसे संवेदनशील प्रश्न हों, या फिर सामाजिक न्याय, पर्यावरण और भ्रष्टाचार से जुड़े जटिल मामले हों। उनका दृष्टिकोण संतुलित माना जाता है, जहां कानून की कठोरता है, वहीं मानवीय संवेदना का भी समावेश मिलता है। जस्टिस सूर्यकांत के व्यक्तित्व की जड़ें उनके परिवार और विशेष रूप से उनके पिता श्री मदन गोपाल शास्त्री की शिक्षा में दिखती हैं। शास्त्री जी संस्कृत के अध्यापक थे, लेकिन केवल अध्यापन तक सीमित नहीं थे। वे संस्कृत साहित्य के साथ-साथ हरियाणा की लोक-सांस्कृतिक परंपराओं के भी संरक्षक थे। उनके जीवन का मूल आधार सादगी, स्पष्टवादिता और पारदर्शिता था। परिवार में आपसी सम्मान की परंपरा इतनी गहरी थी कि सभी बच्चों के घरों में माता-पिता के लिए अलग कमरे बनाए गए थे। यह सिर्फ सम्मान का प्रतीक नहीं, बल्कि उन संस्कारों का द्योतक है जिन्हें इस परिवार ने पीढ़ियों से सँभाल कर रखा। इसी पृष्ठभूमि में पले-बढ़े सूर्यकांत के सार्वजनिक जीवन में भी वही विनम्रता और संतुलन दिखाई देता है। शायद यही कारण है कि उनके निर्णयों में व्यवहारिकता का अद्भुत संतुलन देखने को मिलता है। राष्ट्रपति भवन में शपथ ग्रहण समारोह केवल जस्टिस सूर्यकांत का सम्मान नहीं था, बल्कि न्यायपालिका के उस विश्वास का प्रतीक था जो देश की संपूर्ण न्याय व्यवस्था को संचालित करता है। जब वे शपथ ले रहे थे, तो वह क्षण भारतीय संविधान की आत्मा को नए नेतृत्व के सुपुर्द करने जैसा था। यह नेतृत्व अनुभव, संवेदना, श्रम और विनम्रता से निर्मित है। इस नेतृत्व से न्यायपालिका को नई स्थिरता और नई दिशा मिलने की उम्मीद स्वाभाविक है।भारत जैसे विविधता वाले देश में न्यायपालिका का नेतृत्व केवल कानूनी क्षमता पर आधारित नहीं होता, बल्कि उसकी नैतिक और सामाजिक समझ भी उतनी ही महत्वपूर्ण होती है। जस्टिस सूर्यकांत का जीवन हमें यह संदेश देता है कि महान ऊँचाइयों तक पहुंचने के लिए केवल ज्ञान ही नहीं, बल्कि संस्कार, संकल्प और सादगी भी उतनी ही ज़रूरी हैं। उनके कार्यकाल से इस बात की उम्मीद की जाती है कि वे न्यायपालिका में पारदर्शिता, त्वरित न्याय और संवैधानिक मूल्यों को और सुदृढ़ करेंगे। उनका सफर एक अत्यंत साधारण परिवेश से शुरू हुआ था, लेकिन इस सफर की ऊँचाई अत्यंत असाधारण है और यही उस भारतीय लोकतंत्र की सुंदरता है जिसमें हर नागरिक को अपने प्रयासों, मूल्यों और सपनों के आधार पर सर्वोच्च स्थान तक पहुंचने का अवसर मिलता है। जस्टिस सूर्यकांत की यह यात्रा केवल उनका व्यक्तिगत गौरव नहीं, बल्कि भारतीय न्यायपालिका और भारतीय समाज दोनों की सामूहिक उपलब्धि है। जबकि उनके शपथ ग्रहण समारोह में उपस्थित रहना मेरे लिए स्वयं किसी बड़ी उपलब्धि जैसा है।

(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# असंयम लक्ष्य विमुख कर देता हैं



संकलित
**दर्शन**

भगवान श्रीराम हर पल आत्मस्थिति में रहे। वे तनिक भी असंयमित नहीं हुए। असंयम लक्ष्य विमुख कर देता है। जब हम किसी से प्रतिस्पर्धा का भाव रखते हैं, तब उस व्यक्ति के गुण और उसके कार्यों को हम किसी और ढंग से देखते हैं। उसी व्यक्ति से जब हमारा राग होता है, तो हम उसके हर कार्य में श्रेष्ठता ही देखते हैं। द्वेष होने पर हम न्यूनता और दोषों को ही खोजते हैं। आसक्ति होने पर उसके प्रति हम अपना सर्वस्व न्योछावर करने में भी तनिक संकोच नहीं करते हैं। हमारी यह इंद्रधनुषीय दृष्टि और वृत्ति जब किसी पद और अधिकार प्राप्त व्यक्ति के साथ जुड़ जाती हैं, तब वह व्यक्ति विकार को और भी विकृत कर उसे व्यापक बना देता है, तब उस मनःस्थिति में निर्णय देने, सामाजिक व्यवहार करने में वह अपने अधिकारों का दुरुपयोग करता हुआ स्वयं और समाज को गर्त में डाल देता है। रीरामचरितमानस में गुरु वशिष्ठ ने श्रीभरत के अंदर तब इस त्रिपुटी की प्रधानता स्वीकारी, जब श्रीभरत भगवान की पादुकाओं को अपने सिर पर लेकर आए और गुरुदेव वशिष्ठ से पूछा कि यदि आपका मंगलाशासन हो तो मैं पादुका रूप प्रभु को नंदीग्राम जाकर सिंहासनासीन कर वहीं से राज्य का कार्य संभाल लूंगा? तब गुरुदेव ने मानो भरत से यही कहा कि समुझव (समझ) के रूप में तुम्हारे अंदर विधायिका के गुण हैं, कहब (कथन) के रूप में न्यायपालिका के गुण हैं और करब (करनी) के रूप में कार्यपालिका के गुण हैं। भरत ऐसे भक्त हैं, जिन्होंने अपनी समझ, कथन, और करनी का योग भगवान के चरणों में अर्पित कर दिया।

# कर्म महत्वपूर्ण है



संकलित
**प्रेरणा**

एक निक्कमे आदमी की पत्नी ने उसे घर से निकलते हुए कहा आज कुछ न कुछ कमा कर ही लौटना नहीं तो घर में नहीं घुसने दूगीं। आदमी दिन भर इधर-उधर भटकता रहा, लेकिन उसे कुछ काम नहीं मिला। निराश मन से वह जा रहा थी कि उसकी नजर एक मरे हुए सांप पर पड़ी। उसने एक लाठी पर सांप को लटकाया और घर की और जाते हुए सोचने लगा, इसे देखकर पत्नी डर जाएगी और आगे से काम पर जाने के लिए नहीं कहेगीं। घर जाकर उसने सांप को पत्नी को दिखाते हुए कहा, ये कमाकर लाया हूँ। पत्नी ने लाठी को पकड़ा और सांप को घर की छत पर फेंक दिया।वह सोचने लगी कि मेरे पति की पहली कमाई जो कि एक मरे हुए सांप के रूप में मिली, ईश्वर जरुर इसका फल हमें देगें क्योंकि मैंने सुना हैं कि कर्म का महत्व होता हैं। वह कभी व्यर्थ नहीं जाता। तभी एक बाज़ उधर से उड़ते हुए निकला जिसने चोंच में एक कीमती हार दबा रखा था। बाज़ की नजर छत पर पड़े हुए सांप पर पड़ी उसने हार को वहीं छोड़ा और सांप को लेकर उड़ गया। पत्नी ने हार को पति को दिखाते हुए सारी बात बताई। पति अब कर्म के महत्व को समझ चुका था, उसने हार को बेचकर अपना व्यवसाय शुरू किया। कल का एक गरीब इन्सान आज का सफल व्यवसायी बनकर इज्जत की जिंदगी जी रहा हैं। चलने वाला मंजिल पाता, बैठा पीछे रहता हैं, ठहरा पानी सड़ने लगता, बहता निर्मल रहता हैं। पैर मिले हैं चलने को तो, पांव पसारे मत बैठो आगे-आगे चलना हैं तो, हिम्मत हारे मत बैठो।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### आतंक पर निर्णायक सख्ती जरूरी

भारत एक ऐसे दौर से गुजर रहा है, जहां आतंकवाद का स्वरूप बदलकर और भी जटिल और खतरनाक हो चुका है। राजधानी दिल्ली से लेकर देश के विभिन्न शहरों में हाल की घटनाएं केवल हिंसक वारदातें नहीं, बल्कि यह चेतावनी हैं कि हमारी सुरक्षा संरचनाओं में अभी भी जितनी मजबूती और तत्परता होनी चाहिए, वह नहीं है। हर विस्फोट केवल एक दुर्घटना नहीं, बल्कि यह प्रश्न भी है कि एक उभरती वैश्विक शक्ति के रूप में भारत क्या अपनी आंतरिक सुरक्षा को उसी गंभीरता से देख रहा है, जैसी दुनिया के विकसित राष्ट्र देखते हैं? अमेरिका ने 9/11 की भयावहता के बाद आतंकवाद को गंभीर खतरे के रूप में लिया। भारत को भी अब उसी स्तर की संवेदनशीलता और निर्णायकता की आवश्यकता है।

*-प्रवीण साहू, बिलासपुर*

## करंट अफेयर

# कनाडा नागरिकता कानून में जल्द करेगा संशोधन

कनाडा ने वंश-आधारित नागरिकता कानून को आधुनिक बनाने की दिशा में एक कदम आगे बढ़ाया है। इस अधिनियम में संशोधन करने वाले विधेयक को शाही मंजूरी मिल गई है। इस कदम से का असर भारतीय मूल के हजारों परिवारों पर पड़ने की संभावना है। कनाडा सरकार द्वारा शुक्रवार को जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि नागरिकता अधिनियम (2025) में संशोधन करने वाले विधेयक सी-3 को शाही स्वीकृति मिल गई है। इसमें कहा गया कि यह नागरिकता अधिनियम को और अधिक समावेशी बनाने और कनाडाई नागरिकता के मूल्य को बनाए रखने की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। समाचार विज्ञप्ति में कहा गया है, नए कानून के लागू होते ही, उन सभी लोगों को कनाडाई नागरिकता प्रदान की जाएगी, जो विधेयक के प्रभाव में आने से पहले पैदा हुए हैं और जो प्रथम-पीढ़ी की सीमा या पिछले कानूनों के पुराने प्रावधानों के कारण नागरिक नहीं बन पाए थे। कनाडाई वंशानुक्रम से नागरिकता पर पहली-पीढ़ी की सीमा वर्ष 2009 में लागू की गई थी। इसका अर्थ है कि यदि कोई बच्चा कनाडा के बाहर पैदा हुआ या गोद लिया गया है, तो वह वंशानुक्रम से कनाडाई नागरिक नहीं माना जाएगा, यदि उसके कनाडाई माता-पिता भी कनाडा के बाहर ही पैदा हुए हों या गोद लिए गए हों।




## ऑफ बीट

# मातृत्व महिलाओं के खर्च करने का तरीका बदल देता हैं

हमें काफी लंबे समय से ये मालूम हैं कि मातृत्व के चलते महिलाओं को न केवल अपनी आय, पदोन्नति और करियर में तरक्की से हाथ धोना पड़ रहा है बल्कि वे खामोशी के साथ अपनी जमा पूंजी भी खर्च कर रही हैं, रोज़मर्रा के खर्चों का बोझ उठा रही हैं और वित्तीय त्याग भी कर रही हैं, जिससे उन्हें दीर्घकालिक नुकसान हो रहा है। महिलाओं की आय पर मातृत्व के प्रभाव के बारे में हम पहले से ही जानते हैं। स्टैटिस्टिक्स कनाडा द्वारा 2015 में किए गए एक अध्ययन से पता चलता है कि पिता के प्रत्येक डॉलर के मुकाबले माताएं 85 सेंट कमाती हैं। अपने पहले बच्चे के जन्म के दस साल बाद भी, माताओं की कमाई बच्चों के बिना होने वाली कमाई से लगभग 34.3 प्रतिशत कम है। लेकिन हमारे अध्ययन से यह भी पता चलता है कि मातृत्व के साथ ही महिलाओं का धन के साथ संबंध बदल जाता है और बच्चे होने से उनके वित्तीय निर्णय और खर्च करने की आदतें बदल जाती हैं। अध्ययन में शामिल प्रतिभागी अपने व्यक्तिगत वित्त पर चर्चा करते समय दो परस्पर विरोधी आख्यानों का वर्णन करती हैं। एक ओर, वे मातृत्व को वित्तीय परियोजना के रूप में देखती हैं जिसे उन्हें बजट और लागत-लाभ के दायरे में स्वतंत्र रूप से प्रबंधित करना होता है।



## ट्रेंड

### युग का अंत



धर्मेंद्र जी का निधन भारतीय सिनेमा के एक युग का अंत है। वे एक प्रतिष्ठित फिल्मी हस्ती, एक अद्भुत अभिनेता थे जिन्होंने अपनी हर भूमिका में आकर्षण और गहराई भर दी। जिस तरह से उन्होंने विविध भूमिकाएं निभाईं, उसने अनगिनत लोगों के दिलों को छुआ।

-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### रिश्ता और भी गहरा



कई अन्य लोगों की तरह, मुझे भी धर्मेंद्र जी से तुरंत लगाव हो गया, जिन्होंने अपनी बहुमुखी प्रतिभा से हमारा मनोरंजन किया। जब मैं उनसे मिला तो पर्दे के पीछे का यह रिश्ता और भी गहरा हो गया। उनकी ऊर्जा अविश्वसनीय रूप से प्रभावशाली थी।

-सचिन तेंदुलकर, क्रिकेटर

### जरूर याद आएगा



भारतीय सिनेमा की रोशनी आज मंद पड़ गई है। हम इस दुनिया में धर्मेंद्र जी को मिस करेंगे, लेकिन स्क्रीन पर उनकी चमक हमेशा कायम रहेगी। जब भी दोस्ती के फसाने कहे जाएंगे, 'ये दोस्ती हम नहीं तोड़ेंगे' ज़रूर याद आएगा।

- गौतम अडाणी, उद्योगपति

### उदार हृदय वाले



सबसे दयालु इंसान। धरमजी निस्संदेह भारतीय फिल्म उद्योग के सबसे स्नेही और दयालु व्यक्ति थे। वे अच्छाई की प्रतिमूर्ति थे। उन्हें हीमैन कहा जाता था, लेकिन वे सबसे कोमल और उदार हृदय वाले थे।

- अनुपम खेर, अभिनेता

**हमारा पता**
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 फोन: 9253681019-20
ई-मेल : **haribhoomi@gmail.com**
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

# इटली ने लगातार तीसरी बार जीता डेविस कप, स्पेन को हराकर बादशाहत रखी बरकरार



मैटियो बेरेटिनी

एजेंसी ▶▶| बोलोग्ना

इटली ने यानिक सिनर की अनुपस्थिति के बावजूद स्पेन को हराकर लगातार तीसरी बार डेविस कप का खिताब जीता और इस तरह से इस प्रतिष्ठित टेनिस टूर्नामेंट में अपनी बादशाहत बरकरार रखी। सिनर की अनुपस्थिति में मैटियो बेरेटिनी और फ्लेवियो कोबोली इटली के लिए स्टार रहे।

इन दोनों ने अपने एकल मैच जीतकर इटली को फाइनल में स्पेन पर 2-0 की अजेय बढ़त दिलाई। यह इटली का लगातार तीसरा और कुल चौथा डेविस कप खिताब है। लगातार तीन खिताब जीतने वाला आखिरी देश अमेरिका था, जिसने 1968 से 1972 तक लगातार पांच खिताब जीते थे।

- सिनर की अनुपस्थिति में बेरेटिनी और कोबोली रहे स्टार
- इटली ने क्वार्टर फाइनल में ऑस्ट्रिया और सेमीफाइनल में बेल्जियम को हराया था




### सिनर ने नहीं लिया स्पर्धा में भाग

पिछले दो वर्षों में इटली को डेविस कप का खिताब दिलाने में अहम भूमिका निभाने वाले विश्व में दूसरे नंबर के खिलाड़ी सिनर ने अगले सत्र की तैयारी के लिए इस बार डेविस कप में भाग नहीं लिया। यही नहीं इटली के विश्व में आठवें नंबर के खिलाड़ी लोरेंजो मुसेट्टी भी नहीं खेल रहे थे। इटली को उनकी जरूरत नहीं पड़ी। उसने इस सप्ताह बोलोग्ना के सुपरटेनिस एरेना में अपने तीनों मैच 2-0 से जीते।

### इटली ने पहली बार 1976 में जीता था डेविस कप

इटली ने क्वार्टर फाइनल में ऑस्ट्रिया तथा सेमीफाइनल में बेल्जियम को हराया। स्पेन भी अपने स्टार खिलाड़ी और विश्व में शीर्ष रैंकिंग वाले कार्लोस अल्काराज के बिना खेल रहा था। फाइनल में बेरेटिनी ने पाब्लो कैरेनो बुस्टा को 6-3, 6-4 से हराया। उसके बाद कोबोली ने जौम मुनार को 1-6, 7-6 (5), 7-5 से हराकर इटली की जीत सुनिश्चित की। इटली ने पहली बार 1976 में डेविस कप जीता था। उसके बाद उसने 2023 और 2024 में मलागा में खिताब जीता था। यह पहली बार है जब उसने अपनी धरती पर जीत हासिल की है। छह बार का चैंपियन स्पेन 2019 के बाद पहली बार खिताबी मुकाबले में खेल रहा था।

### डेविस कप की मेजबानी के इच्छुक दिल्ली, कर्नाटक

**नई दिल्ली।** भारत अगले साल फरवरी में नीदरलैंड के खिलाफ डेविस कप क्वालीफायर की मेजबानी करेगा और यह मुकाबला हार्डकोर्ट पर ही होने की संभावना है क्योंकि दिल्ली और कर्नाटक दोनों ने मैचों की मेजबानी की इच्छा जताई है। भारत ने सितंबर में विश्व ग्रुप वन में स्विटजरलैंड को 3-1 से हराकर क्वालीफायर में प्रवेश किया। वहीं डच टीम को क्वालीफायर के दूसरे दौर में अर्जेंटीना ने इसी अंतर से मात दी। क्वालीफायर का पहला दौर छह या सात फरवरी या सात और आठ फरवरी को होगा। ड्रॉ रविवार की शाम को निकाले गए। पिछली बार दोनों टीमों का सामना 2003 में हुआ था जब नीदरलैंड ने भारत को 5- 0 से मात दी थी।

## खबर संक्षेप



### पाकिस्तान ने जिम्बाब्वे को हराया, तारिक ने लगाई हैट्रिक

**रावलपिंडी।** रहस्यमयी स्पिनर उस्मान तारिक की हैट्रिक की बदौलत पाकिस्तान ने जिम्बाब्वे को 69 रन से हराकर टी20 त्रिकोणीय श्रृंखला के फाइनल में प्रवेश कर लिया। तारिक ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 18 रन देकर चार विकेट लिए, जिससे ज़िम्बाब्वे 19 ओवर में 126 रन पर आउट हो गया। पाकिस्तान की यह टूर्नामेंट में लगातार तीसरी जीत है। टूर्नामेंट की तीसरी टीम श्रीलंका है। जिम्बाब्वे के लिए रयान बर्ल ने 49 गेंदों पर नाबाद 67 रन बनाए। उन्होंने रिचर्ड नगारवा (05) के साथ आखिरी विकेट के लिए 44 रन की साझेदारी की। इससे पहले बाबर आजम (74) और साहिबजादा फरहान (63) के अर्धशतकों की बदौलत पाकिस्तान ने 20 ओवरों में पांच विकेट पर 195 रन बनाए। फखर जमां ने आखिरी क्षणों में 10 गेंदों पर नाबाद 27 रन की पारी खेली।

**गुवाहाटी टेस्ट : भारतीय बल्लेबाजों का गैर जिम्मेदाराना रवैया, पहली पारी 201 रन पर सिमटी**

# भारत को क्लीन स्वीप का खतरा, यानसन का कहर, दक्षिण अफ्रीका के पास 314 रन की लीड

एजेंसी ▶▶| गुवाहाटी

कप्तान ऋषभ पंत सहित प्रमुख बल्लेबाजों के गैर जिम्मेदाराना रवैए से अपने विकेट इनाम में देने के कारण भारतीय टीम सोमवार को अपनी पहली पारी में 201 रन पर सिमट गई, जिससे दक्षिण अफ्रीका ने दूसरे और अंतिम टेस्ट मैच में मजबूत शिकंजा कसकर श्रृंखला में क्लीन स्वीप करने की तरफ मजबूत कदम बढ़ाए। अपनी पहली पारी में 489 रन बनाने वाले दक्षिण अफ्रीका ने पहली पारी में 288 रन की बढ़त हासिल की। उसने भारत को फॉलोऑन देने की बजाय दूसरी पारी में बल्लेबाजी करना उचित समझा। उसने तीसरे दिन का खेल समाप्त होने तक अपनी दूसरी पारी में बिना किसी नुकसान के 26 रन बनाए हैं और उसकी कुल बढ़त 314 रन की हो गई है। खराब रोशनी के कारण जब तीसरे दिन का खेल समाप्त घोषित किया गया तब एडेन मार्क्रम 12 और रयान रिकलेटन 13 रन पर खेल रहे थे।

### 10 साल बाद हुआ बड़ा कारनामा

मार्को यानसन 19.5 ओवर में 48 रन देकर भारत के 6 बल्लेबाजों का शिकार किया। इसके साथ ही यानसन ने भारतीय सरजमीं पर बड़ा कारनामा कर दिखाया। यानसन भारत की धरती पर टेस्ट क्रिकेट में 5 या उससे ज्यादा विकेट चटकाने वाले महज चौथे साउथ अफ्रीकी तेज गेंदबाज बन गए हैं। यही नहीं, 10 साल बाद भारत में कोई साउथ अफ्रीकी तेज गेंदबाज 5 विकेट टेस्ट में हासिल करने में कामयाब हुआ है। इससे पहले लांस क्लूसनर (1996), डेल स्टेन (2008, 2010) और काइल एबॉट (2015) ने यह बड़ा कारनामा किया था।



### सुंदर -कुलदीप ने जोड़े 8वें विकेट के लिए 72 रन

भारतीय बल्लेबाजों को अपने निचले क्रम के बल्लेबाज वाशिंगटन सुंदर (92 गेंद पर 48 रन) और कुलदीप यादव (134 गेंद पर 19 रन) से सीख लेनी चाहिए, जिन्होंने सात विकेट 122 रन पर गिरने के बाद आठवें विकेट के लिए 72 रन जोड़े। उनकी साझेदारी टूटने के बाद भारतीय पारी सिमटने में देर नहीं लगी। यशस्वी जायसवाल (97 गेंदों में 58 रन) ने स्ट्रोक्स से भरपूर अर्धशतक जड़ा, लेकिन हार्मर की एक गेंद ने अचानक उछाल लिया, जिस पर वह गच्चा खा गए और यानसन को कैच दे बैठे। केएल राहुल (22) आउट होने वाले पहले बल्लेबाज थे। वह भी जायसवाल के साथ 65 रन की साझेदारी के दौरान अच्छी बल्लेबाजी कर रहे थे।

### यानसन ने लिए 6 विकेट

दक्षिण अफ्रीका की तरफ से मार्को यानसन सबसे सफल गेंदबाज रहे। दक्षिण अफ्रीका की पहली पारी में 93 रन बनाने वाले इस तेज गेंदबाज ने 48 रन देकर 6 विकेट लिए। उन्होंने अपने लंबे कद का अच्छा फायदा उठाकर भारतीय बल्लेबाजों को अपनी शॉर्ट पिच गेंदों से निशाना बनाया।

### स्कोर बोर्ड

**दक्षिण अफ्रीका पहली पारी: 489**

| भारत पहली पारी | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| जायसवाल का यानसेन बो हार्मर | 58 | 97 | 7 | 1 |
| राहुल का मारक्रम बो महाराज | 22 | 63 | 2 | 0 |
| सुदर्शन का रिकेल्टन बो हार्मर | 15 | 40 | 2 | 0 |
| जुरेल का महाराज बो यानसेन | 00 | 11 | 0 | 0 |
| पंत का वेरेनबो यानसेन | 07 | 8 | 0 | 1 |
| जडेजा का मारक्रम बो यानसेन | 06 | 18 | 0 | 0 |
| रेड्डी का मारक्रम बो यानसेन | 10 | 18 | 1 | 0 |
| सुंदर का मारक्रम बो हार्मर | 48 | 92 | 2 | 1 |
| यादव का मारक्रम बो यानसेन | 19 | 134 | 3 | 0 |
| बुमराह का वेरेन बो यानसेन | 05 | 25 | 1 | 0 |
| सिराज नाबाद | 02 | 6 | 0 | 0 |

अतिरिक्त: 09, कुल : 83.5 ओवर में 201/10 रन
**गेंदबाजी :** यानसेन 19.5-5-48-6, मुल्डर 10-5-14-0, महाराज 15-1-39-1, हार्मर 27-6-64-3, मारक्रम 10-1-26-0, मुथुसामी 2-0-2-0

| दक्षिण अफ्रीका दूसरी पारी | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| रेयान रिकेल्टन नाबाद | 13 | 25 | 1 | 0 |
| मारक्रम नाबाद | 12 | 23 | 2 | 0 |

अतिरिक्त: 01, कुल : आठ ओवर में 26 रन
गेंदबाजी: बुमराह 3-0-13-0, सिराज 3-1-8-0, जडेजा 1-0-2-0, कुलदीप 1-0-2-0.

**बधिर ओलंपिक**

### प्रांजलि का शानदार प्रदर्शन, जीता दूसरा गोल्ड मेडल, टॉप-5 में भारत

**टोकियो।** भारतीय निशानेबाज प्रांजलि प्रशांत धूमल ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता, जो डेफलिम्पिक्स (बधिर ओलंपिक) में उनका तीसरा पदक है। इससे पहले उन्होंने अभिनव देशवाल के साथ मिश्रित पिस्टल स्पर्धा में स्वर्ण और महिला एयर पिस्टल में रजत पदक जीता था।



महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा में यूक्रेन की मोसिना हालिना ने रजत और कोरिया की जियोन जिवोन ने कांस्य पदक जीता। भारत की एक अन्य खिलाड़ी और महिलाओं की एयर पिस्टल स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतने वाली अनुया प्रसाद चौथे स्थान पर रहीं। प्रांजलि ने 600 में से 573 अंक के नए क्वालीफिकेशन विश्व रिकॉर्ड के साथ फाइनल में प्रवेश किया था। उन्होंने पिछले वर्ष जर्मनी में विश्व बधिर निशानेबाजी चैंपियनशिप में बनाए गए अपने ही रिकॉर्ड में सुधार किया। अनुया प्रसाद क्वालीफिकेशन में 569 स्कोर के साथ दूसरे स्थान पर रहीं।

### भारतीय निशानेबाजों ने जीते प्रतियोगिता में 16 पदक

प्रांजलि ने फाइनल में 34 अंक बनाए, जो मोसिना से दो अंक ज़्यादा थे, जिन्होंने रजत पदक जीता। जियोन ने 30 अंक के साथ कांस्य पदक जीता। उन्होंने शूटआउट में भारत की अनुया प्रसाद को हराया। रविवार को अभिनव देशवाल ने पुरुषों की 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता था जो बधिर ओलंपिक की निशानेबाजी प्रतियोगिता में भारत का 15वां पदक था।






## खबर संक्षेप

### पेशावर में धमाका 3 जवानों की मौत

**कराची।** पाकिस्तान के पेशावर में एक बड़ा धमाका हुआ है। यह धमाका पाकिस्तानी सेना के ठिकाने के पास हुआ,



जिसे आत्मघाती हमलावर के जरिये अंजाम दिया गया. एक सुसाइड बॉम्बर ने गेट पर खुद को उड़ा लिया, जिसके बाद फायरिंग की आवाजें भी सुनी गई हैं। फिलहाल इस हमले की जिम्मेदारी किसी ने नहीं ली है। पाकिस्तान में आतंकी हमलों की घटनाएं बढ़ती जा रही हैं, हमले की की जिम्मेदारी किसी ने नहीं ली है लेकिन हमले में 3 जवानों और 2 हमलावरों की मौत हुई है।

### यूके के पूर्व पीएम डेविड प्रोस्टेट कैंसर के शिकार

**नई दिल्ली।** यूनाइटेड किंगडम (यूके) के पूर्व प्रधानमंत्री डेविड कैमरन प्रोस्टेट कैंसर का शिकार हो गए हैं और उनका इलाज चल रहा है। स्थानीय मीडिया से बातचीत के दौरान उन्होंने ये जानकारी साझा की है। पूर्व प्रधानमंत्री ने बताया कि हाल ही में उन्होंने प्रोस्टेट-स्पेसिफिक एंटीजन (पीएसए) टेस्ट करवाया था, जिसमें बीमारी के प्रकार से जुड़े प्रोटीन की जांच की जाती है। इस रिपोर्ट में उन्हें प्रोस्टेट कैंसर के बारे में जानकारी मिली।

### नेपाल में 4.0 तीव्रता का हल्का भूकंप

**काठमांडू।** नेपाल के गंडकी प्रांत के कास्की जिले में रविवार शाम 4.0 तीव्रता का हल्का भूकंप महसूस किया गया। राष्ट्रीय भूकंप निगरानी एवं अनुसंधान केंद्र के अनुसार, भूकंप का केंद्र अन्नपूर्णा-2 पर्वत क्षेत्र के पास था। शाम 5:17 बजे आए इस झटके को आसपास के बालुंग, लामजुंग और स्यांगजा जिलों में भी महसूस किया गया। राहत की बात यह है कि किसी तरह के नुकसान की खबर नहीं है।

## वार्ता का मुख्य उद्देश्य सीमा शुल्क की प्रक्रियाओं को आसान बनाना

# भारत-इजराइल के बीच एफटीए वार्ता फिर शुरू हुई, जीटीआरआई ने कहा- व्यापार नहीं, दोनों देशों के रणनीतिक साझेदारी है मुख्य लाभ

जीटीआरआई की रिपोर्ट के अनुसार भारत-इजराइल के बीच चल रहे एफटीए वार्ता का मुख्य फोकस रणनीतिक रिश्तों को मजबूत करना होगा। दोनों देशों के बाजार छोटे हैं और उनकी मांग भी सीमित है। इसलिए अगर एफटीए पूरा हो भी जाता है, तो सामानों के व्यापार में बहुत बड़ी बढ़ोतरी की उम्मीद नहीं है।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत-इजराइल के बीच चल रहे एफटीए वार्ता का सबसे बड़ा फायदा माल-व्यापार को नहीं, बल्कि दोनों देशों के रणनीतिक रिश्तों को मजबूत करने में होगा। ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) ने अपने रिपोर्ट में यह दावा किया है। गोयल ने कहा कि भारत और कनाडा अपनी-अपनी क्षमताओं का इस्तेमाल कर व्यवसाय और निवेश के क्षेत्र में फोर्स मल्टीप्लायर बन सकते हैं।

- माल और सेवाओं के व्यापार में बाजार पहुंच
- शुल्क और गैर-शुल्क बाधाओं को हटाना
- निवेश के क्षेत्र में फोर्स मल्टीप्लायर बन सकते है



### दोनों देशों के बाजार में है सीमित मांग

जीटीआरआई के मुताबिक, दोनों देशों के बाजार छोटे हैं और उनकी मांग भी सीमित है। इसलिए अगर एफटीए पूरा हो भी जाता है, तो सामानों के व्यापार में बहुत बड़ी बढ़ोतरी की उम्मीद नहीं है। संस्था ने अपनी रिपोर्ट में लिखा कि दोनों देशों के लिए यह समझौता असल में रणनीतिक सहयोग बढ़ाने का मौका है। एफटीए के बाद भी सामानों के व्यापार में तेज बढ़ोतरी होना मुश्किल है। इजराइल, एक उच्च आय और प्रौद्योगिकी-संचालित अर्थव्यवस्था है। इसकी जनसंख्या 10 मिलियन से भी कम है। यह देश भारत के कपड़ा, ऑटोमोबाइल और सामान्य इंजीनियरिंग वस्तुओं जैसे बड़े पैमाने पर निर्यात के लिए सीमित संभावनाएं प्रदान करता है। जीटीआरआई का कहना है कि कृषि, जेनेरिक दवाइयां, इस्पात और रसायन जैसे क्षेत्रों में भारत प्रतिस्पर्धी है, लेकिन इसजराइल या तो आत्मनिर्भर है, सख्त गुणवत्ता और पादप स्वच्छता मानकों का पालन करता है। या पहले से ही यूरोपीय संघ और अमेरिका जैसे प्रमुख साझेदारों को टैरिफ वरीयता प्रदान करता है, जिससे भारतीय निर्यातक नुकसान में हैं। परिणामस्वरूप, द्विपक्षीय व्यापार हीरे, चावल और सिरेमिक टाइलों जैसे विशिष्ट क्षेत्रों पर ही निर्भर है।

### भारत-इजराइल के आर्थिक संबंधों को गहरे करने के नए प्रयास

भारत ने इजराइल के साथ आर्थिक संबंधों को गहरा करने के लिए एक नए प्रयास की शुरुआत की है। इसके तहत उसने लंबे समय से लंबित मुक्त व्यापार समझौते के लिए वार्ता को पुनर्जीवित किया है। यह वार्ता पहली बार शुरू होने के एक दशक से भी अधिक समय बाद हुई है। नई दिल्ली और यरुशलम ने 2010 में एफटीए पर चर्चा शुरू की, 2012-13 तक कई दौर की बातचीत की, और फिर 2014 के बाद संवेदनशील उत्पादों के लिए टैरिफ, मानकों और बाजार पहुंच पर मतभेदों के बीच इस प्रक्रिया को स्थगित कर दिया। 2024-25 में कई उच्च-स्तरीय आदान-प्रदान के बाद, दोनों सरकारों ने अब बातचीत फिर से शुरू करने के लिए नए संदर्भ-बिंदुओं को अंतिम रूप दिया है।

### बीईएल, सेफ्रॉन इलेक्ट्रॉनिक्स और डिफेंस इंक ने किए समझौते पर हस्ताक्षर

## देश में होगा हैमर मिसाइल का उत्पादन, रक्षा मंत्रालय में हुआ समझौता



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

ऑपरेशन सिंदूर के बाद से भारत-पाकिस्तान के मध्य बने हुए तनावपूर्ण हालात के बीच सोमवार को एक अच्छी खबर सामने आई है। जिसमें यह जानकारी मिली है कि अब देश के अंदर हवा से जमीन पर मार करने में सक्षम हैमर मिसाइल (बढ़ी हुई रेंज के साथ) का उत्पादन होगा। रक्षा मंत्रालय में इसे लेकर एक महत्वपूर्ण समझौते पर हस्ताक्षर किए गए हैं। जिसमें बीईएल, सेफ्रॉन इलेक्ट्रॉनिक्स और डिफेंस इंक के प्रतिनिधि शामिल हुए। तीनों के बीच इस संयुक्त उपक्रम सहयोग समझौते (जेवीसीए) को अमलीजामा पहनाया गया है। मंत्रालय ने बताया कि यह समझौता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मेक-इन-इंडिया और आत्मनिर्भर भारत अभियान को लगातार बढ़ावा देने के विजन का परिणाम है। कार्यक्रम में बीईएल के सीएमडी मनोज जैन, एसईडी के वरिष्ठ कार्यकारी उपाध्यक्ष ए. जेगलर, सेफ्रॉन के सीईओ ओलिवियर एंड्राईस और मंत्रालय में रक्षा उत्पादन सचिव संजीव कुमार शामिल हुए। वर्तमान में राफेल और तेजस जैसे वायुसेना के लड़ाकू विमान हैमर मिसाइल से लैस हैं। राफेल का इस्तेमाल इस साल 7 से 10 मई के दौरान पाकिस्तान और उसके समर्थन से चल रहे आतंकी अड्डों को नेस्तनाबूद करने के लिए किए गए भारत के सैन्य अभियान के दौरान वायुसेना ने किया था।

## छग को खाद्य प्रसंस्करण के क्षेत्र में 'नई उम्मीद'

**नई दिल्ली (हरिभूमि ब्यूरो)।** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सोमवार को केंद्रीय खाद्य एवं उपभोक्ता मामलों के मंत्री चिराग पासवान से उनके कार्यालय में सौजन्य मुलाकात की। जिसमें छत्तीसगढ़ से जुड़े कई जनहित विषयों पर चर्चा हुई। मुख्यमंत्री ने विशेष रूप से राज्य में खाद्य सुरक्षा, कृषि आधारित उद्योग, और फूड प्रोसेसिंग सेक्टर से जुड़े मुद्दों पर ध्यान आकर्षित किया।

साय ने की केंद्रीय मंत्री चिराग से मुलाकात



### निफ्टेम की हो छग में स्थापना

मुख्यमंत्री ने मंत्री से अनुरोध किया कि निफ्टेम (नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ़ फ़ूड टेक्नोलॉजी एंटरप्रेन्योरशिप एंड मैनेजमेंट) संस्थान छत्तीसगढ़ में स्थापित की जाए ताकि राज्य के युवाओं को आधुनिक खाद्य तकनीक, उद्यमिता और नए रोजगार से जुड़े प्रशिक्षण मिल सकें। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ कृषि की दृष्टि से एक मजबूत राज्य है और यहां ऐसे संस्थान से हजारों छात्रों तथा किसानों को सीधा लाभ मिलेगा।

## कुरुक्षेत्र के ब्रह्मसरोवर पावन तट पर पांच दिसंबर तक चलेगा अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

मंत्रोच्चारण और शंखनाद की गुंजायमान ध्वनि के बीच सोमवार को कुरुक्षेत्र में अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव -2025 में पवित्र ग्रंथ गीता का पूजन किया गया। पवित्र ग्रंथ गीता के महापूजन तथा गीता के श्लोकों के उच्चारण के बीच कुरुक्षेत्र के अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव-2025 का शुभारंभ हुआ। इसके साथ ही ब्रह्मसरोवर के चारों तरफ पवित्र ग्रंथ गीता के श्लोकोच्चारण से समस्त वातावरण गीतामय हो उठा। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह के कुरुक्षेत्र पहुंचने पर मुख्यमंत्री नायब यिंह सैनी ने उनका स्वागत किया।



मंत्रोच्चारण और शंखनाद के बीच कुरुक्षेत्र में अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव का हुआ शुभारंभ

### अर्जुन को दिया कर्मयोग का दिव्य संदेश : राजनाथ

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, कैबिनेट मंत्री अनिल विज, कैबिनेट मंत्री कृष्ण कुमार बेदी, गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज, कुरुक्षेत्र लोकसक्षा क्षेत्र के सांसद नवीन जिंदल, पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने गीता यज्ञ में पूर्ण आहुति डाली और ब्रह्मसरोवर का पूजन किया।

### गीता व्यावहारिक जीवन में भी उपयोगी

कैबिनेट मंत्री अनिल विज ने कहा कि गीता केवल दार्शनिक एवं आध्यात्मिक दृष्टि से ही महत्वपूर्ण नहीं है, बल्कि इसकी व्यावहारिक जीवन में भी उपयोगिता है। यह ज्ञान-विज्ञान का अनूठा उदाहरण है, यहीं कारण है कि गीता भारतीयों को ही नहीं बल्कि विदेशियों को भी प्रिय है। पिछले 9 वर्षों से महोत्सव को अपार सफलता और लोकप्रियता मिली, वर्ष 2019 में यह महोत्सव देश से बाहर मॉरीशस, लंदन, कनाडा, आस्ट्रेलिया एवं श्रीलंका आदि देशों में भी मनाया गया। कैबिनेट मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने कहा इस महोत्सव में हर साल लाखों की संख्या में लोग शिरकत करते है और इस महोत्सव का आनंद लेते है। महोत्सव 5 दिसंबर तक जारी रहेगा। अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव को लेकर पूरे प्रदेश में कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।

## जस्टिस सूर्यकांत बने 53वें सीजेआई, हिंदी में ली शपथ

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने दिलाई शपथ, गवई को लगाया गले

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

जस्टिस सूर्यकांत ने सोमवार को देश के 53वें मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) के रूप में शपथ ली। राष्ट्रपति भवन में हुए समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने उन्हें पद की शपथ दिलाई। इसके बाद उन्होंने वहां मौजूद बहन और बड़े भाई के पैर छुए। इस कार्यक्रम में उनके परिवार के लोग भी शामिल हुए।

शपथ के बाद सीजेआई सूर्यकांत ने प्रधानमंत्री मोदी समेत अन्य लोगों से मुलाकात की। वे पूर्व सीजेआई बीआर गवई से गले मिले।



### एक छोटे शहर के वकील से सर्वोच्च पद पर पहुंचे

हरियाणा के हिसार जिले में 10 फरवरी, 1962 को मध्यमवर्गीय परिवार में जन्मे न्यायमूर्ति सूर्यकांत एक छोटे शहर के वकील से देश के सर्वोच्च न्यायिक पद तक पहुंचे हैं। वह राष्ट्रीय महत्व और संवैधानिक मामलों के कई फैसलों और आदेशों का हिस्सा रहे। उन्हें कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय से कानून में स्नातकोत्तर में 'प्रथम श्रेणी में प्रथम' स्थान प्राप्त करने का गौरव भी प्राप्त है। पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय में कई उल्लेखनीय फैसले देने वाले सूर्यकांत अपने दृढ निश्चय के दम पर शीर्ष पद पर पहुंचे हैं। इस समारोह में ब्राजील समेत सात देशों के मुख्य न्यायाधीश और सुप्रीम कोर्ट के जज भी राष्ट्रपति भवन पहुंचे। भारतीय न्यायपालिका के इतिहास में पहली बार किसी सीजेआई के शपथ ग्रहण में इतने बड़े अंतरराष्ट्रीय न्यायिक प्रतिनिधिमंडल की मौजूदगी रही। समारोह में भूटान, केन्या, मलेशिया, मॉरिशस, नेपाल और श्रीलंका के मुख्य न्यायाधीश और उनके परिवार के सदस्य भी पहुंचे।

## छत्तीसगढ़ 'इन्वेस्टर कनेक्ट' आज

### बस्तर में क्रिएटिव आइडिया के साथ रोजगार सृजन करने वालों का होगा स्वागत

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय छत्तीसगढ़ 'इन्वेस्टर कनेक्ट' में आज स्थानीय पाँच सितारा होटल में निवेशकों के साथ सीधा संवाद कर राज्य में उद्योग स्थापना के नए अवसरों, स्थिर नीति वातावरण और तेजी से विकसित होती औद्योगिक संरचना पर विस्तार से चर्चा करेंगे। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री प्रमुख उद्योग समूहों को 'इनविटेशन टू इन्वेस्ट लेटर' भी सौंपेंगे, जिसमें छत्तीसगढ़ की नई औद्योगिक नीति के प्रावधान, निवेशकों के लिए दी जा रही रियायतें, सिंगल-विंडो सुविधा और उद्योग–अनुकूल सुधारों के बारे में संपूर्ण जानकारी शामिल होगी।

प्रदेश सरकार ने पर्यटन को विकास का प्रमुख स्तंभ बनाने की दिशा में भी महत्वपूर्ण निर्णय लिए हैं। नई औद्योगिक नीति में पर्यटन को उद्योग का दर्जा देकर इस क्षेत्र में निवेश, रोजगार और सामुदायिक सहभागिता को बढ़ावा दिया गया है। इसी नीति परिवर्तन के परिणामस्वरूप स्टील के साथ–साथ पर्यटन उद्योग के निवेशकों को भी राज्य में बेहतर अवसर और सुविधाएँ उपलब्ध होंगी।

सरकार का फोकस विशेष रूप से बस्तर पर है, जहाँ सुरक्षा स्थिति में सुधार के साथ पर्यटन की नई संभावनाएँ खुल रही हैं। सीएम साय ने कहा है कि प्रधानमंत्री और केंद्रीय गृह मंत्री के नेतृत्व में 26 मार्च 2026 तक बस्तर को नक्सलवाद से मुक्त करने का लक्ष्य रखा गया है।

## चारधाम यात्रा का आज होगा समापन



**देहरादून।** बदरीनाथ धाम के कपाट मंगलवार को शीतकाल के लिए बंद कर दिए जाएंगे। इसी के साथ इस वर्ष की चारधाम यात्रा का औपचारिक समापन हो जाएगा। मंगलवार अपराह्न दो बजकर 56 मिनट पर बदरीनाथ धाम के कपाट शीतकाल हेतु बंद कर दिए जाएंगे।

### डोज का काम और ज़िम्मेदारियां, कार्मिक प्रबंधन को सौंपी

# बंद हुआ सरकारी खर्चों को घटाने वाला ट्रंप का डोज विभाग

*अमेरिका में एलन मस्क की लीडरशिप में बनाए गए डिपार्टमेंट ऑफ गवर्नमेंट एफिशिएंसी को बंद कर दिया गया*

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

डोनाल्ड ट्रंप ने दूसरी बार अमेरिका का राष्ट्रपति बनने पर एलन मस्क की लीडरशिप में एक नए विभाग का गठन किया था। इसका नाम डिपार्टमेंट ऑफ गवर्नमेंट एफिशिएंसी रखा गया था। शुरुआत में विवेक रामास्वामी को भी इस डिपार्टमेंट में शामिल किया गया था, लेकिन बाद में उन्होंने इसे छोड़ दिया था। कुछ समय पहले मस्क ने भी इस विभाग को छोड़ दिया था। अब इस डिपार्टमेंट पर बड़ा अपडेट सामने आया है।

**खास बातें**

- मस्क की लीडरशिप में हुआ विभाग का गठन
- 10 माह बाद बंद हुआ डोज विभाग
- कुछ समय पहले मस्क ने विभाग को छोड़ा था

### ट्रंप-मस्क के संबंधों में दरार बनी वजह?



डोज को किस वजह से बंद किया गया, इसका खुलासा नहीं हुआ है। हालांकि इसके बंद होने की वजह ट्रंप और मस्क के संबंधों में आई दरार को माना जा रहा है। इसी वजह से मस्क ने डोज को छोड़ दिया था और इसका कामकाज भी प्रभावित हुआ था। ट्रंप ने भी इस विभाग पर ध्यान देना बंद कर दिया था और अब इसका अंत हो गया है। हालांकि पिछले कुछ समय में ट्रंप और मस्क के संबंधों में सुधार देखने को मिला है।

### ट्रंप ने तय समय से पहले ही बंद किया डोज

ट्रंप ने तय समय से पहले ही डोज को चुपचाप बंद कर दिया है। डिपार्टमेंट ऑफ गवर्नमेंट एफिशिएंसी का गठन जुलाई 2026 तक के लिए किया गया था, लेकिन एक साल से भी कम समय में इसे बंद कर दिया गया। अमेरिका के कार्मिक प्रबंधन कार्यालय के निदेशक स्कॉट कुपोर ने इसकी पुष्टि की है। डोज का काम और जिम्मेदारियाँ, कार्मिक प्रबंधन कार्यालय को सौंप दी गई हैं।

### क्या था डोज का लक्ष्य?

डिपार्टमेंट ऑफ गवर्नमेंट एफिशिएंसी का लक्ष्य सरकारी नौकरशाही को खत्म करना, अतिरिक्त नियमों को कम करना, फिजूल खर्चों में कटौती करना और संघीय एजेंसियों के पुनर्गठन में मदद करना तय किया गया था। मस्क के साथ ही ट्रंप ने भी इन सुधारों को बेहद ज़रूरी बताया था।

### भारत अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेले में छत्तीसगढ़ राज्य दिवस पर सांस्कृतिक संध्या का आयोजन

## देश की राजधानी में छत्तीसगढ़ की लोक संस्कृति का भव्य प्रदर्शन

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

राजधानी दिल्ली के भारत मंडपम में सोमवार को छत्तीसगढ़ की कला, संस्कृति और परंपराओं का अद्भुत संगम देखने को मिला। 44 वें भारत अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेले के तहत आयोजित छत्तीसगढ़ राज्य दिवस पर एम्फी थिएटर में हुई सांस्कृतिक संध्या ने सभी दर्शकों का मन मोह लिया। छत्तीसगढ़ के लोक कलाकारों ने अपनी लोक-नृत्य एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से वातावरण में उत्साह और ऊर्जा भर दी।



कार्यक्रम की शुरुआत छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा दीप प्रज्वलन से हुई। इससे पहले मुख्यमंत्री ने छत्तीसगढ़ पवेलियन का निरीक्षण किया और विभिन्न स्टॉलों में प्रदर्शित कला, हस्तशिल्प और उत्पादों की जानकारी ली। उन्होंने कलाकारों और उद्यमियों की सराहना करते हुए उन्हें प्रोत्साहित किया।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109